सूर्योदय प्रातः 6:15 | सूर्यास्त संध्या 5:49 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. एकादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 24 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 15, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



एक झलक

हिमाचल प्रदेश में भूकम्प के झटके, मंडी में कांपी धरती

शिमला : हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भूकम्प के झटके लगे हैं। रविवार सुबह मंडी जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये, जिससे कुछ देर के लिए लोगों में भय का माहौल बन गया। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गयी और इसका केन्द्र मंडी जिले में 31.48 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.95 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था।
भूकम्प के झटके सुबह 08 बज कर 42 मिनट पर आये और कुछ सेकेंड तक महसूस किये गये। इसका केन्द्र मंडी में जमीन की सतह से 07 किलोमीटर नीचे रहा। हालांकि, इसकी तीव्रता कम होने के कारण जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

यात्रियों से भरी बेकाबू बस दुकान में घुसी, 04 की मौत

कोलकाता : उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां में शनिवार रात तेज रफ्तार बस बेकाबू होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुस गयी, जिससे 04 लोगों की मौके पर मौत हो गयी। इस दुर्घटना में कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गम्भीर बतायी जा रही है।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह बस मालंच से कोलकाता की ओर जा रही थी। घटना बासंती हाईवे के जयगांव इलाके में हुई, जब सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी को टक्कर से बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। बस सीधे एक चाय की दुकान में जा घुसी, जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। दुकान में मौजूद 08 लोग इसकी चपेट में आ गये, जिनमें 04 की मौत हो गयी। जबकि, बस में सवार लोगों सहित कम-से-कम 22 लोग घायल हुए हैं।

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। इस निमित्त डॉ. श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायक गणों की बैठक हुई। इसमें 24 फरवरी से 27 मार्च, 2025 तक आहूत षष्टम झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के मद्देनजर रणनीति निर्धारण को लेकर विचार-विमर्श हुआ।
बजट सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (न्यायालय परिसर को छोड़ कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी।
बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने के आलोक में सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी की गयी है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़ कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीओ ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने या चलने, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, हरवे-हथियार ; जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर निकलन२ या चलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही, किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

■ सत्ता पक्ष के विधायकों संग मुख्यमंत्री ने की रणनीतिक मंत्रणा

■ सुरक्षा के मद्देनजर सत्र के दौरान लागू रहेगी निषेधाज्ञा

■ 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

कुछ नेता हमारे पर्व-परम्परा को गाली देते हैं, विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं : प्रधानमंत्री

एजेंसी

छतरपुर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है। ये हमारे पर्व और परम्पराओं को गाली देते रहते हैं। हिन्दू आस्था से नफरत करनेवाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता में जकड़े ये लोग हमारे मंदिरों, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहे हैं। हमारे समाज को बांटना, उसको तोड़ना इनका एजेंडा है। इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन ; तीनों का आशीर्वाद मिलेगा।
प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम में किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास ; कहा : आस्था का केन्द्र बनने जा रहा आरोग्य केन्द्र

प्रधानमंत्री का आज बिहार दौरा, पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त करेंगे जारी

■ बिहार के लिए 2,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की भी होगी घोषणा

पटना : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही, पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी किसानों के खातों में भेजने के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा करीब 2,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचागत ● शेष पृष्ठ 11 पर

सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। हवाई अड्डा मैदान को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिये गये हैं। सुरक्षा-व्यवस्था की कमान एसपीजी ने सम्भाल ली है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर ट्रैफिक में बड़ा बदलाव किया गया है।

कांग्रेस का अगला अधिवेशन 8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा

नयी दिल्ली : कांग्रेस का अगला अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात राज्य के अहमदाबाद में 08 और 09 अप्रैल को होगा। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के देशभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। माना जा रहा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुहिम तेज करने और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया जायेगा। रविवार को पार्टी ने वक्तव्य जारी कर बताया कि 8 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के साथ अधिवेशन शुरू होगा। इसके बाद 09 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ● शेष पृष्ठ 11 पर

आईजीआई से वन्यजीव तस्करी में तीन गिरफ्तार, दुर्लभ वन्यजीव बरामद

नयी दिल्ली : दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर कस्टम विभाग ने वन्यजीव तस्करी के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा है। यह तीनों भारतीय यात्री बैंकाक से आने वाली फ्लाइट से दुर्लभ वन्यजीव लेकर आईजीआई पर उतरे थे। कस्टम के अधिकारियों ने उनके बैग से विदेशी और दुर्लभ वन्यजीव बरामद किये। कस्मट विभाग के अनुसार बैंकॉक से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट ● शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री के निर्देश पर टनल में फंसे झारखण्डी श्रमिकों की कुशलता की ली जा रही है जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखण्ड सहित अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की सूचना 22 फरवरी 2025 को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने तेलंगाना सरकार से सम्पर्क किया है।
टनल में गुमला के अलावा उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के श्रमिक फंसे हुए हैं। फिलहाल, एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एएलओ नागरकुरनूल से सम्पर्क किया। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम टनल में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अभी तक श्रमिकों से कोई सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका है। टनल के अन्दर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गुमला के विभिन्न बधिमा (पालकोट), कुम्बा टोली (घाघरा), खटंगा-कोबी टोली (रायडीह), और करुंदी (गुमला प्रखंड) निवासी श्रमिकों की पारिवारिक ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ चार श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन, गुमला ने की सत्यापित

सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने में जुटी सेना व एनडीआरएफ

हैदराबाद : तेलंगाना के नागरकुरनूल में अमराबाद मंडल के डोमलपेंटा गांव के पास श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए अब सेना को बुलाया गया है। इस रेस्क्यू में एनडीआरएफ, राज्य आपदा और खदान विभाग के कर्मी भी सहयोग कर रहे हैं। सुरंग के अन्दर भरे पानी को निकालने के लिए हैवी ड्यूटी के मोटीपम्प लाये गये हैं। दरअसल, शनिवार को एसएलबीसी की निर्माणाधीन सुरंग में काम चल रहा था। तभी सुरंग के अन्दर छत का हिस्सा ढहने से आठ लोग फंस गये हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हरसम्भव प्रयास हो रहे हैं। सुरंग में फंसे लोगों को ● शेष पृष्ठ 11 पर

गिरिडीह में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा, छह गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह पुलिस ने रविवार को जिले में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से लगभग 31 पीस अर्द्धनिर्मित माउजर के बट के साथ कई अन्य सामान भी जब्त किये हैं।
जिले के जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मिली बड़ी सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद, एटीएस के डीएसपी विनोद रजवार समेत चार थानों के प्रभारी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर बताया कि जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मोहम्मद दयसुद्दीन अपने घर पर इस मिनी माउजर फैक्ट्री का का संचालन कर रहा था। गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एटीएस और बंगाल एसटीफ के अलावा चार थानों की पुलिस ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर मिनी माउजर बनाने के सामान जब्त किये हैं। बताया गया कि जब्त सामानों में दो मशीन हैं, जो किसी एसआर ट्रेडिंग से खरीदा गयी है। एक लेथ मशीन, ड्रिल मशीन, 15 केवीए का ● शेष पृष्ठ 11 पर

समाज परिवर्तन के लिए पञ्च परिवर्तन आवश्यक : भागवत

■ आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. भागवत ने गुवाहाटी में कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

एजेंसी

गुवाहाटी : नगर के वर्षपाड़ा स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल परिसर में कार्यकर्ताओं के लिए एक बौद्धिक में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने सम्बोधन में समाज परिवर्तन के लिए पञ्च परिवर्तन को एक महत्त्वपूर्ण कुंजी के रूप में रेखांकित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गुवाहाटी महानगर ने आयोजित किया। इसमें बड़ी संख्या में दायित्वधारी कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने समाज परिवर्तन के लिए आवश्यक पांच परिवर्तनों, अर्थात सामाजिक समरसता, परिवारिक मूल्यबोध, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज में विभिन्न जातियों, मतों, क्षेत्रों और भाषाओं के बीच मित्रता और एकता को बढ़ावा देने के महत्त्व पर बल दिया, ताकि एक समरस समाज का निर्माण किया जा सके। डॉ. भागवत ने एक महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी को हिन्दू मंदिरों, जलाशयों और श्मशान भूमि के संरक्षण के लिए आपसी सम्मान और सहयोग के साथ एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने परिवार में भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देना समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्ग प्रदान करेगा। डॉ. भागवत ने पर्यावरण संरक्षण में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला, जिसमें जल संरक्षण, ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

कृषि मंत्री से मिले ओरमांझी पंचायत के प्रतिनिधि

ओरमांझी : झारखंड के कृषि व पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिकी से उनके आवास में जाकर ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बडाईक उपमुखिया संतोष गुप्ता ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा समाजिक कार्यकर्ता कुलदीप तिवारी अमिताभ पाण्डेय मिले और उन्हें ज्ञापन मांग पत्र देकर ओरमांझी प्रखंड के किसानों का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार को डेली मार्केट बनाने के लिए बाजार परिसर में नया शेड निर्माण कराने पुराने जर्जर शेड का मरम्मत कराने व बाजार के चारों ओर दुकान भवन बनाने के साथ अन्य आधारभूत संरचना निर्माण कराने की मांग किया गया।

अवैध ईंट भट्ठों पर वन विभाग का चला बुलडोजर

मांडू (रामगढ़) : रामगढ़ जिले में अवैध कोयला तस्करी एवं अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में वन विभाग के द्वारा रविवार को रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में अवैध ईंट भट्ठो पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग के द्वारा वन भूमि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठो पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त किया गया। मांडू प्रखंड के ग्राम पंचडा के वन भूमि क्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भटटे चलाए जा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के द्वाराकार्रवाई करते हुए अवैध इट भट्ठों को ध्वस्त किया गया। जानकारी के अनुसार बीते 18 फरवरी को रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के नेतृत्व मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा महुआ टुंगरी में वनभूमि पर अभियान चलाकर छ ट्रेक्टर अवैध कोयला को जप्त किया गया था। वही मांडू प्रखंड के घाटो थाना क्षेत्र, कुजू थाना क्षेत्र, मांडू थाना क्षेत्र में गैरमजरूवा सरकारी जमीन पर वनभूमि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबारफल फूल रहा है। जिससे सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं इन अवैध ईंट भट्ठों में उत्खनन कर अवैध कोयले को इन भट्ठों में खपाया जाता है।

युवा ब्लड डोनर ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

भुरकुंडा : मदरसा गुलशन-ए-रजा के प्रांगण में रविवार को युवा ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। वहीं संस्था की ओर से सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सिटी हॉस्पिटल ब्लड सेंटर रामगढ़ के तसव्वुर कशिश, डॉ. अब्दुल्लाह, टेक्नीशियन छोटू प्रजापति, सुरज कुमार, अजय कुमार और अब्दुल करीम की देखरेख में रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में महासचिव इम्तियाज अंसारी, मोहम्मद नसीमुद्दीन, इनामुल अंसारी, जमशेद आलम, बादल सागर, युसूफ अंसारी, मो. जियाउद्दीन, अमित कुमार, अंजुमन सदर मोहम्मद हलीम, सेक्रेटरी मोहम्मद अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष समसुल अंसारी ने सराहनीय योगदान दिया।

सीएचसी के सेवानिवृत्त ड्रेसर शिव बचन सिंह का निधन

बुढ़मू : बुढ़मू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के सेवानिवृत्त ड्रेसर शिव बचन सिंह का रविवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर कई प्रमुख लोगों ने शोक व्यक्त किया, जिनमें प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझू, उपप्रमुख हरदेव साहु, पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा और मुखिया गंगोत्री देवी शामिल हैं। शिव बचन सिंह के पुत्र और पुत्रवधू पिछले 15 वर्षों से बुढ़मू पंचायत के वार्ड संख्या 6 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

बिरसा मुंडा डीएवी में लीगल लिट्रेसी क्लब का शुभारम्भ

बुंडू : जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा बिरसा मुंडा डी ए भी आवसीय विधालय गुरुहातु ,बुण्डू में रविवार को लिगल लिट्रेसी कल्ब का उद्घाटन जेजे बोर्ड के मजिस्ट्रेट अमित गुप्ता एव सिविल जज नुमन खान अजाम, सहायक एल ए डी सी सदस्य विरेन्द्र प्रताप के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम मे DLSA PLV सोनामनी देवी, रुकमिनी देवी, एव प्रदुमन प्रमाणिक भी शामिल हुए।

सिरमटोली फ्लाई ओवर को लेकर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिये अधिकारियों को दिशा निर्देश, कहा

सरना स्थल की पवित्रता का ध्यान रखे निर्माण कम्पनी

▪ सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ की बैठक और सभी पहलुओं पर किया विचार-विमर्श

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण स्थल का रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्लाईओवर निर्माण के विभिन्न पहलुओं को देखा। उन्होंने कहा कि सरना धर्मस्थल पर आदिवासी समाज पूजा-अर्चना करने जाते हैं। अगर सिरमटोली फ्लाईओवर की ऊंचाई कम रखी गयी, तो वहां आने-जाने में श्रद्धालुओं को कठिनाई होगी और दुर्घटनाओं की सम्भावना भी बढ़ जायेगी। इसी कारण उन्होंने फ्लाईओवर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग रखी, जिससे भविष्य में किसी भी तरह

की दुर्घटना को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि सरना स्थल सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था और परम्परा का प्रतीक है। वर्षों से यहां धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं और यह स्थान समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। चमरा लिंडा ने सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ बैठक की और सभी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा है कि आदिवासी भाषा, सभ्यता और संस्कृति की जीवंतता मूल रूप से बनाये रखना सबसे महत्त्वपूर्ण है। आधुनिक विकास कार्यों को करना महत्त्वपूर्ण है, परंतु इससे आम जनमानस को नुकसान नहीं होना चाहिए और ना ही किसी की धर्म की आस्था को प्रभावित करना चाहिए। सरना स्थल हमारी मां का स्थान है और मां से हम पूरी प्रकृति की रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं। बता दें कि रांची के सिरमटोली इलाके में बन रहे फ्लाईओवर को लेकर आदिवासी समाज में गहरी नाराजगी है। इस निर्माण कार्य के कारण सरना धर्मस्थल की पवित्र भूमि प्रभावित हो रही है, जिससे आदिवासी समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। वहीं, इस मामले पर फ्लाईओवर निर्माण कम्पनी एल एंड टी द्वारा बताया गया कि फ्लाईओवर के नये डिजाइन को तैयार किया जा रहा है और इसे मंजूरी मिलने में 15 दिन का समय लगेगा। एल एंड टी का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जायेगा, जिससे सरना स्थल की पवित्रता भी बनी रहे और यातायात भी सुचारु रूप से चले। बैठक में खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

रातू : रातू स्थित पंडरा के आनंद नगर में रविवार को 5 बजे दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर में डॉ बिनय कुमार, कार्डियोलोजिस्ट, सेवा सदन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में न केवल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, बल्कि शुगर, बीपी, ईसीजी सहित कई अन्य आवश्यक जांचें भी नि:शुल्क की गईं। इस शिविर में लगभग 200 लोगों ने अपनी जांच और स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस शिविर में कुमुद झा, अक्षय झा, शुषमा देवी, रमेश सिंह और हॉस्पिटल की टीम ने भाग लिया।

सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों की मांग को लेकर झारोटेफ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

ओरमांझी : झारखण्ड ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) के तत्वावधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के आह्वान पर समस्त राज्य में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हो चुकी है इसी क्रम में झारोटेफ ओरमांझी में रांची जिला उपाध्यक्ष इमामुल हक, प्रखण्ड अध्यक्ष कुमार भगीरथ सिंह, जनसेवा, संघ के सुलेखा कुमारी, आशाराम महतो विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

अवैध लॉटरी के धंधे में संलिप्त 06 व्यक्ति भेजे गये जेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुंडू : बुंडू थाना पुलिस ने रविवार को बुंडू नगर स्थित अस्पताल टोली में एक किराए के मकान में छापामारी कर अवैध लॉटरी के धंधे में संलिप्त 6 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से 51हजार रुपए नगद,एवं नागालैंड कंपनी के 50 हजार रुपए मूल्य की अवैध लॉटरी भी बरामद की है।इस संबंध में बुंडू थाना कांड सं0-20/2025 दिनांक-23/02/2025 धारा-318 (4) इठर 2023 & 11 BENGAL PUBLIC GAMBLING Act. के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जेल भेजे गए लोगों के नाम एवं पत्ता इस प्रकार है। देवानंद राम उम्र करीब 58 वर्ष पे०- स्व० तुलसी राम सा०- बाजरटांड, थाना बुंडू जिला रांची। सुभम बाल्मीकि उम्र करीब 25 वर्ष पिता- देवानंद राम सा०- बाजार टांड, थाना बुंडू जिला रांची। संदीप पाल, उम्र करीब 50 वर्ष पिता-स्व० अश्विनी पाल सा०-निलगिरी टोली बुंडू, थाना बुंडू जिला रांची। अनन्त कुमार पाण्डेय, उम्र करीब 40 वर्ष पिता-स्व० अजय कुमार पाण्डेय ,सा०- पुराना बाजार टोली बुंडू थाना बुंडू जिला रांची। मोहन खंडित ,उम्र करीब 50 वर्ष पिता- स्व० सुकर खंडित, सा०- टांगर टोली बुंडू थाना बुंडू जिला रांची।डोरीलाल राम, उम्र करीब 38 वर्ष, पिता- बदरी राम ,सा.+ थाना कुज्जू, जिला रामगढ।

झारखंड में आज साफ रहेगा मौसम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी को मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है। वहीं पिछले तीन दिनों से राज्य भर में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई। बारिश होने से रांची में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। शाम में कनकनी का एहसास हुआ। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री, जबकि जमशेदपुर में 31.6 और 16.6, डालटेनगंज में 33.6 और 16.2, बोकारो में 30.1 और 17.1तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सड़क दुर्घटना में दिव्यांग दुकानदार घायल, रिम्स रेफर

बेड़ो : थाना क्षेत्र के सांई मंदिर रोड में सरस्वती विद्या मंदिर के समीप रविवार शाम लगभग साढ़े छह बजे बाइक के धक्के से ट्राई स्कूटी सवार दिव्यांग दूकानदार बेड़ो गयात्री नगर निवासी 56 वर्षीय कमलेश खन्ना गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार भरनो गुमला निवासी 25 वर्षीय बबलू घायल हो गया।जिन्हें स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां डा काजोल ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल दिव्यांग कमलेश खन्ना को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। स्वजनों ने बताया कि कमलेश खन्ना अपना दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार ने टक्कर मार दिया।

हरमू सहित कई इलाकों में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

रांची : रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस योजना के तहत रांची में विद्युत संरचना को मजबूत करने के लिए सोमवार को कई इलाकों में काम किया जाएगा। इसे लेकर राजधानी के इन इलाकों में लगभग साढ़े तीन घंटे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। बिजली विभाग विद्युत शक्ति उपकेंद्र, हरमू के ओल्ड हरमू फीडर में भगत सिंह चौक के पास एलटी लाइन का काम किया जाएगा। इसलिए इससे संबंधित इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 11.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अशोकनगर के पुंदाग फीडर में गिरजाटोली में एलटी और एचटी लाइन का काम किया जाएगा।

झामुमो बलकुदरा पंचायत कमिटी का हुआ पुनर्गठन

अध्यक्ष बने सुनील मुंडा व सचिव अरविंद यादव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : बलकुदरा पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक रवि मोहली की अध्यक्षता और कुणाल यादव के संचालन में हुई। जिसमें मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह पतरातू प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य योगेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इसके उपरांत सर्वसम्मति से झामुमो बलकुदरा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनील मुंडा, उपाध्यक्ष रवि महली, सुभाष यादव, सचिव अरविंद यादव, कोषाध्यक्ष रोशन मुंडा, संयुक्त सचिव तिलक यादव, कुणाल यादव, संगठन सचिव सतीश मुंडा सहित कार्यकारिणी

सदस्यों का चयन किया गया। मौके पर पंकज मुंडा, सौरभ राणा, अशोक यादव, ईश्वर प्रसाद, सनी मुंडा, सुकेश मुंडा, शशि कुमार, सोनू कुमार, शिबू मुंडा, अनिल मुंडा, जितेन्द्र यादव, विकास यादव, दीपक यादव, सुनील यादव, विकास कुमार, रुपेश मुंडा, बिरबल यादव, बिरेंद्र यादव, दिनेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महानगर शाखा का लगा महाकुम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर द्वारा 23 फरवरी को प्रातः 6:45 से 9 बजे तक धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मैदान में शाखा महाकुम्भ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महानगर के विभिन्न नगरों से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियां

प्रातः 7 बजे शाखाएं प्रारंभ हुईं, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न शारीरिक और मानसिक व्यायाम किए। इसके बाद, 8:00 बजे शाखा विकीर हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपनी एकता और संगठन का प्रदर्शन किया।

उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक का उद्बोधन

उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक आदरणीय रामनवमी प्रसाद जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने शताब्दी वर्ष में तय किए गए लक्ष्य की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान आकृष्ट किया और महानगर में संघ कार्य की वृद्धि में सभी स्वयंसेवकों को लगने का आह्वान किया।

संघ के पंच प्राण

रामनवमी प्रसाद ने संघ के पंच प्रणों पर विशेष जोर दिया, जो हैं...

कुटुंब प्रबोधन : परिवारों को संगठित, संस्कारित और जागरूक करना।

सामाजिक समरसता : समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देना।

स्व का बोध : समाज एवम् राष्ट्र के विकास में स्व का बोध एवं जागरण।

पर्यावरण संरक्षण : पर्यावरण की रक्षा और संरक्षणके लिए हर परिवार को जागरूक कर काम करना।

स्वदेशी और स्वावलंबन : स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के लिए काम करना

स्वदेशी और स्वावलंबन : स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के लिए काम करना।

सेब लदी ट्रक पलटी, मदद कर रहे युवक को टूरिस्ट बस ने कुचला, मौके पर मौत

बुंडू : रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग तैमारा घाटी में दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह दिल्ली से कटक जा रही सेब लदी एक ट्रक घाटी से उतरते वक्त असंतुलित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। हादसे को देख एक युवक ने ट्रक चालक की मदद करने के लिए गाड़ी रोकी और जैसे ही मदद करने पहुंची तो अचानक एक बस तेज रफ्तार से युवक को रौंद दिया युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक सुनील सोनार अनगड़ा क्षेत्र के गोंदलीपोखर का रहने वाला था। टक्कर के बाद बस डिवाइडर पर चढ़ गई, सूचना मिलते ही दशम फॉल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने टूरिस्ट बस को जप्त कर लिया है। घटना के बाद रांची टाटा मार्ग आगमन बाधित हो गया बाद में पुलिस की सक्रियता से आगमन सुचारू रूप से चालू किया गया। दशम फॉल थाना पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सभी डीएवी विद्यालयों में विधिक साक्षरता क्लब की वर्चुअल बैठक हुई सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : 23 फरवरी 2025 रविवार को झारखंड के सभी डीएवी विद्यालयों में विधिक साक्षरता क्लब(लीगल लिटरेसी क्लब) का वर्चुअल उद्घाटन संपन्न हुआ। इस गरीमामयी अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झारखंड स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी) राँची के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम को झालसा रांची के गणमान्य व्यक्तियों एवं झारखंड राज्य के अंतर्गत आने वाले डीएवी के अलग-अलग प्रक्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी कार्यक्रम को

सुशोभित किया। इस कार्यक्रम में डीएवी रजरप्पा के कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं के 90 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और विधिक साक्षरता क्लब के महत्व और प्रभाव के बारे में अपने विचार साझा किए। उनके विचारों ने यह उजागर किया कि छात्रों में विधिक जागरूकता की कितनी आवश्यकता है और यह कैसे उन्हें न्याय प्राप्त करने और अपने अधिकारों को प्रभावी ढंग से समझने के लिए सशक्त बना सकती है। छात्रों में विधिक अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए

संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल में अन्तर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सह वार्षिक महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो में रविवार को अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सह वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा जनजातीय गीत तथा नृत्य कर तथा अतिथियों को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत करते हुए किया गया। इसके बाद सरस्वती माता तथा स्व. नन्दकिशोर मेहता की तस्वीरों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संदीप राज ने स्वागत भाषण के द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात संत जगत ज्ञान सरोवर संस्थान के सचिव सह विद्यालय के निर्देशक डा. पंकज राज के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया गया। अन्तर स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़,बाधा दौड़, खो-खो,कबड्डी, रस्साकसी प्रतियोगिता तथा जूनियर वर्ग में जलेबी रेस, मेढ़क रेस, थ्री लेग रेस, सूई धागा रेस आदि अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महाकुम्भ जा रहा श्रद्धालुओं से भरा वाहन चुटूपालू घाटी में हुआ दुर्घटनाग्रस्त

दुर्घटना में 10 लोग घायल, 04 की हालत गम्भीर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में रविवार को एक बार फिर महाकुंभ जा रही वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर डिवाडर को जोरदार टक्कर मारते हुए रेलिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया, जिसके कारण रेलिंग सड़क के बीचों बीच बिखर गई। इसकी चपेट में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वैन आ गई। हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना में 4 की हालत गंभीर है। घटना के बाद घायल लोगों को रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉक्टर ने गंभीर

रूप से घायल लोगों को रांची रेफर कर दिया है। पिकअप वैन प्रयागराज महाकुंभ जा रही थी। इसी क्रम में हादसा हो गया। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का एक लेन पूरी तरह जाम हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर राँची से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी क्रम में चुटूपालू घाटी क्षेत्र में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और रेलिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर के बीचों बीच चढ़ गया। ट्रेलर ने इतनी जोरदार टक्कर मारी थी कि रेलिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क के बीचों बीच पूरी तरह से फैल गया, जिसकी चपेट में आगे जा रही पिकअप वैन आ गई और सड़क के बीचोंबीच पलट गई। हादसे में पिकअप वैन में सवार श्रद्धालु इस दुर्घटना में घायल हो गए।

नरकोपी में पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने को लेकर हुई बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : नरकोपी थाना परिसर में रविवार को पुलिस, पब्लिक व जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर डीएसपी अशोक कुमार राम की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो इस पर चर्चा की गई। मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम ने कहा कि पुलिस व आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए सामंजस्य स्थापित करते हुए क्षेत्र की समस्या को पुलिस को बताने को कहा। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए समाज के लोगों को मिलजुल कर रहने को कहा। क्षेत्र के सौहार्दपूर्ण वातावरण को किसी हाल में बिगड़ने नहीं देना है। कहीं भी यदि अशांति की सूचना मिले तो सीधे थाने को सूचना देने को कहा। उन्होंने कहा शांति में ही तरक्की है। ऐसे में छोटी छोटी

बातों को लेकर विवाद उचित नहीं है। ऐसा करने से व्यक्ति और समाज दोनों की तरक्की प्रभावित होती है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन आपके साथ है और आपके सहयोग से ही स्थानीय समस्याओं को मिलजुल कर सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड की प्रांतीय बैठक हुई सम्पन्न

'देश को बदलना है, तो शिक्षा को बदलना होगा'

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : रविवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड की प्रांतीय बैठक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता न्यास के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सविता सेंगर ने की। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्रों पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. विजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. रंजीत प्रसाद, पूर्व क्षेत्र प्रभारी डॉ. अखौरी गोपाल सहाय, प्रांत संरक्षक डॉक्टर पीयूष रंजन, प्रांत अध्यक्ष अमरकांत झा, क्षेत्रीय संयोजक चरित्र निर्माण एवं महेंद्र कुमार सिंह प्रांत संयोजक का परिचय सह स्वागत पुष्प एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया

गया। बैठक का मुख्य बिंदु देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। माँ,मातृभूमि एवं मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं समस्या नहीं समाधान की चर्चा करें और देश को आत्मनिर्भर बनाना है तो छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। न्यास के ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. रंजीत प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान महाकुंभ 2081 से प्रयागराज में प्रतिपादित विषयों का संपूर्ण व्रत प्रस्तुत किया जिसमें एक राष्ट्र एक नाम भारत पर्यावरण अर्थात हरित कुंभ निजी शैक्षिक संस्थानों की शिक्षा में भूमिका शासन प्रशासन की शिक्षा में भूमिका आदि विषयों पर चर्चा की गई। डॉ. सविता सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान महाकुंभ में छात्र सम्मेलन महिला सम्मेलन आचार्य सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपरा भारतीय भाषा शिक्षा से आत्मनिर्भरता पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे कैसे हम अपने सामाजिक जीवन में क्रियान्वयन कर सकते हैं इस पर व्यावहारिक रूप से विचार विमर्श किया गया। अमरकांत झा ने सांगठनिक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के विभिन्न आयामों का गठन और उसकी गतिविधि को तीव्रता कैसे लाई जाए इस पर विशेष रूप से उन्होंने प्रकाश डाला प्रयागराज महाकुंभ में ज्ञान कुंभ का आयोजन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसमें मुख्य रूप से 1000 शिक्षण बिंदु 100 कुलपति कुल सचिव निदेशक सहित देश के जाने-माने जनप्रतिनिधि भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए जिससे इस कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करने का दायित्व जिला संयोजक डॉक्टर संजय प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रांत संयोजक महेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। स्वागत समिति में मुख्य रूप से संजय प्रभाकर सचिव डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सह प्रदेश संयोजक शिक्षक शिक्षा डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय प्राचार्य, प्रोफेसर नयन कुमार मिश्रा, प्रोफेसर मुरारी कुमार दुबे, प्रोफेसर बाबूचंद प्रसाद, जयप्रकाश कसेरा, विजय प्रभाकर समेत महाविद्यालय की छात्रा अपराजिता कुमारी, मोनिका कुमारी, पल्लवी कुमारी और अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पीयूष रंजन प्रांत अध्यक्ष करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

लायंस रांची ईस्ट ने सिल्ली में किया नेत्र जांच शिविर आयोजित

रांची : लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट, निरामया अस्पताल रांची और सेवा भारती सिल्ली के सम्मिलित तत्त्वावधान में रविवार को सिल्ली में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसमें 260 मरीजों के आँखों की जांच की गयी, 80 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए लेकिन 20 मरीजों को शुगर और बीपी के कारण छोड़ बाकी 60 मरीजों को, रांची निरामया अस्पताल लाया गया, है जिनका ऑपरेशन सोमवार और मंगलवार को होगा। इस शिविर क्लब के नेत्र विंग के चेयरमेन लॉयन लक्ष्मी नारायण गुप्ता की देख रेख में समपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन संजय पोद्दार भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि लायंस इंटरनेशनल के आह्वान और प्राथमिकतानुसार क्लब द्वारा नियमित रूप से सुदूर क्षेत्रों में शिविर लगा कर मोतियाबिंद के मरीजों के पहचान कर , उनकी आंखों का निःशुल्क ऑपेरशन कर, चश्मा एवं दवाईयां दे कर उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाता है।

एक झलक

विजया एकादशी पापों का अपहरण करनेवाली, पवित्र व पाप नाशक

रांची : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 24 फरवरी सोमवार को फाल्गुन मास की विजया एकादशी का व्रत मनाया जाएगा। इस उपलक्ष पर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत महाभिषेक होगा । इसके बाद भगवान का श्रृंगार, महाआरती, महास्तुति, भोग और अर्चना आदि करके आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन के लिये प्रातः 7:00 बजे पट खोल दिया जाएगा। इस तरह श्रद्धालु भक्तगण प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक एवं संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक अपना व्यक्तिगत पूजा- अर्चना करा सकेंगे। यह विजया नामवाली एकादशी पापों का अपहरण करने वाली है । यह व्रत बहुत ही प्राचीन, पवित्र और पाप नाशक हैं। यह राजाओं को विजय प्रदान करती है। इसी एकादशी का व्रत करके भगवान श्रीरामचंद्र जी रावण पर विजय पायी थी।

सामुदायिक भवन निर्माण का संजय सेठ ने किया शिलान्यास

रांची : कडरू स्थित सरना टोली में सरना स्थल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज विधिवत इसका शिलान्यास किया इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा रांची में ऐसे कई सरना स्थल है जिनका जिर्णोद्धार किया जा रहा है मंचों का निर्माण कराया जा रहा है और प्राथमिकता के आधार पर सारण स्थल के विकास का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अरुण कुमार छछारिया श्याम हेमरोम रवि मुंडा अजय भंडारी चंपा मुंडा सुमित मुंडा डॉक्टर तन्मय डॉक्टर अजय इंद्रजीत यादव नीतू शर्मा शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

एसआर डीएवी पुंदाग में 'लीगल लिटरेसी क्लब' का उद्घाटन

रांची : एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल,पुंदाग तथा झालसा के संयुक्त तत्वावधान में एस.आर. डीएवी. पब्लिक स्कूल पुंदाग में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुनील दत्ता तथा विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश श्रुति सोरेन थीं। मुख्य कार्यक्रम झालसा, रांची में हुआ, जिसमें एसआर डीएवी पुंदाग सहित झारखंड के लगभग सौ विद्यालय आभासी माध्यम से जुड़े। उक्त कार्यक्रम में एस. आर. डीएवी. पुंदाग की कक्षा नवम से एकादश तक के विद्यार्थियों तथा उनके शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया ।मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुनील दत्ता ने विद्यार्थियों को कानून संबंधी अनेक उपयोगी जानकारी देते हुए अनेक सामाजिक कुरीतियों; यथा बाल मजदूरी,बाल विवाह, डायन - बिसाहिन,मानव - तस्करी आदि के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य एस. के. मिश्र ने अपने संदेश में सभी गण्यमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना से विद्यार्थियों को तो लाभ होगा ही साथ ही उनके जरिए समाज को भी लाभान्वित किया जा सकेगा,क्योंकि विद्यार्थी ही हमारे समाज की रीढ़ बनेंगे। उक्त कार्यक्रम में झालसा की ओर से अमित कुमार,संध्या कुमारी तथा मासूम रजा ने भी भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को रांची के डॉ. कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने के. राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद के राजू की मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ पहली भेंट थी।

रांची जिला के 05 अंचलों में दाखिल-खारिज से सम्बन्धित राजस्व शिविर का आयोजन

10 डिसमिल तक के लम्बित मामलों का हुआ निष्पादन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर आज फिर से जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 22 दिनों में ये तीसरा मौका है जब जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया।

नामकुम अंचल में आयोजित शिविर में पहुंचे मंजूनाथ भजन्त्री

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नामकुम अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अरगोड़ा, कांके, रातू एवं मांडर में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन

पांच अंचलों में आयोजित दाखिल-खारिज शिविर में म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 1317 मामले अस्वीकृत किये गए। सबसे ज्यादा नामकुम अंचल में 701 आवेदन स्वीकृत किये गए, जबकि अरगोड़ा में 94, कांके में 54, रातू में 99 और मांडर में 42 आवेदन स्वीकृत किये गए। नामकुम अंचल में 959, कांके में 182, रातू में 151, मांडर में 25 और अरगोड़ा में 00 मामले रिजेक्ट किए गए।

अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत न करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। उन्होंने सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

बिचौलिये दिखें, तो स्थानीय थाना को सूचित करें : मंजूनाथ भजन्त्री

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने एक बार फिर से कहा है कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर इसकी जानकारी देने की बात कही।

महाशिवरात्रि को लेकर पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) में हुई हल्दी-मेहंदी की रस्म

रांची : रविवार को श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) द्वारा पहाड़ी मंदिर के महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहाड़ी बाबा का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। हल्दी की रस्म के दौरान भगवान शिव को सबसे पहले हल्दी और तेल का लेपन और तिलक किया गया। इसके बाद उन्हें स्नान करवाकर कर नए वस्त्र धारण करवाए गए और उन्हें पीले फूलों से सजाया गया। इसके साथ ही मंदिर में आए भक्तों ने भी भगवान की हल्दी रस्म में शामिल होकर एक दूसरे को भगवान की प्रसाद रूपी हल्दी भी चढ़ाई. साथ ही हल्दी की रस्म के बाद मंदिर में भगवान शिव का संगीत भी हुआ। महिलाओं ने बात मोरी बिगड़ी बनाई दे,मोर भंगिया का मनाई दे ओ भेरो नाथ..... एवं शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही उद्धार हुआ,अंत काल को भवसागर में उसका बेड़ा पार हुआ..... भजन गाकर भगवान शिव की संगीत रस्म को निभाया।

झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों में विधिक साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रविवार को झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों में विधिक साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करके माननीय न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा एवं न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय एवं अन्य गणमान्य द्वारा न्याय सदन, झालसा से किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय झारखंड, झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री के अन्य पदाधिकारीगण, डीएवी संस्थानों के सहायक क्षेत्रीय अधिकारीगण, DAV स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं प्रमुख, DLSAs के सचिवगण, पीएलवी, छात्र-छात्राएं, गणमान्य अतिथिगण बेरिस्टर केया सेन एवं पल्लव आचाजी व अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में विधिक साक्षरता क्लबों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों एवं अन्य को सम्मानित किया गया एवं झालसा के Project SURAK-SHA का शुभारंभ किया गया।

वैश्य मोर्चा ने प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

मुद्दों को लेकर लड़ाई की बनी रणनीति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 23 फरवरी को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा पतरातू डैम स्थित पंचवटी सभागार में प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण शिविर में वैश्य मोर्चा के विभिन्न जिलों से आये केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी परिवार के साथ शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए उपहार लॉटरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु द्वारा दीप जला कर किया गया। शिविर में सर्वप्रथम प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता एवं उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावना-पत्र का पाठ किया गया. तत्पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया) आदि ने अपने विचार रखते हुए कई सुझाव दिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा एक सामाजिक संगठन है, लेकिन समाज के मुद्दों पर लड़ना, हक के लिए आवाज उठाना हमारा संवैधानिक अधिकार है. श्री साहु ने कहा कि संगठन का होना जरूरी है. जो लोग संगठन के साथ जुड़े रहते हैं, उन्हें संगठन का हमेशा साथ और सहयोग भी मिलता है. हक अधिकार की लड़ाई भी संगठन के साथ जुड़ कर ही लड़ा जा सकता है. श्री साहु ने कहा कि अधिकार चाहिए तो लड़ना ही पड़ेगा. संघर्ष के रास्ते ही मंजिल तक पहुंचा जा सकता है।

बड़ाघाघरा में महाभंडारे के साथ 73वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री महावीर मंदिर लोहरा टोली बड़ा घाघरा डोरंडा रांची के 73 वे वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंदिर का जिर्णोद्धार समारोह 23 तारीख दिन रविवार सुबह 10:00 बजे से पूजा अर्चना सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए सत्यनारायण भगवान की कथा संपन्न कराई गई उसके पश्चात उपस्थित भक्तों ने सामूहिक 108 हनुमान चालीसा का पाट संपन्न किया। महाभंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों के बीच पूरी, सब्जी ,खीर, बुंदिया, भुजिया, चना, गुड़ फल सहित अन्य सामग्री प्रसाद स्वरूप वितरित की गई । समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्कार भारती झारखंड प्रमुख गुरुशरण जी श्री महावीर मंडल डोरंडा के संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता ,बीके विजय ,अशोक सराफ , श्वेतांबर समाज के स्त्री पुरुष विशेष रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष के रोहित शारदा के द्वारा समिति के पदाधिकारी आयोजनकताओं को भगवान राम की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया।

डीएवी हेहल में 'लिगल लिटरेसी क्लब' का उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के बहुद्देश्यीय सभागार में 'झारखंड स्टेट लिगल सर्विसेज' द्वारा संयोजित 'लिगल लिटरेसी क्लब' का वर्चुअल इनॉगरेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि योगेश कुमार- ए.जे.सी-1 सह एफ. टी.सी (सी.ए.डब्ल्यू,उअह, सह स्पेशल जज, विद्युतीय अधिनियम, सह स्पेशल जज कोल बियरिंग अधिनियम, रांची तथा विशिष्टातिथि प्रशांत कुमार वर्मा, सिविल जज (सिनियर डिविजन) सह जे.एम.एफ. सी क रांची तथा रविशंकर प्रसाद, उमेश कुमार आदि गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया जिसे संगीत शिक्षक इन्द्रजीत दत्ता ने वाद्य यंत्रों के द्वारा मंत्रमुग्धता प्रदान करते हुए अत्यंत सुंदर बना दिया। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड ए.के अमरेश ने मुख्यातिथि को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया तथा अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि डीएवी संस्थाओं में झारखंड स्टेट लिगल सर्विसेज द्वारा लिगल लिटरेसी क्लब की स्थापना एवं उसके माध्यम से बच्चों को कानून व कानूनी अधिकार के प्रति सजग करने, उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी देने तथा उनके माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे- श्री एस. के मिश्रा ने अपने वर्चुअल संदेश में डीएवी की विशेषता को बतलाते हुए कहा कि मानव ईश्वर बनाता है किंतु मानवता डीएवी भरता है।

राजद के सदस्यता अभियान में सैकड़ों लोग बने सदस्य : कैलाश यादव

रांची : रविवार को कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची के समीप राजद नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रणय बबलू अर्जुन यादव मनोज अग्रवाल संतोष प्रसाद अरुण यादव जीतू यादव ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग राजद का सदस्यता लिए। तमाम लोगों को राजद महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलाई। यादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदित है कि राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में तेजी से चल रहा है।

जामिया उम्मे हबीबा लिलबनात कांके नगड़ी में शैक्षणिक प्रदर्शन

शिक्षा रौशनी है, जहां होगी, वहां अंधेरा नहीं हो सकता : कारी अंसारुल्लाह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : शिक्षा प्रकाश है और अज्ञान अंधकार है। जहां शिक्षा है, वहां अंधकार नहीं हो सकता। शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है। परिस्थितियों और परीक्षाओं से डरने की जरूरत नहीं है। परिस्थितियां कैसी भी हों, अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ायें। शिक्षा आपके बच्चों को आगे बढ़ायेगी। उपरोक्त बातें हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी खतीब मदीना मस्जिद हिन्दपीढ़ी रांची ने कही। वह रविवार को जामिया उम्मे हबीबा लिलबनात कांके नगड़ी में एक शैक्षणिक प्रदर्शन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में पूरे तरीके से प्रवेश करें। मदरसा, मकतब और उलेमा की कद्र करें। वहीं, हजरत मौलाना मुफ्ती मुजम्मिल ने शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले तुम्हें शिक्षा से तोड़ दिया जायेगा, फिर तुम्हें किसी अपराध से जोड़ दिया जायेगा। इसलिए शिक्षा के महत्त्व को समझें। वहीं, हजरत मौलाना शाहबाज ने कहा कि अल्लाह को अपना बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी ने की और संचालन हजरत मौलाना मेराज अशरफ ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना हाफिज मुदस्सर की तिलावत कुरान -ए-पाक से हुई। नात नबी कारी कौसर और हाफिज अताउल्लाह रहबर ने पढ़ी। कारी रमजान और मौलाना नूरुल्लाह कासमी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। मौके पर हजरत मौलाना इकबाल नैयर, हजरत मौलाना महमूद रशीदी, मुफ्ती मुजम्मिल, मौलाना शाहबाज, कारी जहांगीर, हाफिज अत्ताउल्लाह, मौलाना मुदस्सर, हाफिज इम्तियाज, कारी कौसर, हाफिज हारून, हाजी शमीम अख्तर, हाजी जलालुद्दीन, हाजी रफीक, हाजी जमरुद्दीन, यासीन, हुसैन, अशरफ अंसारी, मौलवी अफ्फान, मुहम्मद आदम, जाकिर हुसैन, निजाम, रफीक अंसारी, जान मुहम्मद, सद्दाम हुसैन, मुहम्मद निसार, मुहम्मद इमरान, मो रिजवान, मो लुकमान, मो आजाद, मो शरीफ, मो सुबहान समेत कई लोग थे।

श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ अन्नपूर्णा महाप्रसाद, होली महोत्सव व भजन संकीर्तन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 195 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा समिति रांची के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं होली महोत्सव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक फूलों की होली महोत्सव सह भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया, सितादेवी शर्मा ने होली पर मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। फूलों की होली खेली गई भक्तो ने आपस में फूलों की बौछार करते रहे।

मंत्रियों और विधायकों को बैठक में दिया गया टास्क

पार्टी बनायेगी अगले 01 साल का कैलेंडर : के राजू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक कांग्रेस विधायक दल नेता श्री प्रदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्री के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित थे। बैठक के पश्चात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए के राजू ने कहा कि बैठक में विस्तार से कुछ बिंदुओं पर चर्चा हुई जिस पर निर्णय लिए गए। निर्णय की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 12 विधायकों को दो-दो जिलों का जिम्मा दिया गया है। जिन विधायकों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है उन्हें हर महीने जिला में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व निर्धारित बैठक उपस्थित रहना है।बैठक में जिले से संबंधित मुद्दों,संगठन के संबंध में आम लोगों के मुद्दे पर वह चर्चा करेंगे। जिले के किन मुद्दों को सरकार के स्तर तक ले जाना है उन मुद्दों का पता करेंगे। विधायकों द्वारा द्वारा जिलों में की जाने वाली बैठक के एक वर्ष का कैलेंडर तैयार कर उन्हें दिया जाएगा ताकि वह प्रत्येक महीने बैठक कर सके। कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के बीच पांचो प्रमंडल का बंटवारा कर उन्हें जिम्मेवारी दी जाएगी। मंत्रीगण प्रमंडल में जाकर वहां के जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकताओं के मुद्दों को सुनेंगे ताकि उन्हें सरकार तक पहुंचा जा सके।

कांके रोड सरना समिति सरहूल से पहले करेंगी महिला शाखा का विस्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रविवार को कांके रोड स्थित शहदेव मैरेज हॉल में कांके रोड सरना समिति बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता समिति का महासचिव राजेश लकड़ा ने किया,संचालन समिति का सलाहकार प्रकाश टोप्पो ने किया। बैठक में आगामी एक अप्रैल को आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व सरहूल का तिथि निर्धारित किया गया है।जिसे देखते हुवे कांके रोड सरना समिति महिला शाखा बनाने को लेकर विचार विमर्श किया।साथ ही सिरमटोली स्थित केन्द्रीय सरना स्थल के मुख्य द्वार के सामने फ्लाईओवर निर्माण कार्य किये जाने का कांके रोड सरना समिति ने कड़ी विरोध भी जताया है। कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा ने कहा है कि हम आदिवासी समाज बहूत शांतिप्रिय लोग है हम विकास विरोधी नही है मगर कोई हमारे धार्मिक धरोहरों को समाप्त करके विकास करे तो वैसा विकास हमें नही चाहिऐ। मुण्डा ने कहा की समय रहते राज्य सरकार जो एलएनटी कंम्पनी फ्लाईओवर निर्माण कार्य करा रही है उसे तत्काल रोकने का आदेश दे नही तो हम आदिवासी समाज चुप नही बैठेंगे।

विश्व स्काउट दिवस व नेशनल लेवल रिव्यू मीट का आयोजन सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : द ऑल इंडिया बॉयस स्काउट्स एसोसिएशन, झारखंड स्टेट ब्रांच के द्वारा 22 एवं 23 फरवरी को विश्व स्काउट दिवस के अवसर पर नेशनल लेवल रिव्यू आयोजन किया। नेशनल लेवल रिव्यू मीट रांची के तुपुदाना स्थित सप्तऋषि सेवा भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, बिहार केरल ,झारखंड सहित अन्य राज्य के स्काउट कमिश्नर, स्काउट सेक्रेटरी, स्काउट ऑगेर्नाइजिंग कमिश्नर एवं स्काउट प्रतिनिधियों ने भाग लेकर स्काउट संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। स्काउटिंग को मजबूत किए जाने पर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने पर तमिलनाडु के ऑगेर्नाइजिंग कमिश्नर प्रोफेसर हुसैनी ने कहा की सभी स्टेट अपने-अपने राज्यों में स्काउट प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है और इसकी रिपोर्टिंग केंद्रीय कमेटी को भेजनी चाहिए उन्होंने लोगों को मित्रता का संदेश दिया और कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से विश्व बंधुता की भावना बढ़ती है। स्कूल कॉलेज के अलावा ओपन ग्रुप के माध्यम से स्काउट को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। और इसके लिए रणनीति बनाई जाने की अति आवश्यकता है, पश्चिम बंगाल के राज्य सचिव सुनंदा माना ने कहा कि हम सभी को ट्रेनिंग बैच, ट्रेनिंग मैटेरियल्स एवं न्यू यूनिट का निर्माण कर स्काउट को आगे बढ़ने का निर्णय जो स्वागत योग्य है। आज के इस मीटिंग में स्काउट के विभिन्न राज्यों के गवर्निंग बॉडी को रीऑर्गेनाइज्ड करने का निर्णय लिया गया। केंद्र एवं राज्यों के रिक्त पदों को बहुत ही जल्द भरने का निर्णय लिया गया स्काउट की मीटिंग त्रैमासिक मासिक और वार्षिक करने का प्रस्ताव आया जिसे सर्वसहमति से पास किया गया। मीटिंग में रांची को स्काउट के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र बनाने का प्रस्ताव आया जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारी ने इस विषय पर चर्चा करते हुए अस्थाई ट्रेनिंग सेंटर बनाने का प्रस्ताव पास किया। आज के बैठक में सहमति से झारखंड के राज्य आयुक्त श्री अरविंद कुमार लाल को सेंटूल जोन के कोऑर्डिनेटर बनाए गए। साथी यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स जर्नल प्रकाशित किया जाएगा। और इसके लिए मणिपुर स्टेट को जिम्मेदारी दी गई। विभिन्न राज्य से आए राज प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचारों को रखा। आज के इस मीटिंग में मुख्य रूप से तमिल नाडु के स्टेट ऑगेर्नाइजिंग कमिश्नर प्रोफेसर एच, एश ,एच हुसैनी, मणिपुर स्टेट के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर श्री वाइ सुरेश सिंह, आई जलजीत सिंह, एन विरमानी सिंह,पश्चिम बंगाल के स्टेट सेक्रेटरी सुनंदामना, काली पद महता, झारखंड स्टेट से स्टेट कमिश्नर अधिवक्ता से अरविंद कुमार लाल स्टेट सेक्रेटरी विक्रांत विश्वकर्मा स्टेट ऑगेर्नाइजिंग कमिश्नर कृष्णा महतो ट्रेजर एसके गिरी स्काउट मास्टर उदय कुमार बिहार राज्य के राज्य प्रशिक्षक रामसनेही सिंह शिवम लठ, रविंद्र प्रसाद सहित अन्य प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

शास्त्रीय संगीत से सजा बिरसा मुंडा फन पार्क

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : म्यूजिक इन द पार्क कार्यक्रम के तहत प्रख्यात सरोद वादक अर्नब भट्टाचार्य एवं मशहूर तबला वादक लक्ष्मी नारायण ओझा ने दी अदभुत प्रस्तुति। रविवार को बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में म्यूजिक इन द पार्क कार्यक्रम के तहत शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोलकाता के प्रख्यात सरोद वादक अर्नब भट्टाचार्य एवं मशहूर तबला वादक लक्ष्मी नारायण ओझा की जोड़ी ने अद्भुत प्रस्तुति देकर समा बांधा। इस अवसर पर जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दोनों कलाकारों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

जेसीआई ने प्रोजेक्ट 'प्रयास' के तहत किया मच्छरदानी व भोजन का वितरण

रांची : जेसीआई रांची ने 23 फरवरी को तत्कुंडो कुम्भा टोली, इटकी, मांडर के पास स्थित एक गांव में जरुरतमंद लोगों के बीच मच्छरदानी और भोजन का वितरण कर अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट 'प्रयास' को सफलतापूर्वक पूरा किया। बढ़ते मच्छर और डेंगू की समस्या को देखते हुए जेसीआई रांची ने गांव वालों की मदद की, बच्चों में टॉफी का वितरण और सभी को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सब का स्वागत किया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

एक झलक

श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर उनके परिजनों से मिले भैया अभिमन्यु प्रसाद

हजारीबाग : हजारीबाग जिला के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत कंडसार पंचायत के ग्राम कंडसार नवादा गांव के श्रद्धालु प्रयागराज से कुम्भ स्नान के उपरांत अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे परिवारवालों की उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला में भयानक सड़क दुर्घटना हो गया। जिसमें कुल 10 श्रद्धालुओं में से 8 लोगों की मृत्यु हो गयी वही एक महिला अभी वाराणसी में इलाजरत है और एक महिला सुरक्षित अपने घर आ चुकी है। ये दुखद घटना हजारीबाग क्षेत्र के लिए काफी दर्दनाक व हृदयविदारक घटना है। वही भैया अभिमन्यु प्रसाद कंडसार नवादा गांव जाकर दोनों शोकाकुल परिवार वालों से मिल संवेदना व्यक्त किया और यथासंभव सहायता करने का भरोसा दिया। उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता कर के पीड़ित परिवार वालों को मदद करने के लिए आग्रह किये। शोकाकुल परिवारवालों को इस दु:ख की घडी में भगवान हिम्मत दे और मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। शोकाकुल परिवार से मिलने वालों में राकेश कुमार सिंह, अरविन्द सिंह एवं कंडसार नवादा के ग्रामीण उपस्थित थे।

झुमरा में भीम राव अम्बेदकर की जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

दारू : भीम आर्मी के सदस्यों द्वारा रविवार को सांस्कृतिक भवन झुमरा में एक बैठक किया गया। बैठक में आगामी 24 फरवरी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को धूमधाम से मनाने पर चर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी 09 पंचायत के लोग झुमरा में ही प्रखंडस्तरीय अम्बेडकर जयंती मनायेंगे। इस समारोह का जिम्मा भीम आर्मी के अध्यक्ष बबलू मेहरा को दिया गया। बैठक में आलोक राज, छोटन दास, करण कुमार, हीरामन राम, राजेंदर राम, राजेंदर दास, दिलीप दास, बैजनाथ कुमार, राकेश कुमार, अर्जुन राम, महेन्दर राम, डोमन राम, माइकु राम शामिल थे।

मुंडा समाज की भाषा व संस्कृति पर एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

बुंडू: बुंडू स्थित ताऊ स्कूल मैदान में झारखंड मुंडा समाज का भाषा एवं संस्कृति पर एक दिवसीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ समाज के इष्ट देवों के पूजा अर्चना से हुई। कार्यशाला में झारखंड़ के अलावे उडीसा और पश्चिम बंगाल से आये मुण्डा समाज के बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में विभिन्न कहा कि मुण्डा समाज अपनी भाषा संस्कृति, जीवन दर्शन, सामाजिक पहचान, रुढी स्वशासन को कायम रखने के जद्दोजेहाद में है। इसलिए मुण्डारी भाषा को व्यवहारिक रूप से अपनाने की आवश्यकता है। पुण्डारी खूंटकटी प्रभागत कानून के तहत नेग दस्तूरी के निर्वहन पर ओर दिया गया। सी एन टी एक्ट के रहते हुए जमीन जंगल के बेरोक टोक खरीद-बिक्री जारी है जिसे हर हाल में रोक जाना चाहिए। मुण्डा समाज के वक्ताओं ने पैसा कानून 1996 को अक्षरश: लागू करने की मांग का पुर?जोर समर्थन किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से राम चंद्र सिंह (प बंगाल), नंद लाल सिंह, भरत मुण्डारी, महेन्द्र सिंह (उड़ीसा) नियरेन हेरेंज (जमशेदपुर) सोमा सिंह मुण्डा, डॉ. सुभाष चन्द्र मुंडा ने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में कुंवर सिंह मुण्डा, नटखन मुण्डा, एतवा मुंडा, रविन्द्र सिंह मुण्डा के टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। मुंडा समाज के सभी लोग पारंपरिक पोशाक में शामिल हुए। कार्यशाला को सफल बनाने में गिरिश सिंह मुण्डा, अनिल सिंह मुंडा, द्रोपदी मुण्डा, सालु कुमारी, मंगल सिंह मुण्डा भूषण पु०डा, दोना सांडिल, बोध मुण्डा, सनिका मुण्डा, शिवजन मुण्डा, भवानी मुंडा, चंदु मुहरा, लालमनी मुण्डा, दुलाल मुण्डा, पूर्व चन्द्र मुण्डा आदि की सक्रिय भूमिका रही। कार्यशाला स्थल में आदिवासी साहित्य एवं आदिवासी परिधान की स्टॉल भी लगी।

2025 का बजट विकसित भारत का संकल्पित बजट : संजय सेठ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग स्थित जैन धर्मशाला में केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता शहर के प्रमुख व्यवसायी, प्रोफेसर, डॉक्टर, वकील एवं बुद्धिजीवियों के बीच की गई। परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, हजारीबाग लोकसभा के माननीय सांसद मनीष जायसवाल एवं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा की गई तथा संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा कहा गया की 2025 का बजट आने वाला दिनों में विकसित भारत का संकल्पित बजट सिद्ध होगा। पहले की सरकारें पंचवर्षीय योजना दिखाने के लिए बनाती थी। योजना पूरी नहीं होती थी 2025 के बजट में वित्त मंत्री द्वारा 12 लाख तक के आय में आयकर छूट देने की बात कही, तो सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के सांसद भी खुशी के मारे मेज थपथपाकर स्वागत किया, क्योंकि विपक्ष को यह उम्मीद नहीं थी। जीएसटी में सुधार के बदौलत भारत विश्व में पांचवी शक्ति के रूप में उभरी है और आने वाला दिनों में भारत तीसरी शक्ति बन जायेगा। भारत अपने देश के लोगों को कोरोना का वैक्सीन देने के साथ-साथ विश्व के 118 देश को निर्यात किया। जहां किसी देश का पूरा बजट 6 लाख 81000 करोड़ रूपया होता है, वहीं भारत में सिर्फ रक्षा बजट इतना है। भारत दुनिया के100 देश में रक्षा सामग्री का निर्यात करता है। डिजिटल लेनदेन में दुनिया का सबसे बड़ा देश भारत बन गया है। इससे करोड़ों युवक -युवतियों को रोजगार मिला है। देश का कोई गांव नहीं है जहां बिजली नहीं है। पहले की सरकारें वर्ष में 60 से 70 किलोमीटर रेल लाइन बिछाती थी और आज 500 से 6 00 किलोमीटर रेल लाइन बिछाया जा रहा है स्टार्टअप के लिए 10000 करोड़ रूपया से 20000 करोड़ रूपया आणि दुगनी बजट की गई है। पहले खिलौना का 80% चीन, जापान से आयात किया जाता था। वही आज 90% खिलौना भारत में निर्मित होता है। माननीय सांसद मनीष जायसवाल अपने संबोधन में कहा की 2025का बजट प्रोग्रेसिव बजट है। कृषि के क्षेत्र में केसीसी लोन पहले 300000 तक दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 500000 कर दिया गया है। कृषि के क्षेत्र में बेहतर उत्पादन के लिए एम एसपी में वृद्धि किया गया है। सिर्फ झारखंड में रेल बजट 700 करोड़ रूपया का है। किसनों की आय बढ़ाने हेतु फूड प्रोसेसिव यूनिट लगवाने की जरूरत है। कार्यक्रम को चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल एवं चार्टर एकाउंटेंट विकास वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर मधुबाला, प्रोफेसर सुबोध सिंह, शंकर चंद्र पाठक, कुलदीप सिंह, तरुण चक्रवर्ती, कमल जैन विनायक, अरुण कुमार वर्मा, ललित जैन, निर्मल जैन विनायक, प्रेम कुमार अग्रवाल, विष्णु जायसवाल, रविंद्र जैन, सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, आनंद देव, दामोदर सिंह, रेणुका शाहू, जयनारायण प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, कुणाल किशोर, शिव शंकर गुप्ता, मनोज गिरी, जितेंद्र जैन, अजीत चंद्रवंशी, तनवीर अहमद, राजकरण पांडे, विवेक बैरियर, साक्षी राणा, राम जी, अशोक कुशवाहा, अशोक साहू, बलदेव सिंह, श्वेता सिंह, ज्योत्सना पूनम कसेरा, कुमकुम देवी, कंचन शर्मा, निशा चौरसिया, सुमन भंडारी, हितेश रंजन, सांसद के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, यदि सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

महावीर मंदिर बूटी के भंडारा कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

रांची : श्री महावीर मंदिर बूटी के भंडारा कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों का जन सैलाब। श्री श्री महावीर मंदिर बूटी तृतीय वर्षगांठ के अंतिम दिन देवी पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, संध्या आरती एवं ब्राह्मण विदाई के साथ भव्य भंडारा का उद्घाटन जेएलकेएम रांची जिला महानगर अध्यक्ष संजय कुमार महतो एवं महावीर मंदिर बूटी के संरक्षक गणों द्वारा किया गया। भंडारा में बुटी मोड़ क्षेत्र के लोगों ने प्रासाद खाने के लिए हजारों के तादाद में आए और प्रासाद ग्रहण किया। रात 9:00 बजे से जगराता भक्ति सागर का ग्रामीणों ने काफी लुफ्त उठाया। भंडारा कार्यक्रम में अनेक गण मान्य लोग उपस्थित हुए उनमें लगन लाल महतो, रामकिशोर ओहदार, नरेश महतो, अजीत उपाध्याय, अभिषेक लोहरा, मोहनलाल महतो, रणधीर चौधरी, महावीर मुंडा, राहुल महतो, तुलसी महतो, कर्मदेव बैठा, कुंदन कुमार, सीता राम महतो, गनेश महतो, श्रवण कुमार(अध्यक्ष), रामेश्वर प्रसाद एवं क्षेत्र के अनेक सामाजिक एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए।

करमजीत सिंह बक्शी के घर पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास में रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय सहित भाजपा के कई गणमान्य पहुंचे और यहां शहीद के शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले आपके परिवार के लाल पर गर्व करने को कहते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद परिवार को सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप ने भी परिवारजनों के साथ हर जरूरत में एक बेटा/भाई के रूप में खड़े रहने का भरोसा जताकर उनका हिम्मत बढ़ाया। यहां रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद कैप्टेन के परिवारजनों की उपस्थिति में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से शहीद परिवार के भलाई के लिए विशेष चर्चा-परिचर्चा की साथ ही केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री से मिलकर भी बात करने पर सहमति बनी। यहां रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित अन्य भाजपा नेताओं से शहीद परिवारजनों ने शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी की जिंदगी की कई यादें अपनी भावनाओं के ज्वार में व्यक्त किया। शहीद परिवार की भावनाओं का एहसास कर सभी नेता भी द्रविभूत हो उठे और सबके आँखें नम हो गई। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता सुनील मेहता, आनंद देव, कुणाल दुबे, जीतू जैन, लबू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

खेती के विरुद्ध चौपारण पुलिस व वन विभाग का अफीम विनष्टीकरण अभियान जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बीते दो महीने से पुलिस प्रशासन और वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से वन विभाग व रैयती जमीन पर लगे अफीम फसलों को नष्ट करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिसका सुखद परिणाम भी सामने आ रहा है और सूचना के अनुसार खेती करने और करवाने वाले फरार चल रहे हैं। चौपारण थाना में उक्त मामले में इस वर्ष अब तक 9 प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त प्राथमिकी में 130 नामजद व सैकड़ो अज्ञात लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें से चौपारण पुलिस ने बरही इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर प्रसाद के नेतृत्व में पांच तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और अन्य नामजद की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी के साथ साथ अन्य जगहों पर लगे अफीम फसलों को भी रौंदने का कार्य कर रही है। रविवार को जब सभी सभी कार्यालय बन्द था तो डीएसपी अजित कुमार विमल के नेतृत्व में चौपारण पुलिस व वन विभाग के कर्मी वनों में अफीम फसल को नष्ट करने के लिए जंगल के पगडंडियों में दर दर भटक रही थी। रविवार को दिनभर जंगल में भूखे प्यासे टीम ने ग्राम अहरि और नावाडीह के इलाके के लगभग 4 से 5 एकड़ एरिया में लगे अफीम फसल को दर्जनों ट्रैक्टर से नष्ट किया। जानकारी के अनुसार अफीम फसल के फल में एक दो दिन में चीरा लगने ही वाला था,पर उससे पहले ही अफीम फसल को नष्ट करने से तस्करों के बड़े बड़े अरमानों पर पानी फिर गया। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि समय रहते अफीम फसल को नष्ट करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिससे तस्करों का मनोबल लगातार टूट रहा है। यहां तक कि तस्करों का खेती का लागत भी निकलना मुश्किल हो रहा है जिससे तस्करो को जंगल मे दुबारा खेती के लिए हजार बार सोचना पड़ेगा। अफीम नष्ट करने के अभियान मे थाना प्रभारी चौपारण, एसआई रोशन, रवि रंजन, श्रवण पासवान और सशस्त्र बलों के अलावे वन विभाग की टीम शामिल थी।

बजरंग अखाड़ा समिति की बैठक में पुराने लाइसेंसी अध्यक्ष को हटाने पर चर्चा

जमशेदपुर : श्री श्री बजरंग अखाड़ा समिति, साकची शहीद चौक की एक बैठक में पुराने लाइसेंसी अध्यक्ष को हटाकर नए लाइसेंसी अध्यक्ष को निर्गत करने एवं रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गयी। पिछले दिनों संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता श्री श्री बजरंग अखाड़ा कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू ने की। जिसमें पिछले साल चंदा का हिसाब मांगने पर अखाड़ा लाइसेंसी अध्यक्ष प्रहलाद कुमार साव द्धारा किये गये खराब व्यवहार के कारण हुए विवाद पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पिछले वर्ष लाइसेंसी अध्यक्ष के द्वारा लड़ाई झगड़ा करना, आपसी भाईचारा खराब करना, मंदिर पर जबरन कब्जा करना, मंदिर कमेटी के लोगों को डाराना धमकाना, अखाड़ा में नहीं जाने की धमकी देना, माहौल खराब करने की जो भी घटना घटी थी। वही घटना दोबारा ना घटे इसके लिए इस बार मिलकर नई कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया, जो इस प्रकार है:- इस बार अखाड़ा का लाइसेंसी राकेश साहू को बनाया जाए जो पूर्व से अखाड़ा में कार्यकारी अध्यक्ष हैं। संरक्षक परविंद सिंह तथा सह संरक्षक नवल सिंह को बनाने पर विचार विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष के लिए सुरेंद्र शर्मा, धर्मा राव, बिट्टू सिंह, प्रमोद सिन्हा का नाम का प्रस्ताव पारित किया गया। महामंत्री के लिए एस आर कमलेश, सचिव के लिए प्रवीर कुमार, मुकेश सिंह, बलवीर सिंह, संतोष मिश्रा, सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा को बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस विषय में जल्द ही जिला प्रशासन से मिल कर अपनी बातों को रखने की बात कही गयी। बैठक में मुख्य रूप से संतोष सिंह, प्रमोद कुमार, करण कुमार, राकेश सिंह अन्य पूजा कमेटी के सदस्य गण मौजूद थे।

बरही में 31वां केसरवानी मिलन समारोह सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के बैनर तले रविवार को आयोजित 31वें केसरवानी मिलन समारोह की धूम रही। समारोह का शुभारंभ नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद केशरी के द्वारा झंडोतोलन कर व गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पण कर किया गया। समारोह में बरही, चौपारण, पदमा, चंदवारा के अलावा हजारीबाग, कोडरमा जिले एवं बिहार से भी अतिथियों को आमंत्रित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष बलराम केसरी व संचालन राजेश केशरी व सेजल केशरी ने किया। मौके बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ठ अतिथि स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा उपस्थित हुए, जिन्हें पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों के विचार के उपरांत इस संगठन का नीव रखा गया, वे बधाई के पात्र हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जहां समाज के लोग एक साथ बैठते हैं,वहां सामाजिक बुराई हटाने की बात होती है और विकास का मार्ग प्रशस्त किए जाते हैं। आगे कहा कि समाज की नींव शिक्षा से होती है, जो समाज का भविष्य तय करती है। वहीं केशरवानी समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बल देने को कहा। इसके साथ उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि होने के नाते इस समाज के लिए मै हमेशा सहयोग के लिए खड़ा रहूंगा। वहीं मुखिया सिकंदर राणा ने कहा कि जिस समाज के लोग संगठित होकर 31वर्ष तक हर कदम साथ चलने का कार्य किया है, निश्चित तौर पर विकास की दिशा तय करेगी। वहीं केशवानी समाज के लोगों ने अपने समाज को नशामुक्त, समाज में व्याप्त दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने को ठाना। वहीं पुराने पदाधिकारी को विदाई सम्मान दी गई और नव निर्वाचित पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। मौके पर पुराने पदाधिकारी अपने कार्यकाल में समाज की उत्थान के विषय में चर्चा किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने भक्ति नाटक और सांस्कृतिक नृत्य से लोगों को मन मोहा। मौके पर नगर केशरवानी समाज के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू पूर्व झा. प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी, दशरथ केशरी, परमेश्वर केशरी,पूर्व में संगठन मंत्री महेंद्र केसरी, महामंत्री आशीष केसरी, कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, मुख्य संरक्षक कपिल केसरी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरी, तरुण सभा अध्यक्ष रंजीत केसरी कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, पूर्व अध्यक्ष बलराम सोनी और पारा लीगल वालेंटियर दीपक कुमार नियुक्त किए गए थे। टीम बी में डीएवी जूनियर स्कूल के लिए न्यायिक पदाधिकारी अभिनव कुमार, पैनल अधिवक्ता विजय कुमार सिंह, असिस्टेंट एलएडीसी ओशिता कीर्ति रंजन और पारा लीगल वालेंटियर विकास पांडे नियुक्त किए गए थे। वहीं टीम सी में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के लिए न्यायिक पदाधिकारी सुमंत दीक्षित, चीफ एलएडीसी मुरली कुमार राणा, डिप्टी चीफ एलएडीसी सौरव अंशु, पैनल अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद और पारा लीगल वालेंटियर के तौर पर पंकज कुमार और नीरज कुमार पासवान को नियुक्त किया गया था। ऑनलाइन शुभारंभ के बाद न्यायाधीश सुजीत रंजन प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालयों में अन्य विषयों के ज्ञान के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण कानून की जानकारी भी बच्चों को होनी चाहिए। ताकि समाज में चल रही कुरीतियों को दूर किया जा सके। इसके साथ ही विधिक तौर पर जागरूक रहने से अपराध में कभी भी आएगी। रविवार को पूरे झारखंड में 72 विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारंभ किया गया। जबकि पहले से 500 से अधिक विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब चलाए जा रहे हैं। जिसका सीधे तौर पर लाभ बच्चों को मिल रहा है। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि लीगल लिटरेसी क्लब के शुभारंभ के बाद उन विद्यालयों में समय-समय पर लगातार विधिक जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को महत्वपूर्ण कानून की जानकारी दी जाएगी। और उनके माध्यम से समाज में लोगों को कानून के प्रति जागरूक करने का एक सार्थक पहल किया जाएगा। यह कार्यक्रम दस बजे से प्रारंभ होकर एक बजे तक चला। इस दौरान इस संबंधित सभी तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संत निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के ग्राम नावाटांड़ में शनिवार को संत निरंकारी मिशन ब्रांच अलपीटो के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ग्राम नावाटांड़ स्थिर सामुदायिक भवन एवं उसके आस-पास के सभी स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मिशन के सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज द्वारा स्वच्छता के संबंध में दिए गए वचन को लोगों के बीच साझा किया गया। प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक हैं जैसे वचन शामिल हैं। इसके अलावा बताया गया कि जिस तरह से पर्यावरण में स्वच्छता के लिए गंदगी की भी सफाई करने की जरूरत होती है, उसी तरह गंदगी को दूर करने के लिए ब्रह्म ज्ञान की जरूरत होती है, जो हमें केवल निरंकारी सत्संग के माध्यम से प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशन के सेवा दल के भाई-बहन के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवियों द्वारा भरपूर सहयोग किया गया।

साईं परिवार की कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : साईं मंदिर परिवार, ओकनी के 13 वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को ओकनी साईं मंदिर परिवार की ओर से भव्य मंगल कलश यात्रा स्थानीय खजांची तालाब परिसर स्थित मनोकामना मंदिर प्रांगण से बाजे- गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान विधिवत पूजा- अर्चना करके युवती और महिलायें माथे पर कलश में नारियल, आम पत्र और अन्य शुभ सामग्री लेकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए रवाना हुए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय के बाहर कलश यात्रा का स्वागत किया और हाथ जोड़ कर कलश यात्रियों का अभिनंदन किया। उन्होंने आयोजकों को फूल माला पहनाकर उनके इस धार्मिक प्रयास की सराहना की। इस दौरान उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर ॐ साईं राम के नारे से गुंजयमान होता रहा और पुरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

तीन विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले रविवार को जिले के तीन विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारंभ किया गया। यह शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सह न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। तीन विद्यालयों में डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर, कनहरी हिल रोड, हजारीबाग, डीएवी पब्लिक स्कूल जूनियर कनहरी हिल रोड, हजारीबाग और डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के नाम शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के आदेश पर तीन टीमों का गठन किया गया था। टीम ए में डीएवी सीनियर स्कूल के लिए न्यायिक पदाधिकारी रूपा वंदना किरो, पैनल अधिवक्ता गौरव सहाय, डिप्टी चीफ एलएडीसी विकास

बिगहा में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र यज्ञ सह कलश यात्रा का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा हजारीबाग और चतरा जिला शाखा बिगहा चौपारण द्वारा बिगहा में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र यज्ञ सह द्धितीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। कलश यात्रा में दौरान 751 कलशधारी महिलाओं ने जल संग्रहण के लिए छठ तालाब, शिव मंदिर चौपारण से जल संग्रहण किया। लगभग दस किमी नगर भ्रमण कर कलश को पवित्र मंडप में स्थापित किया। इस दौरान बिगहा, चतरा मोड, बजरंग टोला, बस स्टैंड आदि इलाकों का भ्रमण हुआ। महाकुम्भ की वजह से जीटी रोड जाम रहने के कारण कलश यात्रा को छोटा कर दिया गया। इसके पहले यज्ञाचार्य के मंत्रोच्चारण के बीच विधायक मनोज यादव ने प्रधान पुजारी को कलश देकर यात्रा के लिए विदा किया। उन्होंने देर तक यात्रा में शामिल होकर सभी का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ का आयोजन सनातन धर्म के लिए श्रेष्ठ पूजन विधि है। इसका धार्मिक, आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक महत्व है। बिगहा में बीते कई सालों से लगातार आध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में बेहतर संदेश जाता है। यज्ञ के आयोजन से पर्यावरण शुद्धि के साथ आत्मिक शुद्धि भी होती है। कलश यात्रा में प्रमुख प्रतिनिधि संजय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, जीप सदस्य राकेश रंजन, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, मुखिया पप्पू रजक, ममता देवी, गंदौरी दांगी, जानकी यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा, रितेश सिंह, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, विकास यादव, रामचन्द्र सिंह, विहित नेता संजय सिंह, विराज रवीदास, गजाधर प्रसाद, सुमन सिंह, सियाराम सिंह सहित अन्य। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष महेंद्र चंद्रवंशी, सचिव करुणा चंद्रवंशी, समाज अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र राम चंद्रवंशी, अशोक राम, लखन चंद्रवंशी, रामजीवन चंद्रवंशी, देवेंद्र चंद्रवंशी, राजु चंद्रवंशी सहित अन्य महती भूमिका निभा रहे है।

एक झलक

निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

बाघमारा (धनबाद) : संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को कतरास लिलोरी मंदिर स्थित कतरी नदी में रविवार साफ सफाई किया गया। इसके अलावे जितनी भी नदिया है, वहां भी ये अभियान चलाया गये, क्योंकि आज बाबा संत निरंकारी का जन्मोत्सव है। इस अभियान में लगभग 700 सेवा दार लगे हैं, जो पूरे नदी की साफ सफाई करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में बाइक चालक मृत, दूसरा भी हुआ घायल

झरिया (धनबाद) : झरिया धनबाद मुख्य मार्ग बस्ताकोला आशा आईटीआई के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज रफ्तार बाईक सवार असंतुलित होकर सड़क किनारे एक दिवाल मे जा टकराया। जिसपर सवार 17 वर्षीय मंगल पासी की मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठे विकास बाउरी बुरी तरह जख्मी हो गया। आनन फानन मे स्थानीय लोगों ने मंगल को एसएनएमएमसीएच ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों झरिया के आशा बिहार नई दुनिया के रहने वाले हैं। घटना की सूचना पाकर स्वजन घटनास्थल पहुंचे।वहीं मंगल की मौत की खबर पाते ही उसके आवास नई दुनिया में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चिख पुकार से पूरा क्षेत्र मातम पसर गया। विधवा मां अमावस्या देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वह रोते रोते बार बार बेहोश हो जा रही थी। उसके मुंह से बस यही निकल रहा था कि कोई मेरे बेटे को वापस ला दो। परिवार के करूणा कंद्रण से वहां मौजूद लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाये। मृतक मंगल पासी तीन भाई है। मंगल सबसे छोटा था। वहीं बड़े भाई का नाम गोरका पासी, मंझले भाई का नाम सूरज पासी है। मृतक की मां और भाई मजदूरी कर जीवन यापन करते है। घटना की सूचना पाकर झरिया थाना गश्ती दल मौके पर पहुंची बाइक को जब्त कर लिया।

क्षतिग्रस्त पुलिया के मरम्मत कार्य का हुआ शिलान्यास

सिन्दरी (धनबाद) : हीरक रोड मनोहरटांड स्थित पुलिया के मरमत कार्य का शिलान्यास रविवार को हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार तीस साल पूर्व भरी बारिश होने से यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी थी। चर्चा के अनुसार इस क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण कई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए। तीस सालों के बाद प्रशासन कुंभकर्णी निंद से जागा है और विशेष प्रमंडल ग्रामीण विकास विभाग ने पुलिया के मरम्मत के लिए टेंडर आवंटित किया। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने 1.97 करोड की लागत से बनने वाले पुलिया के निर्माण की शिलापट का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि पहले पुलिया का निर्माण हो जाएगा तब बधाई दीजिएगा। इस अवसर पर गणेश महतो, विश्वनाथ गोराई, मंगल महतो, रोहित महतो, राजाराम रजक थे।

मोतियाबिंद ऑपरेशन का जांच शिविर आयोजित

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) : शैल देवी पब्लिक स्कूल मोतीनगर, गोशाला, सिन्दरी में रविवार को हाईटेक हौस्पिटल गोविंदपुर एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह के सौजन्य से मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. सुश्री विनीता कुमारी के द्वारा 59 रोगियों की जांच की गई। 25 रोगियों को औपरेसन हेतु चयनित किया गया। जिनका औपरेसन दिनांक 24 फरवरी सोमवार को हाईटेक हौस्पिटल गोविंदपुर में होगा। मौके पर संदीप गुप्ता, रवि कुमार, प्रेम सुंदर मंडल, उप प्रधानाचार्या श्रीमती रुबी कुमारी, सुधा कुमारी, पूनम कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन पर जोर

- गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में आये कई सुझाव व सलाह
- एम.एड. और बी.पी.एड. के अलावा व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू कराने का हुआ आग्रह
- प्रबंधन समिति ने अभिभावकों की जिज्ञासाओं को मिटाया, कॉलेज के नियमों-परिनियमों को समझाया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग में रविवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की हुई। इसमें अभिभावकों ने महाविद्यालय प्रबंधन समिति को कई सुझाव और सलाह दिए। इस बैठक में प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन पर दोनों पक्षों से जोर दिया गया। अभिभावक रामचंद्र रवि ने कहा कि नियमों-परिनियमों के अधीन इस कॉलेज में जिस तरह से बीएड प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, उससे वे संतुष्ट हैं। अनुशासन, उपस्थिति, नियमित कक्षाएं और विभिन्न गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम ही इस कॉलेज की अपनी अलग पहचान है। अभिभावक अबोध कुमार ने कहा कि वह खुद सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और वह अपनी बेटी से यहां की गतिविधियों के बारे में पूछते हैं। फिर कोशिश करते हैं कि वह जिस सरकारी स्कूल में हैं, वहां भी ऐसा ही अनुशासन और विविध गतिविधियां हों।

इससे पहले महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने समीक्षात्मक विश्लेषण करते हुए अभिभावकों की जिज्ञासाओं को मिटाया और अनुशासन व कॉलेज में बनाए नियमों-परिनियमों को समझाया।

सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि 18 वर्षों का कॉलेज का स्वर्णिम इतिहास रहा है। यहां के सैकड़ों प्रशिक्षु विभिन्न ओहदों पर आसीन हैं। आज भी वे लोग बताते हैं कि इस कॉलेज के अनुशासन और संस्कार ने उन्हें यहां तक पहुंचाया।

प्राचार्या डॉ वसुंधरा कुमारी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं को आचार, व्यवहार और संस्कार से उनका सर्वांगीण विकास करने में शिक्षकों और अभिभावकों की अहम भूमिका है। उन्होंने प्रशिक्षुओं के लिए बनाए गए आचार संहिता की जानकारी दी और उसके अनुपालन में अभिभावकों का भी सहयोग अपेक्षित बताया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि और धन्यवाद ज्ञापन वर्षा कुमारी ने किया। मौके पर सभी सहायक प्राध्यापक, शिक्षकेत्तरकर्मी और अभिभावक मौजूद थे।

जनता श्रमिक संघ का मिलन समारोह आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : लोदना श्रमिक कल्याण स्थित कार्यालय में आज जनता श्रमिक संघ का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से झरिया विधायक सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित थी। इस दौरान विभिन्न संगठन छोड़कर सैकड़ो की संख्या में मजदूर भाई बहनों ने जनता श्रमिक संघ का दामन थामा। जहां सभी को विधायक रागिनी सिंह ने माला पहनकर संघ में स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद 6 नंबर एवं 9 नंबर साइडिंग के मजदूरों का जो कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के अंतर्गत पीएफ का मामला लंबित चल रहा था उसका समाधान हो चुका है। साइडिंग के 242 मजदूरों का वर्ष 2024 तक का पीएफ अपडेट करा दिया गया है और उनके खाते में भी राशि चढ़ा दी गई है, यहां तक की मजदूरों को पीएफ खाता भी उपलब्ध करा दिया गया है। इसका श्रेय जनता श्रमिक संघ के नेताओं को जाता है। क्योंकि बरसों से यह मामला चल रहा था और हमने वादा किया था कि मजदूरों को उनका हक दिला कर रहेंगे और हमने अपने वादा को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावे विस्थापन की समस्या लोदना में है इसलिए आप लोग घबराए नहीं, बिना समुचित व्यवस्था के यहां से एक को भी जाने नहीं देंगे पानी की समस्या का भी समाधान किया जाएगा ।इसके अलावा भी जो समस्याएं हैं उसका समाधान करने का काम किया जाएगा। जहां इस दौरान मजदूरों में खुशी की लहर देखी गई ।इस दौरान मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, संजय पासवान, संजय यादव सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

जाम से निजात के लिए कतरास नागरिक समिति ने की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास नागरिक समिति की बैठक रानी सती मंदिर धर्मशाला में रविवार को हुई। जिसमें सांसद ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में कतरास के व्यवसायी, सब्जी विक्रेता, चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित स्थानीय नागरिकों ने कतरास बाजार में हो रहे जाम की समस्या को उठाया। कहा कि ट्राफिक व्यवस्था में सुधार ना होने से दुकानदारों को समस्या, जोगता रानीबाजार में सरकारी हॉस्पिटल को सुदृढ़ बनाने, नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट कि समस्या को दूर करने, साथ ही सफाई व्यवस्था में सुधार, पानी के किलत से कतरास बाजार के लोग जूझ रहे है। जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के समाधान की मांग किया। जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के लिए पहल करने का आश्वासन दिया।

यह बैठक कतरास बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। मौके पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह, बाघमारा अंचलाधिकारी डी महतो, प्रिंस शर्मा, प्रदीप पांडे, वार्ड संख्या 5 के पार्षद राजेंद्र प्रसाद, वार्ड नंबर 3 के पार्षद विनायक गुप्ता, सुरेश केडिया, प्रकाश राम गुप्ता, विजय तुलस्यान, महेश पासवान, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मुकेश झा, मनोज गुप्ता, मंजर आलम, कुंदन सिंह, श्याम किशोर, अमित भगत, मुन्ना यादव, विनय पासवान, बबलू गुप्ता, एमडी शब्बीर आलम पप्पू, सुरेश शर्मा, विनय वर्मा, छोटू पासवान, इंदर सिंह, प्रिंटर शर्मा, मिंटु अंसारी, विमल तिवारी, चेतन शर्मा, नितिन शर्मा, आदि लोग मौजूद थे।

लीगल लीट्रेसी क्लब का हुआ उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : टाटा डीएवी सिजुआ में रविवार को लीगल लीट्रेसी क्लब का उदघाटन न्यायधीश स्तयभामा कुमारी, प्रेस क्लब कतरास अध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान, प्राचार्या चन्द्रणी बनर्जी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर की।

मौके पर सभी ने क्लब की उपयोगिता के बारे मे जानकारी देते हुऐ कहा कि बच्चो को कानुन की जानकारी होना काफी ही जरूरी है, ताकि उनके साथ किसी तरह का गलत नही हो सके। कार्यक्रम मे सहायक एलएडीसीएएस मुस्कान चोपडा, पीएलभी बिपिन कुमार, एके सिंह, आयुष अग्रवाल, कल्पना राय, एच के राय, अनिता शर्मा, रूबी हाजरा, मनीष जोशी सहित अन्य मौजुद थे।

जलापूर्ति योजना में विलम्ब को लेकर डीसी से मिलीं विधायक

झरिया (धनबाद): झरिया में एक सौ बारह करोड़ की लागत से झमाडा द्वारा किए जा रहे कार्य में अनियमितता बरतने को ले विधायक रागिनी सिंह धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिली। डीसी से वार्ता के दौरान विधायक ने उन्हें इस गंभीर विषय से अवगत कराया। धीमी गति से चला रहे कार्य पर अपनी आपत्ति जताई और जल्द से जल्द कार्य को पूरा किए जाने की मांग रखी। वही संवेदक द्वारा कार्य में किए जा रहे धांधली के प्रति अपना रोष व्यक्त कर निष्पक्ष जांच की मांग की। वही योजना निधि फंड का नगर निगम विभाग द्वारा खर्च का विवरण नहीं देने और निरीक्षण के वक्त कार्यस्थल पर अधिकारियों की मौजूदगी न होने पर अपनी आपत्ति जताते हुए सभी बातों से उपयुक्त श्रीमती मिश्रा को अवगत करा विभागीय कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि वो इस मामले को सदन में उठायेंगी दूसरी ओर राज प्लस टू के इंडस्ट्री भवन चल रहे पठन पाठन कार्य को भौरा स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा।

बीआईटी सिन्दरी में टेक महोत्सव-2024 के स्पर्द्धा त्रिवेणी के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : आईएसटीई, बीआईटी सिंदरी में टेक महोत्सव-2024 के अंतर्गत आयोजित त्रिवेणी महोत्सव निदेशक डॉ पंकज राय के मार्गदर्शन में हुआ। त्रिवेणी के प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. बीडी यादव ने विद्यार्थियों को तकनीकी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। डॉ यादव ने नवाचार और सतत प्रयासों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जीतना एक आदत बननी चाहिए। त्रिवेणी के अंतर्गत एस्केप द रुम, मोस्ट इंटेलिजेंट ब्रांच, एक्सेलरेट, स्मार्ट सिटी चैलेंज, टेक्नोशॉट, और एग्जिबिटो सदृश तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया।

यज्ञ समिति ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ मुनिडीह रोड धोबनी धंडावर के प्रांगण में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को यज्ञ कमेटी की ओर से बुके देकर सम्मानित किया गया। श्री सिंह ने यज्ञ मंडप में जाकर पूजा अर्चना किये। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने यज्ञ कमेटी को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी कि ओर से आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर धनबाद कांग्रेस महासचिव बिजेंद्र पासवान, जिला सचिव प्रीतम रवानी, निवारण महतो, सुभाष सिंह छोटू, धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, सहित अन्य उपस्थित थें।

डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा में वर्चुअल लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन

धनबाद : रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा धनबाद में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के सहयोग से वर्चुअल लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि श्वेता कुमारी, सिविल जज, सीनियर डिवीजन टू, धनबाद, स्वाति कुमारी, असिस्टेंट एलईडीसीएस व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती झूमा महता ने सम्मिलित रूप से मंगलदीप प्रचलित कर लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया। प्राचार्य महोदया ने आगत अतिथिगण का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब झालसा की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकार व जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा शिक्षित करना है इसकी सहायता से बच्चे अपने सांवैधानिक अधिकार, न्याय व मानवाधिकार के बारे में सीख पायेंगे।

डीएवी पब्लिक स्कूल में लीगल लिट्रेसी क्लब का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में जिला विविध सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट निर्भय प्रकाश और डिप्टी चीफ एलडीसी अजय कुमार भट्ट धनबाद ने संयुक्त रुप से लीगल लिट्रेसी क्लब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायाधीश निर्भय कुमार ने कहा कि कानून की शिक्षा विद्यालय में पहले दिन से ही शुरू होनी चाहिए। हमें अपने कर्तव्य और मूल अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। तभी हम अच्छे नागरिक बन सकेंगें। उन्होने कहा कि कानून की जानकारी होना सभी के लिए आवश्यक है। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि नियम और कानून की जानकारी होना और इसका पालन करना अच्छे नागरिक की पहचान है। आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनेगा। समय समय पर विद्यार्थियो को जिला न्यायिक परिसर का विजिट कराकर न्यायालय की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। लीगल लिट्रेसी क्लब के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार, एंटी रैंगिंग कानून, यातायात सुरक्षा, महिला सुरक्षा, घरेलु हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानवाधिकार, पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, कैरियर काउंसलिंग के संबंध में शिक्षा दी जायेगी।

इसके पूर्व मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह संरक्षक झालसा एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष एचसीएलएससी रोंगोन मुखोपाध्याय के गरिमामय उपस्थिति मे झारखंड के सभी डी ए वी विद्यालय में आनलाइन लीगल लिट्रेसी क्लब का शुभारम्भ किया गया।

जेंडर एवं बाल विवाह उन्मूलन पर निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा डासरा के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र धोवा टांड़ में महिला मण्डल एवं किशोरी मंडल के साथ जेंडर एवं बाल विवाह उन्मूलन पर निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल, एवं चित्रांकन के माध्यम से जेंडर आधारित भेद भाव, हिंसा एवं बाल विवाह के कुरीतियों को दर्शाया गया। प्रतिभागियों को सत्ता, जेंडर आधारित भेद भाव, हिंसा एवं बाल विवाह रोक पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के पुजा कुमारी, चंदा कुमारी, पुजा, माला ने प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज होने के कारण आज भी महिलाएं हाशिए पर खड़ी है लेकिन परिवर्तन की लहर चल पड़ी है, महिलाएं आज पुरुषों के साथ समान रूप से कार्य कर रही, सिर्फ सोच में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है, जिसकी शुरूआत अपने अपने घरों से करने की आवश्यकता है। श्री रवानी ने आगे कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के लिए दुनिया भर में अभियान चलाया जा रहा है बाल विवाह के नाम पर बच्चियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक शोषण किया जाता है।

2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए देश भर में सघन कार्य किया जा रहा। बालिकाओं एवं महिलाओं द्वार पूछे गए प्रश्नों का जवाब श्री रवानी ने बारी बारी से दिया। कार्यशाला में धोवा टांड़ गांव के 35 किशोरी एवं महिलाओं ने भाग लिया।

मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, शीतला कुमारी, नीतू कुमारी, सुहानी कुमारी, अष्टमी कुमारी, सिमरन कुमारी, आरती कुमारी, पायल कुमारी, संजू देवी, सस्तमी देवी, पलानी देवी, मीणा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सम्पादकीय.....

बात है विश्वसनीयता की

सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के महज 48 घंटे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त की हुई नियुक्ति विवादों में घिर गयी है। 17 फरवरी की देर रात यह नियुक्ति की गयी। इस प्रक्रिया में सरकार, विपक्ष और चुनाव आयोग को विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा उतरने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति द्वारा की गयी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मामले में सरकार पर नियम-कानूनों के दायरे से बाहर जाने का कोई आरोप नहीं है। बावजूद इसके यदि निर्णय को लेकर सवाल उठ रहे हैं और विवादों से नहीं बचा जा सका, तो स्पष्ट है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में नियम-कानूनों के पालन की रस्म अदायगी हमेशा काफी नहीं होती। दरअसल, निर्णय ऐसे समय में आया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देनेवाली याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई को 48 घंटे भी नहीं रह गये थे। तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति के एक महत्त्वपूर्ण सदस्य के तौर पर नेता प्रतिपक्ष ने बैठक में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए निर्णय को स्थगित करने का प्रस्ताव भी रखा। लेकिन, प्रधानमंत्री और उनके द्वारा मनोनीत सदस्य गृहमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष की राय को दरकिनार करते हुए बहुमत से निर्णय कर अपनी सिफारिशें राष्ट्रपति के पास भेज दीं। यद्यपि, सर्वोच्च न्यायालय ने नियुक्ति प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक नहीं लगायी थी। अतः, बहुत स्पष्ट है कि सरकार ने नियुक्ति को अंतिम रूप देकर अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं किया है। उसे इस निर्णय का अधिकार था। बावजूद इसके एक सवाल तो है ही कि क्या ऐसा करके सरकार ने अपने अधिकारों का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित किया है? दरअसल, यहां मूल प्रश्न है मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया को अधिक से अधिक विश्वसनीय और विवाद रहित कैसे बनाया जाये। नियुक्ति समिति में देश के मुख्य न्यायाधीश के बदले कैबिनेट मंत्री को जगह देने से विपक्ष को बेशक एक मुद्दा मिल गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया को एक हद से अधिक महत्त्व नहीं दिया जा सकता। अच्छी से अच्छी प्रक्रिया भी दुरुपयोग का शिकार हो सकती है। सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई 19 फरवरी को ही होनी थी। देखनेवाली बात होगी कि संदर्भ पर न्यायालय का रुख कैसा रहता है। यहां समझनेवाली बात यह है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावों की विश्वसनीयता का सवाल जितना महत्त्वपूर्ण है, उतना ही व्यापक भी। इसे महज एक नियुक्ति या नियुक्ति की प्रक्रिया तक सीमित मानना ठीक नहीं होगा। बहरहाल, तमाम स्थितियों को देखते हुए यही कहना मुनासिब जान पड़ता है कि सरकार और विपक्ष के साथ ही चुनाव आयोग को भी विश्वसनीयता और जिम्मेदारी की दोहरी कसौटी पर अपनी भूमिका को परखते हुए कदम आगे बढ़ना होगा।

लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता कितनी जायज?

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

लिव-इन रिलेशनशिप के मुश्किल से 10% मामले ही शादी तक पहुंच पाते हैं। बाकी 90% मामलों में रिश्ते टूट ही जाते हैं। ठीक उसी तरह, जिस तरह आजकल के नवयुवक प्रेमी-प्रेमिकाएं जितनी तेजी से प्रोपोज करते हैं, उतनी ही तेजी से ब्रेकअप और फिर उतनी ही तेजी से प्रेमी भी बदल लेते हैं। ऐसे प्रेमी-प्रेमिकाओं को लिव-इन रिलेशनशिप जैसी लुभावनी प्रथा सही लगती है। क्योंकि, उन्हें एक-दूसरे के साथ बिना शादी के पति-पत्नी जैसा रहने का मौका मिल जाता है और पति-पत्नी जैसे रिश्ते का अर्थ आप अच्छी तरह समझते हैं। इसीलिए रिश्ता टूटने के बाद सबसे ज्यादा जीवन बर्बाद लड़कियों का होता है। विशेषकर विवाह के समान भरण-पोषण और उत्तराधिकार के अधिकार प्रदान करना। सहवास में जन्मे बच्चों की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करना, विशेष रूप से वैधता और उत्तराधिकार अधिकारों के सम्बन्ध में।

वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। यह सहवास के नैतिक परिणामों तथा विवाह और परिवार के पारंपरिक विचारों पर प्रश्न उठाता है। भारतीय युवाओं की जीवन शैली में तेजी से बदलाव आ रहा है। इसके लिए ये आधुनिक संस्कृति को अपनाने में कोई भी झिझक महसूस नहीं करते और लिव इन रिलेशनशिप आधुनिक संस्कृति की ही एक शैली है। आजकल के युवा लिव इन रिलेशनशिप को वैवाहिक जीवन से बेहतर मानने लगे हैं। आज की पीढ़ी शादी और लिव इन रिलेशनशिप को एक जैसा ही मानती है। इनका मानना है कि शादी में समाज और कानून का हस्तक्षेप होता है किन्तु लिव इन रिलेशनशिप में ऐसा कुछ भी नहीं होता है। बल्कि पूरी आजादी होती है। लेकिन शादी और लिव इन रिलेशनशिप में अंतर है। ये प्रथा जितनी आसान लगती है उतनी ही पेचीदा है। जितने इसके फायदे हैं उससे कहीं ज्यादा नुकसान हैं। इस तरह के सम्बंध प्रायः पश्चिमी देशों में बहुतायत में देखने मिलते हैं। क्योंकि वहाँ की संस्कृति इस प्रथा को सहज ही स्वीकार करती है। वहाँ की लाइफस्टाइल भी कुछ इसी तरह की है। भारत में भी कुछ वर्षों से इस व्यवस्था को सपोर्ट मिला है। जिसके पीछे महानगरों में बसने वाले कुछ लोगों के बदलते सामाजिक विचार, विवाह की समस्या और धर्म से जुड़े मामलों का होना माना जा सकता है। समाज का एक वर्ग इसे भारतीय संस्कृति के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। तो वहीं दूसरा वर्ग इसे आधुनिक परंपरा में बदलाव के रूप में देखते हुए स्वतन्त्र जीवन जीने के लिए वरदान मानता है। हर चीज के अपने-अपने फायदे और नुकसान होते हैं। हाल ही में अधिनियमित उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ने लिव-इन पार्टनरशिप के लिए व्यापक विनियमों की एक श्रृंखला स्थापित की, जिसका लक्ष्य उन्हें विनियमित करना और उनकी कानूनी मान्यता की गारंटी देना है। लेकिन इनसे काफी चर्चा भी हुई है और सरकारी निगरानी तथा गोपनीयता को लेकर चिंताएँ भी पैदा हुई हैं। पिछले 20 वर्षों में, लिव-इन रिलेशनशिप-जिसमें जोड़े बिना शादी किए एक साथ रहते हैं-भारतीय समाज और कानून में अधिक स्वीकार्य हो गए हैं। अतीत में भारतीय समाज पारंपरिक मूल्यों पर आधारित था और प्रतिबद्ध रिश्ते का एकमात्र स्वीकृत रूप विवाह था। लिव-इन पार्टनरशिप को अक्सर कलंकित माना जाता था तथा समाज द्वारा इसे नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता था। हालाँकि, वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद एस. खुशबू बनाम) का उपयोग करते हुए, भारतीय अदालतों ने कई फैसलों में लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी है। कन्नियाम्मल (2010) के अनुसार, लिव-इन पार्टनरशिप व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आती है। सरमा, इंद्र वि। 3. के. वी. । सरमा (2013) : इसने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) के तहत विवाह जैसे दिखने वाले लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी और उन्हें विभिन्न प्रकारों में वगीकृत किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने रेखांकित किया है कि साथी चुनने और घनिष्ठ सम्बंध स्थापित करने की स्वतंत्रता संविधान के मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति पर अनुच्छेद 19 (सी) के अंतर्गत आती है।

घरेलू हिंसा के विरुद्ध संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) अपने दायरे में रविवाह की प्रकृति वाले सम्बंधोंर को शामिल करके, लिव-इन सम्बंधों में घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं को संरक्षण प्रदान करता है। डी. वेलुसामी बनाम के सम्बंध में। न्यायालय ने डी. पचैअम्मल (2010) में फैसला सुनाया कि केवल विवाह जैसे रिश्ते ही घरेलू हिंसा कानूनों के तहत कानूनी संरक्षण के लिए योग्य होंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने उन मामलों में व्यवस्था दी है जहाँ लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चों को कानूनी रूप से विवाहित माता-पिता के समान उत्तराधिकार के अधिकार प्राप्त होंगे। उत्तराखंड यूसीसी के तहत लिव-इन पार्टनरशिप का पंजीकरण होना आवश्यक है। यह उत्तराखंड के निवासियों और भारत के बाहर रहने वाले लोगों दोनों पर लागू है। जो जोड़े एक साथ रहने का निर्णय लेते हैं, उन्हें अपने रिश्ते को यूसीसी के तहत शुरू और अंत में पंजीकृत कराना होगा। यदि वे औपचारिक रूप से अपने रिश्ते को स्थापित करना चाहते हैं, तो विवाह के लिए युगल की पात्रता की पुष्टि करने वाला धार्मिक नेता से प्राप्त प्रमाण पत्र, आधार से जुड़ा ओटीपी, तथा पंजीकरण शुल्क, सहायक दस्तावेजों के साथ आ सकते हैं। यूसीसी अधिनियम के तहत 74 प्रकार के सम्बंधों पर प्रतिबन्ध है, जिनमें से 37 पुरुषों के लिए तथा 37 महिलाओं के लिए हैं। धार्मिक नेताओं या सामुदायिक नेताओं को उन जोड़ों को अपनी स्वीकृति देनी चाहिए जो निषिद्ध सम्बंधों की इन श्रेणियों में आते हैं। यदि रजिस्ट्रार यह निर्धारित करते हैं कि सम्बंध सार्वजनिक नैतिकता या रीति-रिवाजों का उल्लंघन करता है तो वे पंजीकरण से इनकार कर सकते हैं।

रिश्वत का ट्रम्प कार्ड!

गौरतलब | कौशल मूंदड़ा

महाशक्ति ने स्वीकार कर लिया है कि रिश्वतखोरी होती ही है, ऐसे में कोई दिखावा करनेवाली बात है ही नहीं। आम जनता तो बोलती ही है, अब संवैधानिक पद पर चुने हुए नेता भी बोल रहे हैं, तो उसके मायने साफ हैं, डील अब सीधी-सीधी कर लो। ट्रम्प के संकेत स्पष्ट हैं कि सारे काम इसी तरह हो रहे हैं, फिर शर्माना कैसा।

अमरीका ने मान लिया है कि रिश्वत व्यवसाय के लिए जरूरी है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमरीकी कंपनियों को साफ-साफ संकेत दिया है, रिश्वत दे दो-ठेके ले लो, अमरीका में उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने जिस विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) पर रोक लगाई है, वह अमेरिका से जुड़ी फर्मों और लोगों को विदेश में अपने व्यापार को सुरक्षित करने के लिए विदेशी अधिकारियों को पैसे या उपहार या किसी भी तरह की रिश्वत देने से प्रतिबंधित करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने करीब 50 साल पुराने इस कानून को निलंबित कर दिया है। इस कानून पर रोक लग जाने के बाद अमरीकियों के लिए विदेशों में व्यापार के लिए रिश्वत देना अपराध नहीं रहेगा। ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस कानून के तहत दिए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए गाइडलाइन्स बनाने के निर्देश दिए हैं। ट्रंप का कहना है कि यह कानून अमरिकी कंपनियों के लिए 'एक आपदा' है। ट्रंप का कहना है कि जब अन्य देशों की कंपनियां आसानी से रिश्वत देकर व्यापार कर रही है ऐसे में यह कानून अमरिकी व्यापारियों को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्द्धा में कमजोर बना रहा है। ट्रंप ने इस कानून को 'जिम्मी कार्टर की बेकार योजना' बताया और कहा कि इससे अमेरिकी कंपनियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। अब अमरीकी कंपनियों के खिलाफ एफसीपीए के तहत मुकदमे दर्ज नहीं किए जाएंगे। यानी अब अमेरिकी कंपनियां विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देकर अपने सौदे पक्के कर सकती हैं। अमरीकी राष्ट्रपति इस समय महाशक्ति होने के नाते दुनिया के सामने स्वयं को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में अपने देश का वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, अपने इन प्रयासों के तहत वे अपने देश के व्यापारियों को आश्वस्त कर रहे हैं कि अगर वे दुनिया के अन्य देशों में रिश्वत देकर व्यवसाय हासिल करते हैं तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। ट्रम्प के इस निर्णय का सीधा-सीधा संकेत समझा जा सकता है कि रिश्वतखोरी और रिश्वतखोरों को सुधारा नहीं जा सकता, इसलिए रिश्वत-रिश्वतखोरी-रिश्वतखोरों का रोना रोने से अच्छा है कि रिश्वत को मान्यता ही दे दी जाए। ट्रम्प के इस ट्रम्प कार्ड ने बिटवीन द लाइन्स बहुत सारी बात कह दी है। जो लोग रिश्वत खाकर खुद को व्हाइट कॉलर होने का दिखावा करते हैं, उन पर भी सीधी-सीधी चोट कर दी गई है।

आज का इतिहास

- पोप जूलियस द्वितीय ने 1510 में वेनिस के गणराज्य का बहिष्कार किया।
- शाही सेना ने 1525 में पाविया की लड़ाई में फ्रेंच को हराया।
- ऑस्ट्रिया के फर्डिनैंड बोहेमिया को 1527 में राजा के रूप में ताज पहनाया।
- प्रिंस जोहान विलियम फ्रिसो ने 1708 में ग्रोनिंगन के वायसराय के रूप में शपथ ली।
- करनाल में हुए युद्ध में फारस पर सत्तासीन तुर्क नादिरशाह ने 1739 में मुगल शहंशाह आलम की सेना को हरा दिया।
- मैक्सिको 1821 में स्पेन से स्वतंत्र हुआ।
- दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का 1822 में अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ।
- संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान 1882 में आज ही के दिन की गयी थी।
- निकारागुआ ने 1894 में होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर कब्जा किया।
- आजादी के लिए क्यूबा युद्ध शुरू होता है।
- सन 1918 में एस्टोनिया रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- ग्रीक संसद गणतंत्र की घोषणा 1924 में की।
- सन 1924 में महात्मा गांधी जेल से रिहा।
- डु पोंट ने 1938 में नायलॉन टूथब्रश का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया।
- सन 1942 में 'वॉयस ऑफ अमेरिका' में प्रसारण शुरू होता है।
- मिस्र और सीरिया ने 1945 में नाजी-जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- जुआन पेरेन सन 1946 में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति चुने गये।
- इजरायल और मिस्र ने 1949 में एक युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं।
- इराक और तुर्की के बीच 1955 में बगदाद के समझौते पर हस्ताक्षर किये।

सुविचार

सफल व्यक्ति वह है, जो खुद पर फेंकी गयी ईंटों से मजबूत नींव बना ले

डेविड ब्रीक्ले

विफलता का मौसम सफलता के बीज बोने का सर्वश्रेष्ठ समय है

परमहंस योगानंद

किसने क्या कहा

मोटापे की समस्या गम्भीर, 10 प्रतिशत कम करें खाद्य तेल का उपयोग

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

राष्ट्र निर्माण के लिए परम्परा और तकनीक दोनों की जरूरत

डॉ. एस. जयशंकर
विदेश मंत्री

अंकजाल - 7829

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	10	7	23	15	21		27	33	
30	5		9		5		8		15
25		3		2				4	7
			2		7		3		34
14		5				5		8	22
22	9		3				6		18
25		6		5		5			
9	6				7		8		32
14	8			1		7		2	18
	28	22		18	14	39	11	7	

अंकजाल 7828 का हल

	15	15	38	36		27	16	
20	6	3	4	7		8	8	5	21
22	4	9	2	7		5	8	7	20
	5	3	8	2	7	3	4	2	34
			6	7	9	3	7	2	34
34	5	7	2	5	7	8			
43	9	2	3	8	5	6	7	3	
15	6	4	5		5	5	8	6	24
18	4	6	8		7	3	5	6	21
	24	19			40	41	20	15	

Jagrutidaur.com, Bangalore

दुखी होने के बजाय दुख का उपचार करें

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुःख ही दुःख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुःख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुःख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुःख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुःख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुःख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुःख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुःख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुःख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुःख का उपचार किया। दुःख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुःख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुःख से दुःखी होकर बैठने से दुःख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुःख का अंधेरा छंटने लगता है।

लोककला के नाम पर अश्लीलता का तड़का

प्रियंका सौरभ

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि' विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा। अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मयार्दा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है।

यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है। बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएँ पहुँचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मयार्दा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिकमिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुँची है। आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहाँ गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गयी है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आये हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है।

कितनी उचित है गंगाजल पर बयानबाजी

गौरतलब | रमेश सर्राफ धमोरा

महाकुम्भ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालों के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुम्भ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करनेवाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है।

राशिफल

मेष व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

वृष कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। समय अच्छा है।

मिथुन यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

कर्क आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

सिंह लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

कन्या कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

तुला समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

धनु यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी।

मकर मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

कुंभ कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा।

मीन परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

दो बाइक के आमने सामने के टकराव में युवक घायल

भवनाथपुर : स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया जहां चिकित्सक एस के सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है ।घायल में रोहित कुमार पिता केतवारू साह रोहतास जिला के तिलोखार निवासी निवासी है । जबकि दूसरे बाईक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।।जानकारी के अनुसार रोहित कुमार श्रीबंशीधर नगर से अपने घर तिलोखार जा रहा था कि देवी धाम के पास विपरीत दिशा सेआर रहे बाईक नें सामने से टकर मार दिया ।

27 घंटे से तेलंगाना के श्रीसैलम के सुरंग में फंसा अनुज साहू

गुमला : घाघरा प्रखंड के खंभिया कुंबाटोली निवासी अनुज साहू 25 वर्ष पिछले 27 घंटे से सुरंग में फंसा हुवा है। अनुज के पिता रामप्रताप साहू ने बताया कि तेलंगाना के करनूल जिला के श्रीशैलम में सुरंग के निर्माण कार्य मे अनुज काम किया करता है। अनुज के साथ गॉव के ही गंदुर साहू, इंद्रदेव, सोनू एवं सुद्धेश्वर उरांव काम करते है। इन लोगों के द्वारा ही शनिवार को दस बजे पूर्वाह्न अनुज के सुरंग में फंस जाने की सूचना दूरभाष पर मिली। अनुज तीन वर्ष पूर्व से वहां काम कर रहा है और नवम्बर 2024 में अपने घर आया था तथा एक महीने घर मे रहने के उपरांत पुनः काम करने वहां गया था। गुरुवार की शाम को अंतिम बार अनुज से परिजनों की बात हुवी थी उसके बाद अनुज से बात नही हो पाई है। अनुज के पिता रामप्रताप भी दो वर्ष पूर्व सुरंग में काम कर चुके है उस समय अनुज भी साथ काम करने गया था लेकिन वह सुरंग के बजाय बाहर में काम करता था। मां गायत्री देवी ने बताई की अनुज मार्च में घर आने वाला था।

झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण मामले में छह पर एफआईआर दर्ज

गुमला : अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि उपयुक्त गुमला के निर्देश पर घाघरा अंचल क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। पहले दो चरणों में 51 एवं 25 कुल 76 लोगों के विरुद्ध अतिक्रमण वाद की कार्यवाही प्रारंभ की गई थी तथा इन सभी वादों में सुनवाई पूर्ण करने के उपरांत अतिक्रमण हटा लेने का आदेश दिया जा चुका था। बावजूद इसके कई अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर पुनः अंचल कार्यालय द्वारा उन्हें चेतावनी पत्र जारी किया गया। जिसमें चेतावनी दी गई कि 20.01. 2025 तक अतिक्रमण हटाकर इसकी लिखित सूचना अंचल कार्यालय को उपलब्ध करावे अन्यथा कोर्ट के आदेश की अवहेलना के आरोप में प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी। चेतावनी पत्र मिलने के बाद अधिकांश अतिक्रमणकताओं द्वारा अतिक्रमण हटा लिया गया परंतु नंदलाल साहू, पिता स्व0 छेदी साहू, श्री हीरालाल साहू, पिता स्व0 छेदी साहू, विनय साहू, पिता स्व0 किशुन साहू, पंकज सिंह, पिता गोरखनाथ सिंह, संतोष ठाकुर पिता विनोद ठाकुर एवं श्री मनोहर जायसवाल, पिता स्व0 रामजतन जायसवाल द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया ।

सरकार के प्रति जवाबदेह बने प्रशासनः विष्णु दयाल राम

- पुलिस लाइन एवं बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने की हो पहल : राधाकृष्ण किशोर
- दिशा की बैठक में विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा,सांसद की अध्यक्षता में हुई बैठक, मंत्री, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी रहे उपस्थित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक पलामू सांसद-सह-दिशा के अध्यक्ष विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रशासन सरकार के प्रति जवाबदेह बनें, ताकि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिले। बैठक के शुरूआत में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन के साथ-साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों एवं गतिविधियों में अबतक के प्रगति की गहनता से समीक्षा की गई। दिशा की बैठक में समीक्षा के दौरान वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अधिकारियों को निदेश दिया कि सरकारी योजना को समयबद्धता और प्रारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जाए, ताकि पलामू वासियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम एवं बस स्टैंड को शहर से बाहर बनाने को लेकर प्रमुखता से अपनी बातें रखी। इसपर पुलिस अधीक्षक को पुलिस लाइन सिफ्ट किये जाने के संबंध में अध्ययन करने के उपरांत जमीन चिह्नित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया। वहीं बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित किए जाने को लेकर उपायुक्त स्वयं पूर्व की चिन्हित बैरिया में प्रस्तावित बस स्टैंड की भूमि का भौतिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। तत्पश्चात नये बस स्टैंड बनाने हेतु पहल करेंगे।

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि दिशा की बैठक में लिए गए निर्णय एवं दिए गये निदेश व सुझाव से जिले के विकास कार्यों में गति आएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को समयबद्धता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन का निदेश दिया।

पलामू को यातायात जिला घोषित किए जाने का है प्रस्ताव

बैठक में यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल लोडिंग, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने आदि को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पकड़े गए वाहनों का त्वरित चालान निर्गत कर दंड वसूलने की मांग उठी, ताकि लोगों को परेशान नहीं होना पड़े। इसपर ई-पॉश मशीन की खरीद करने का निर्णय लिया गया, ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से त्वरित दंड की वसूली की जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि डालटनगंज, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में यातायात थाना और पलामू को यातायात जिला घोषित किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। यातायात जिला घोषित होने से महानगरों की तरह यहां भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तुरंत चालन उपलब्ध कराकर और उनसे दंड की राशि संग्रह की जाएगी।

तेज रफ्तार और लापरवाही बनी दुर्घटना का कारण, 4 लोग गंभीर रूप से घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर बड़ा हादसा कर दिया। रविवार की सुबह कोने में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और यह टक्कर हो गई। हादसे में संदीप उरांव (30 वर्ष), निवासी रोल पतरातू, और दूसरी बाइक पर सवार बब्लू सिंह (35 वर्ष), उपेंद्र कुमार (35 वर्ष), और बालकिशुन सिंह (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे से बचा जा सके ।

72 डीएवी स्कूल में लीगल लिट्रेशी क्लब का हुआ ऑनलाइन उदघाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा झालसा रांची से सूबे के 72 डीएवी स्कूल में रविवार को लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑन लाइन उदघाटन किया गया। इस मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार झालसा के मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी , डीएवी संस्थान के अधिकारी, शिक्षक ,पारा लीगल भोलेन्टियर आदि लोग उपस्थित थे।इसी आलोक में मेदिनीनगर के डिलटनगंज के सिविल जज जूनियर शुभारंभ किया गया।

गरीब बंचित को न्याय की जानकारी होगी सुलभ

मेदिनीनगर : सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चा को पेंटिंग में राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार से झालसा में कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चे के जगह सम्प्रेषण गृह के सुप्रिडेंट ने पुरस्कार ग्रहण किया। बिदित हो कि उक्त बच्चा को बेहतर पेन्टिग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

शौडिंक समाज के नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

अध्यक्ष निकू व सचिव बने गजेंद्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित काली मंदिर के सामुदायिक भवन में रविवार को शौंडिक समाज, लातेहार की एक बैठक वरीय अधिवक्ताल राजमणि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मित से शौंडिक समाज के 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।संरक्षक मंडली में राजमणि प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, चंदेश्वर प्रसाद, नरेश प्रसाद व चंद्रिका प्रसाद को शामिल किया गया है। शौंडिक समाज का अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ निक्कू को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष अनिल कुमार शौंडिक, सचिव गजेंद्र प्रसाद शौंडिक व कोषाध्यक्ष विजय कुमार शौंडिक को बनाया गया।

महाशिवरात्रि मेला, इतिहास, आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : जिला मुख्यालय के बाजारटांड़ में लगने वाला महाशिवरात्रि मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक परंपरा, व्यापारिक केंद्र और सामाजिक ताने-बाने का हिस्सा भी है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा, लेकिन मेले का उद्घाटन 24 फरवरी को ही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा किया जाएगा। मेला संवेदक नागेंद्र पाठक के अनुसार, इस बार मेले की तैयारियां भव्य रूप ले चुकी हैं, जिसमें झूले, डिस्को डांस, नौका विहार, खेल और सौंदर्य प्रसाधनों की सैकड़ों दुकानें लोगों को लुभाने के लिए तैयार हैं। 150 साल से अधिक पुरानी परंपरा का जीवंत प्रमाण है मेला सिर्फ मनोरंजन का केंद्र नहीं, बल्कि 150 साल से अधिक पुरानी परंपरा का जीवंत प्रमाण है। मंदिर के पुजारी मनोज दास शर्मा के अनुसार, अंग्रेजों के शासनकाल में 1873-74 में बाजारटांड़ में यह मेला शुरू हुआ था। उस समय कृषि और अन्य कर वसूलने के लिए अंग्रेजी अफसर लोगों को बुलाकर यहां कैंप लगाया करते थे। धीरे-धीरे व्यापारियों ने साप्ताहिक बाजार लगाना शुरू कर दिया और यही मेला का स्वरूप बन गया।

बदलते समय के साथ मेले का आर्थिक स्वरूप

महाशिवरात्रि मेला न केवल धार्मिक बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। बीते तीन वर्षों में मेले की नीलामी की राशि लगभग तिगुनी हो गई । 2023 में मेला 8.43 लाख रुपये में नीलाम हुआ था। 2024 में यह 25.07 लाख रुपये तक पहुंच गया।
इस वर्ष मेला 25.08 लाख रुपये में नीलाम हुआ है।

मनोरंजन और चुनौतियां

इस वर्ष मेले में मनोरंजन के लिए झूले, रेल, मौत का कुआं, जंपिंग यार्ड जैसी कई आकर्षक चीजें जोड़ी गई हैं, लेकिन जुए और अश्लील कार्यक्रमों को लेकर चिंताएं भी उठ रही हैं। हब्बा-डब्बा जैसे जुआ खेलों में लोग फंस जाते हैं, और कई बार ग्रामीण अपनी मेहनत की कमाई भी गवां बैठते हैं।

बेरोजगार मोर्चा संत गाडगे की 149 वीं जयंती मनाई गई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में संत गाडगे की 149 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम संत गाडगे के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की संत गाडगे दलितों एवं वंचीतों के दिशावाहक थे। उन्होने सामाजिक बुराईयों, कुस्तीयों एवं अंध विश्वास को दूर करने का रास्ता दिखाया। संत गाडगे का मानना था, की ईश्वर न तो तीर्थ स्थानों में है, और न ही मंदिरों, गिरजा घरों में है। दरिद्रनरायण के रूप में सब स्थानों में विद्यमान है। उन्हो ने भूखों को भोजन नंगे को वस्त्र, प्यासे को पानी, बेकार को काम का संदेश दिया। संत गाडगे कई धर्मशालायें बनवायें ताकी गरीबों को मुफ्त में ठहरने की व्यवस्था मिल सकें। संत गाडगे 1905 से 1917 तक अज्ञात वास में रहे। उन्हाने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर बल दिया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने उपस्थित लोगों से अपील किया की संतो के आदर्शों पर चलने वाला व्यक्ति ही सामाज का सच्चा सिपाही हो सकता है। संतन रजक ने कहा की संत गाडगे का जन्म 23 फरवरी 1876 ई० को महाराष्ट्र प्रान्त के अमरावती जिला में हुआ था। वे

नौडीहा बाजार अंचल बना है बिजोलिया व भ्रष्टाचार का अड्डा : रूचिर तिवारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम हुलसीकला में,ग्राम- हरैया, के बिनोद भूइंया को शाखा सचिव एवं कोषाध्यक्ष लखन राम को बनाया गया।अमवाडीह, शाहपुर सहित दर्जनों गांव के लोगों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है । क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। पूर्व जमींदार परिवार अपने जाली कागजात के आधार पर गरीब मजदूर दलितों के जोत एवं घरबारी के जमीन को हड़पने में लगी हुई है उनके इस मंसुबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है ।

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में झालसा के तत्वावधान में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
भवनाथपुर : डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में झालसा के तत्वावधान में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन एवं गठन एसीजीएम नगर उंटारी अरविन्द कच्छप,एलएडीसीए प्रवीण कुमार साहू, भारती अधिवक्ता सह मध्यस्था संजय कुमार, एडीएलएसए आलोक कुमार,पीएलबी सुधीर चौबे नें संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।सभी अतिथियों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक चंदन और अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।स्वागत के क्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।गूगल मीट के माध्यम से 72 डीएवी विद्यालयों ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभाग किया। विद्यालय में विधिक साक्षरता क्लब के माध्यम से कानून हमारी रक्षा तथा हमारे अधिकारों की सुरक्षा कैसे करता है बताया गया।मुख्य अतिथि एसीजीएम अरविन्द कच्छप के द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों को पोस्को एक्ट, चाईल्ड लेबर एक्ट,मानव तस्करी आदि विषय मे विधिक जानकारी प्रदान किया गया।

लातेहार नप क्षेत्र करकट क्षेत्र मे अगले दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहारः नगर पंचायत क्षेत्र के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। इसका कारण बानपुर इलाके में जलापूर्ति पाइप लाइन का क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है। नगर पंचायत के कनीय अभियंता अमित कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बानपुर स्थित देवी मंडप के पास जलापूर्ति पाइप लाइन में क्षति पहुंची है, जिसके कारण नगर के कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित होगी।उन्होंने बताया कि इस मरम्मत कार्य में लगभग दो दिन का समय लग सकता है। इस दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के करकट, बानपुर, मेन रोड, चटनाही और राजहर में जलापूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए उसका संयमित उपयोग करें। नगर पंचायत प्रशासन ने पाइपलाइन की मरम्मत जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। नगरवासियों को हो रही असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया ।

गरीबों व वंचितों को बच्चों के माध्यम से न्याय की जानकारी होगी सुलभ : जज

- एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ लीगल लिट्रेसी क्लब का शुभारंभ
- सूबे के 72 डीएवी स्कूल में क्लब का हुआ ऑनलाइन उदघाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : लीगल लिट्रेसी क्लब के बच्चों के माध्यम से गांव के गरीब तक कानून की जानकारी मिल सकेगी। स्कूली बच्चे को क्लब में जो जानकारी दी जाएगी उसे वे अपने आस- पडोस के लोगों के बीच बताने का काम करेंगे। इससे अंधविश्वास, कुप्रथा, समाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगेगा। साथ ही लोग अधिकार व कर्तव्य के प्रति सजग होंगे। उक्त बातें पलामू सिविल कोर्ट के सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा ने कही। वे रविवार को स्थानीय चियांकी स्थित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में लीगल लिट्रेसी क्लब के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने शीलापट का अनावरण कर लीगल लिट्रेसी क्लब का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लीगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से बच्चे बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या, ह्यूमैन ट्रेफिकिंग, एनडीपीएस, नशा उन्मूलन, महिला घरेलू हिंसा, पीड़ित प्रतिकार अधिनियम व डालसा से प्रदत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर लोगों को कानून की जानकारी दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ग 9 व 11 के बच्चे को लिट्रेसी क्लब में रखा जाएगा। बताया कि झालसा का यह एक बेहतरीन पहल है। डीएवी के बच्चे अब लोगों को कानून के बारे में जागरूकता लाएंगे। इसके पूर्व झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने झालसा रांची से सूबे के 72 डीएवी स्कूल में रविवार को लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑन लाइन उदघाटन किया। मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा के मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी, डीएवी संस्थान के अधिकारी, शिक्षक, पारा लीगल भोलेन्टियर सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे। मौके पर डीएवी स्कूल के शिक्षक व लीगल एड क्लिनिक के नोडल ऑफिसर राकेश कुमार, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अंजनी कुमार भारद्वाज, तुषार घोष, टी मंडल, विक्रम चंदेल, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, डालसा पलामू के असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह, असिस्टेंट वीर विक्रम बक्स राय, पुष्कर राज, पीएलवी करण थापा, शैलेन्द्र तिवारी उपस्थित थे।

संप्रेषण गृह में रह रहे पलामू के बच्चे को झारखंड में मिला तीसरा पुरस्कार

मेदिनीनगर : सम्प्रेषण गृह में रह रहे पलामू के एक बच्चे को पेंटिग में राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार से झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सम्मानित किया। बच्चे की जगह सम्प्रेषण गृह के सुप्रिडेंट ने पुरस्कार ग्रहण किया। विदित हो कि उक्त बच्चे ने बेहतर पेन्टिग में झारखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

गुमला : घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं जिला प्रशासन गुमला के तत्वाधान में शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कुटुंब न्यायालय गुमला के प्रधान न्यायाधीश ओम प्रकाश, कानूनी सलाहकार बुदेश्वर गोप, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल, अधिवक्ता शारदा पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इसके पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने प्रधान न्यायाधीश ओम प्रकाश को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया ।

एक झलक

मजदूरों के हित में काम करती है किम्स यूनियन : महामंत्री

बोकारो : रविवार को सिटी पार्क के बनभोज स्थल पर किम्स यूनियन का वार्षिक मिलन सह बनभोज का आयोजन यूनियन के अध्यक्ष भीम सिंह की अध्यक्षता में हुई। वार्षिक मिलन में यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह ने कहां कि किम्स यूनियन सदा मजदूर हित में मजदूर के साथ रहती है, मजदूरों के साथ सुख-दुख में किम्स यूनियन एक परिवार की तरह सदैव खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि महारी यूनियन हमेशा मजदूर हिम में काम करती है। कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक वित्त विभाग,कार्मिक एवं प्रशासन विभाग, बीजीएच के विभिन्न विभागों के चिकित्सक, विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष के अलावे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी, एयरटेल यूनियन के महामंत्री एके पाण्डेय, एचएमएस के रमाकांत वर्मा, युवा मजदूर संघ के महामंत्री अनिरुद्ध राय शामिल हुए। मौके पर बीपी सिंह, अनिल सिंह, केके उपध्याया, सुनील चौधरी, रंजेश सिंह, इंद्रजीत सिंह,सौरभ पटेल, पवन पाण्डेय,सुजीत राय, उमाशंकर , सीपी अग्रवाल, वाईके सिंह, राजा जनक, राजीव सिंह,सुजीत राय, प्रवीण कुमार, कार्तिक राय, सिकंदर बादशाह, मधेस सिंह, शहंशाह परवेज, ललित, मनोज पाठक, मनोज दुबे, ओम प्रकाश सिंह मौजूद थे।

कायस्थ महापरिवार की बैठक, पुरानी कमिटी भंग

बोकारो : कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला की बैठक सेक्टर-2 ए स्थित लोक नायक सभागार में गोरख प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अध्यक्ष गोरख प्रसाद सिन्हा ने अपने कार्यकाल का पुर्ण विवरण प्रस्तुत किया। वहीं,चुनाव कमिटी का गठन करते हुए कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला कार्यकाि?रणी समिति को भंग कर दी गयी। नई कार्यकारिणी समिति का गठन के लिए चुनाव कमिटी की घोषणा की गयी, जिसमें बीबीएल श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिन्हा, विश्वराज आनन्द, जय शंकर प्रसाद करपट व एसजीके सिन्हा के नामों की घोषणा अध्यक्ष के द्वारा की गयी। जिसे उपस्थित सदस्यों ने पारित किया। बैठक में विनोद सिन्हा, अरविन्द प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, पाण्डेय कृष्ण कुमार, एएनएल दास, बीएन वर्मा, रवि कुमार सिन्हा, अगम प्रसाद श्रीवास्तव, विनय कमार सिन्हा आदि महापरिवार के सदस्य मौजूद थे।

रेलवे साइडिंग निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना

चतरा : सीसीएल की आम्रपाली परियोजना के लिए रेलवे साइडिंग और रेल लाइन निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने टंडवा के सेरनदाग बाजार टांड में रविवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इसकी अध्यक्षता गणेश उर्फ ललित साव और संचालन मनोज साहू ने की। धरना से पूर्व सेरनदाग के ग्रामीणों ने रैली निकाल कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फर्जी ग्राम सभा के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मामले का तीखा विरोध किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित धरने में ग्रामीणों ने साइडिंग और रेल निर्माण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि टंडवा अंचल कार्यालय के फर्जी तरीके से ग्रामसभा कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने कार्यवाही की गई।

लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्जुअल रूप से 'लिगल लिट्रेसी क्लब' का हुआ उद्घाटन

शिक्षा के साथ-साथ मानवता का पाठ पढ़ाता है डीएवी : जस्टिस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लोहरदगा : लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्जुअल रूप से लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में एक साथ लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के जरिये न्याय सदन झालसा, रांची की ओर से किया गया। इस मौके पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि समाज का निर्माण कैसे होना चाहिए यह हमें तय करना होगा। हमारा उद्देश्य समाज को कानूनी रूप से जागरूक करना भी है और इसके लिए डालसा और झालसा के जरिये लगातार लोगों को जागरूक करने का कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें कानून की आवश्यकता क्यों है ये समझने की आवश्यकता है। स्कूलों में विभिन्न विषयों की पढ़ाई तो होती है लेकिन लिगल जानकारी नहीं दी जाती है। इसके लिए लिगल लिट्रेसी क्लब को एक बेहतर माध्यम बनाया गया है। 660 से ज्यादा लीगल लिटरेसी क्लब जिसका लाभ स्कूल के विद्यार्थियों को मिल रहा है। चाइल्ड मैरिज, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा से नुकसान सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। अंधविश्वास को दूर करने का

काम भी लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से काम किया जा रहा है। इस मौके पर एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा कि समाज के लिए लिगल कैडेट कोर बनाने का उद्देश्य पूरा किया जा रहा है। इन्होंने कहा की आज के समय में युवाओं का भविष्य लिगल के क्षेत्र में बढ़ रहा है। ऐसे में यह युवाओं को एक नई दिशा दे रहा है। हम अभी से ही इन युवाओं को जज के रूप में देख पा रहे हैं। हम समाज को लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से जागरूक करने का काम कर रहे हैं। ट्रैफिकिंग की वजह से बच्चियों को बाहर बेचा गया। ऐसे मामलों में डालसा ने कई बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी पहली ड्यूटी पढ़ाई दूसरी ड्यूटी पढ़ाई और आखरी ड्यूटी सिर्फ बच्चों को पढ़ाई ही होना चाहिए। पढ़ने का आपको मौका मिला है तो इसका पूरा सदुपयोग करे। धन संपदा आपको सुकून नहीं दे सकता है इसलिए अपने परिवार और अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का भी काम करें। इस मौके पर एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि डीएवी स्कूल में बीच-बीच में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। डीएवी को पूरे राज्य में इसलिए चुना गया क्योंकि यह विधालय बच्चों के सम्पूर्ण विकास में अपनी अहम भूमिका निभाता है। झालसा को डीएवी पर पूरा विश्वास है और हम इस पर खरा उतरेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रवण कुमार पाठक के द्वारा गीत गाकर किया गया। इसके बाद सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा के जरिये दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद लिगल लिट्रेसी क्लब का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर एलएडीसीएस मेमर अधिवक्ता इंद्रानी कुजूर,पैनल अधिवक्ता नेहा गुप्ता, पीएलवी गौतम लेनिन, देवमुनि कुमारी शिक्षक एमके झा, जे मेहर, प्रमीत कुमार, कैलाश प्रसाद, पीके सिंह सहित कई मौजूद थे।

पेड़ से टकरायी बाइक, 02 की मौत, 01 गम्भीर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
दुमका : नशे में धूत बाईक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो बाईक सवार की मौत हो गई। वहीं घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र में घटी। दुर्घटना थाना से चंद कदम दूर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के समीप घटी। मृतकों का शिनाख्त साहिबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव निवासी सोमाय हांसदा (30)एवं बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव निवासी संजला मुर्मू (20) के रूप में हुई। वहीं घायल सदर प्रखंड के दिग्घी ओपी थाना क्षेत्र के दीपक हेम्ब्रम है। दीपक विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड है। जानकारी के अनुसार दीपक अपने दोस्तों के साथ बाईक में सवार होकर सदर प्रखंड के बागडुब्बी एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। देर रात दीपक को पहुंचाने विश्वविद्यालय जाने के दौरान बाइक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप प्रिंटिंग दुकान के सामने महुआ के पेड़ से टकरा गई। इसमें एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही दीपक हेम्ब्रम बुरी तरह से घायल हो गया। दीपक का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मृतकों के परिजनों को दी। सूचना पर रविवार को परिजन दोपहर में दुमका पहुंचे। पुलिस मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाईक को पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई में जुट गई है।

सावित्री सुन्दर ट्रस्ट का तृतीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

देश व कोडरमा जिले को खूबसूरत बनाने में हमलोग तत्पर : दिवाकर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : सावित्री सुंदर ट्रस्ट का तृतीय वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ वसुंधरा गार्डन दूधीमाटी में दिन शनिवार को संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मूल उद्देश्य असहायों को सहायता प्रदान करना शिक्षा को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही विभिन्न स्कूल के छात्रों ने नृत्य सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन व बंगाल से आए कलाकार ने प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा देश के इस समाज ओर कोडरमा जिले को खूबसूरत बनाने में जहां भी समस्या आएगी हमलोग तत्पर रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने कहा हमलोग अपने मुहिम तक पहुंचने का कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य शिक्षा की दिशा में आने वाले समय में

तीव्र गति से कार्य करेंगे। वहीं सचिव संदीप कुमार ने कहा यह संस्था अपने निर्माण के प्रथम दिन से ही क्षेत्र में सहयोग के लिए निरंतर कार्यरत है और भविष्य में भी सहयोगी बनी रहेगी। शासन प्रशाशन से सहयोग की अपेक्षाएं हैं। कोषाध्यक्ष रजनीकांत पाण्डेय ने कहा यह संस्था तीन वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। आगे भी गरीब तबके के बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार विशिष्ट अतिथि डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार, जयनगर सीओ सारांश जैन, डॉ सौरभ कुमार, ने अपना संपूर्ण सहयोग दिया। अतिथियों के अपने संबोधन मे कहा की सावित्री सुंदर ट्रस्ट संस्था क्षेत्र में वंचितों के बीच आशा की एक नई अलख जगा रही है। लोगों ने पूर्ण आशा के साथ संस्था के प्रति यह विश्वास दशार्या है कि संस्था लोगों के विश्वास पर खरा उतरेगी। कार्यक्रम में जिले के कई नामचीन पदाधिकारी, समाजसेवी व राजनीतिज्ञ सम्मिलित होकर संस्था के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का 'वैश्विक स्तर पर महत्त्व' पर हुई संगोष्ठी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चतरा : स्थानीय लाला प्रीतम बीएड कॉलेज जितनी मोड किशनपुर चतरा में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर सेमिनार सह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मां सरस्वती की तस्वीर पर दीपांजलि व पुष्पांजलि प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव सह निदेशक लाला प्रसाद साहू एवं व्याख्याता गण के साथ-साथ प्रशिक्षु शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने मातृभाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में उसकी मातृभाषा का अहम योगदान होता है क्योंकि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास को दशार्ता है। व्याख्याता बबीता कुमारी ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण के माध्यम से भाषाई विविधता को बढ़ावा देना है। व्याख्याता गुलजार हुसैन ने कहा कियह दिन सांस्कृतिक पहचान और संचार को निर्धारित करती है। व्याख्याता डॉक्टर प्रकाश कुमार ने इस दिवस की महता पर बताते हुए कहा की भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्याख्याता रंजीत कुमार ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृभाषाअस्मिता और संस्कृति को बढ़ाने का कार्य करती है. इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता के साथ-साथ भाषाओं का संरक्षण स्थानीय भाषा में समावेशी शिक्षा जैसे सरोकारों पर अत्यधिक प्रयास कराया जा रहा है जिससे कि वैश्विक स्तर पर पूरे विश्व को एकजुटता के सूत्र में बांधने का एक साधन वह साध्य के रूप में रखा जा सके।

ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने की कार्रवाई

- कोडरमा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध बैग से बरामद हुई 29 लीटर स्प्रीट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : रविवार को निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बशिष्ठ नारायण यादव साथ आरक्षी जितेन्द्र कुमार-1 तथा आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता सभी रेसुब पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 04/05 पर गस्त कर रहे थे। गस्ती के कर्म में जब वे कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं0 04/05 पर स्थित नये फुट ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तो एक काला रंग का पिट्ठु बैग एवं एक झोला संदिग्ध अवस्था में रखा हुआ देखा गया। उक्त पिठ्ठु बैग एवं झोला के बारे आसपास बैठे यात्रियों से पुछा गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उसपर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा शंका के आधार पर उसे खोलकर वहीं पर चेक किया गया तो काले रंग के पिट्ठु बैग के अंदर रखा हुआ (1) एक उजला रंग के गैलन में करीब 10 लीटर स्प्रीट तथा एक-एक लीटर के 05 बोतलों में रखा हुआ कुल 05 लीटर स्पीट तथा झोला के अंदर रखा हुआ (2) एक उजला रंग के गैलन में करीब 10 लीटर स्प्रीट तथा एक-एक लीटर के 04 बोतलों में रखा हुआ कुल 04 लीटर स्पीट पाया गया। जिसके बाद मौके पर ही सहायक उपनिरीक्षक बशिष्ट नारायण यादव, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष उपर्युक्त स्प्रीट को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही के लिए रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जब्त सभी स्प्रीट की कुल क्षमता 29 लीटर व कुल कीमत 2900 /- रुपए आंका गया।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बांझेडीह स्थित कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का किया शैक्षिक भ्रमण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : झुमरी तिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बांझेडीह स्तिथ कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया से अवगत कराना और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पावर प्लांट के विभिन्न चरणों को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से कोयले से बिजली उत्पादन, पर्यावरणीय प्रभावों और बिजली वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्लांट के अधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षा मानकों और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया। इस भ्रमण में विद्यालय के रोटरी इंटरैक्ट क्लब के छात्र हर्षवीर रीताम्भर, दर्श जगनानी, ऋत्विक श्रीवास्तव, रौनक सिंह, जसकरण सिंह बग्गा, राहुल आर्यन, सोनाक्षी शर्मा, दीपशिखा, रिषा श्रीवास्तव, जुनैरा जावेद, चारवी जैन, अनु परवीन, जयंती

कुमारी अपने शिक्षक राहुल मिश्रा एवं कोमल घोष के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से परे व्यावहारिक अनुभव मिलता है, जिससे उनकी समझ और रुचि दोनों बढ़ती हैं। छात्रों ने भी इस यात्रा को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अनूठा अनुभव था।

रोटरी क्लब कोडरमा का स्थापना दिवस, रक्तदान शिविर व फाउंडेशन डे समारोह का आयोजन

कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन में स्थापित किया गया रोटरी चक्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : रोटरी क्लब के स्थापना दिवस पर रोटरी क्लब कोडरमा एवं दामोदर वैली कॉरपोरेशन केटीपीएस के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन किया गया एवं रोटरी का फाऊंडेशन डे मनाया गया पब्लिक इमेज के लिए रोटरी का चक्र केटीपीएस के प्रांगण में स्थापित किया गया जिससे रोटरी के सेवा क्षेत्र के कार्यों को लोगों को जानकारी प्राप्त हो मुख्य अतिथि के रूप में केटीपीएस के मुख्य महाप्रबंधक मनोज ठाकुर उनकी धर्मपत्नी भव्या ठाकुर थे सर्वप्रथम राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरूआत हुई मुख्य अतिथि कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक मनोज ठाकुर को क्लब के अध्यक्ष

अमित कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर शॉल उड़ाकर सम्मानित किया आए हुए अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कहा कि आज 23 फरवरी के दिन अमेरिका के शिकागो में पॉल हैरिस के द्वारा रोटरी क्लब की स्थापना हुई थी रोटरी क्लब कोडरमा की स्थापना भी 23 फरवरी को हुई थी सेवा और समर्पण ही रोटरी का उद्देश्य है आज के कार्यक्रम के परियोजना निदेशक मंच संचालन करता रोटेरियन मोहक सुल्तानिया और सिमरनजीत सिंह थे कार्यक्रम में केटीपीएस के उप महाप्रबंधक संजय सिन्हा डॉक्टर आनंद मोहन मिश्रा रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शैलेंद्र कुमार ने भी अपना संबोधन दिया रोटरी क्लब के द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया पूर्व अध्यक्ष जयकुमार गंगवाल और सुरेश जैन ने रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को बताया ब्लड डोनेशन कैंपमें 23लोगों ने ब्लड डोनेट किया रोटरी स्थापना के 120 वर्ष पूर्ण होने पर केक काटा गया रंगारंग कार्यक्रम सदस्यों के द्वारा किए गए धन्यवाद ज्ञापन रोटरी के सचिव प्रवीण मोदी ने किया रोटरी कोडरमा के सभी सदस्यों एवं इंटरेक्ट क्लब कोडरमा ने वोकेशनल टूर के तहत कोडरमा थर्मल पावर का भ्रमण किया।

स्वयं सेवकों ने एड्स बचाव के लिए निकाली जागरूकता रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन महात्मा गांधी सदन ने कार्यभार संभाला। पहले सत्र में लक्ष्यगीत के साथ शुरूआत कर महाविद्यालय के सचिव अविनाश सेठ ने स्वयंसेवकों को मंत्र उच्चारण और योग व आसन करवाया। उसके बाद स्वयं सेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में एड्स बचाव पर जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को जागरूक किया। वहीं सभी स्वयंसेवकों ने गांव में ग्रामीणों के साथ मिलकर फलदार एवं औषधिक पौधों का वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने मिलकर भोजन बनाया एवं भोजन किया ।वहीं दूसरे सत्र में सभी स्वयं सेवकों ने ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सखुआ के पत्तों का दोना एवं पुराने न्यूज पेपर से ठोंगा बनाना सिखाया। तत्पश्चात

ग्रामीण बच्चों को नये जूते, कपड़े और फल वितरित किए गये।मौके पर अमित कुमार, इंद्रदेव, शिखा, अन्ना श्री, अभिजीत, मनीषा, ट्विंकल, मधु, आलोक कुमार, रवि प्रसाद, तमन्ना परवीन, जुली कुमारी, ओशो अंशुमन, सुलेखा, सृष्टि, महादेव , महाविद्यालय के डी.एल.एड विभागाध्यक्ष मनीष सिंह, सूचित कुमार, महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी मौजूद थी। संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी सौरभ शर्मा के देख रेख में हुआ।

नारायणपुर ब्लॉक के किसान मिट्टी के स्वास्थ्य और पौध रोग प्रबंधन पर विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि से लाभान्वित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
जामताड़ा : जामताड़ा जिले के नारायणपुर ब्लॉक के किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य और पौध रोग प्रबंधन पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। यह एक दिवसीय Treatment Workshop का हिस्सा था, जिसका आयोजन Departmenft of Management Studies and Industrial Engineering, IIT (ISM) Dhanbad द्वारा किया गया था। यह कार्यक्रम नारायणपुर ब्लॉक कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व परियोजना की Principal Investigator, Prof. Rashmi Singh ने किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय किसानों को वैज्ञानिक ज्ञान प्रदान कर कृषि संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने में सहायता करना था। Birsa Agriculture University, Ranchi के प्रसिद्ध मिट्टी विशेषज्ञ Dr. Arvind Kumar ने मिट्टी के स्वास्थ्य पर एक गहन प्रस्तुति दी, जिसमें मिट्टी की उर्वरता सुधारने और उत्पादकता बढ़ाने की प्रभावी रणनीतियां साझा की गयीं। उनके साथ, Dr. M.K. Burnwal, pû Plant Pathology के विशेषज्ञ हैं, ने क्षेत्र में प्रचलित पौध रोगों और फसलों की सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम समाधान पर चर्चा की। यह कार्यशाला एक चल रहे प्रोजेक्ट "Improving the Economic Well-Being of Scheduled

Tribe Communities (ST) Using Game Theoretic and Operations Research Techniques in Jamtara District of Jharkhand State" का हिस्सा थी। इसमें मिट्टी प्रबंधन, उर्वरकों के उचित उपयोग, बीज की गुणवत्ता सुधारने और Cropping Systems को अनुकूलित करने पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। परियोजना के CO-PI, Prof. Niladri Das AaSX IIT (ISM) Dhanbad की समर्पित टीम के अन्य सदस्य, जिनमें Deep Chaudhury, Pawan Kumar, Nilesh Kumar, Sunny, Anand Chandra Sahu, And Sumaba Baberjee शामिल थे, भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने Sustainable Farming Practices और नवीनतम कृषि तकनीकों पर चर्चा को सुगम बनाया, जिससे सभी प्रतिभागियों को समग्र रूप से सीखने का अवसर मिला। Prof. Rashmi Sibgh ने कहा, यह कार्यशाला किसानों को Sustainable Farming Practices और उन्नत कृषि तकनीकों के व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए एक अमूल्य मंच के रूप में कार्य कर रही है। यह पहल IIT (ISM) Dhanbad की ग्रामीण विकास और कृषि स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसका उद्देश्य स्थानीय किसानों को उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराना है। नारायणपुर ब्लॉक मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां Red Soil And Sandy Soil जैसी विभिन्न प्रकार की मिट्टी पाई जाती है। हालांकि, इस क्षेत्र को जल संकट, मिट्टी के क्षरण, कम उर्वरता और बार-बार होने वाले पौध रोगों जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो फसल उत्पादकता को प्रभावित करते हैं। यहां के किसान मुख्य रूप से धान, मक्का और दलहन की खेती करते हैं, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण फसलें प्रभावित होती हैं। Prof. Singh ने कार्यशाला के सारांश में कहा, 'इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कृषि संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों, विशेष रूप से मिट्टी के स्वास्थ्य और पौध रोग प्रबंधन से संबंधित समस्याओं का समाधान करना था। इस सफल सहयोग में IIT (ISM) Dhanbad And Birsa Agricultural University की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह पहल IIT (ISM) Dhanbad के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जो ग्रामीण समुदायों को समर्थन प्रदान करने और इस क्षेत्र में Sustainable Agricultural Practices को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

एक झलक

साहिबगंज और भागलपुर स्टेशन के बीच चलायी जायेगी यात्री ट्रेन

भागलपुर : यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए 24 फरवरी को साहिबगंज और भागलपुर स्टेशन के बीच एक विशेष यात्री ट्रेन चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 03405 साहिबगंज-भागलपुर स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी को 08.00 बजे साहिबगंज से रवाना होगी और 10.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी और उसी दिन 03406 भागलपुर-साहिबगंज स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी को 16.05 बजे भागलपुर से रवाना होगी और 18.35 बजे साहिबगंज पहुंचेगी। यह विशेष रेलगाड़ी दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेगी। इस रेलगाड़ी में अनारक्षित डिब्बे होंगे।

बाइक सवार बदमाशों ने व्यवसायी से छीने 25 हजार

मुजफ्फरपुर : जिले में सरैया थाना क्षेत्र के सूपना में रविवार की सुबह मछली कारोबारी मंटू सहनी से अपाची बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक कर मिर्ची पाउडर आंख में झोंक 25 हजार रुपये कैश छीन लिया और भाग निकले । सूचना मिलने पर पुलिस पहुचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी के बाद खुद सरैया सीडीपीओ कुमार चंदन घटना स्थल पहुंचे। घटना के बारे में आसपास के लोगों से पूरी जानकारी ली व्यवसायी से बातचीत की और आसपास लगे सीसीटीवी एवं गुप्तचर के माध्यम से अब बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए जुट गए हैं। मामले में पूछे जाने पर सीडीपीओ कुमार चंदन ने कहा कि मछली का कारोबार करते हैं मंटू सहनी उन्हीं के साथ अज्ञात अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने मिर्ची पाउडर आंख में झोंक कर 25,000 कैश छीन लिया । पुलिस अपना काम शुरू कर दी है बहुत जल्द घटना करने वाले बदमाश सलाखों के पीछे होंगे।

स्वामी सहजानंद सरस्वती की मनी जयंती

पूर्वी चंपारण : जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर स्थित भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास के राय हरिशंकर शर्मा सभागार में रविवार को राय सुंदरदेव शर्मा की अध्यक्षता में महान किसान नेता दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137 जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित सैकड़ो लोगों ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व राकेश मिश्रा ने कहा कि दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती महान स्वतंत्रता सेनानी एवं किसानो के प्रणेता थे, उन्होंने हमेशा किसानों की दुख दर्द को समझा उनके नेतृत्व में ही बिहार में जमींदारी उन्मूलन की नीव रखी गई थी,जिसे प्रथम मुख्यमंत्री डा.श्री कृष्ण सिंह ने साकार किया। इस अवसर पर दर्जनों लोगो ने स्वामी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने पर जोर दिया।

जैविक कृषि आधारित उत्पादन प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन

नवादा : नवादा जिले के कौआकोल में नक्सलियों का मांद कहे जाने वाले कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में रविवार को डी०के०ए० ऑस्ट्रिया की वित्तीय सहायता से ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले जैविक कृषि आधारित उत्पादन प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस तरह का भव्य कार्यक्रम क्षेत्र के इतिहास में पहली बार आयोजित किया गया,जिसमें स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान के अलावे कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शिरकत किये। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि इस मेले में महुडर एवं पहाड़पुर पंचायत के 200 से अधिक किसानों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने खेतों के जैविक फसलों,फलों एवं सब्जियों का प्रदर्शनी लगाया,जिसका विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने जोरदार सराहना की।

पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे एलाइनमेंट तैयार : सांसद

एजेंसी

सहरसा : बिहार में बनने वाले सिक्स लाइन पटना - पूर्णिया एक्सप्रेस वे 244 .93 किलो मीटर एलाइनमेंट तय हो गया है। इस पर अनुमानित खर्च 18 हजार करोड़ रुपए होगा यह 6 जिला से गुजरेगी वही सड़क निर्माण कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण 90 मीटर चौड़ाई में होगी।उक्त बातों की जानकारी मधेपुरा सांसद दिनेश चंद्र यादव नें रविवार को अपने निज आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को जानकारी दी। सांसद ने बताया कि इस सड़क के बनने से लोगों को बहुत सहूलियत होगी। वही कम समय में लोग पटना एवं पूर्णिया सुगमता से आवागमन होगा। उन्होंने कहा कि पहले बिदुपुर से पूर्णिया तक 235 किलोमीटर का

प्रारूप बनाया गया था जिसे बाद में बढ़ाकर दिघवारा से डगरूआ तक 282 किलोमीटर किया गया लेकिन पटना पूर्णिया एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट 244.93 किलोमीटर फाइनल किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 18 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेसवे में बड़ा पुल 21,लघु पुल 140, आर ओ भी 9 एवं 21 जगह पर इंटरचेंज स्थल बनाया जाएगा, जिससे लोगों को एक्सप्रेस वे पर चढ़ने उतरने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि जीरो किलोमीटर मीर नगर सराय से 3 किलोमीटर दक्षिण हाजीपुर मुजफ्फरपुर फोर लाइन न 22 पर से शुरू होगा। वही 10वें किलोमीटर राजापाकर के उत्तर से, 22वां किलोमीटर लक्ष्मणपुर से दक्षिण से, 30वें किलोमीटर पीडापुर जंदाहा से उत्तर 45वें किलोमीटर सारंगपुर सराय रंजन के बीच से एनएच 322 पर गुजरेगी। वही 56वें किलोमीटर चन्द्र चोर चेता नार्थ से दक्षिण जहांगीरपुरी रोसड़ा के बीच से देवधा औरा सिरसिया कुशेश्वरस्थान से दक्षिण रकठी दक्षिण से सहरसा जिला के पश्चिमी सीमा राजनपुर बघबा से दो तीन किलोमीटर 321 के ऊपर से 141 वे किलोमीटर सोनबरसा कचहरी बगरौली के बीच से लगमा भवटिया खजुराहो मनवार जम्हरा के बीच से बभनगामा बिहारीगंज मुरलीगंज सक्सेना बड़हरा कोठी से उत्तर पूर्णिया शहर के उत्तर से कस्बा पूर्णिया के बीच से कस्बा गुलाब बाग के बीच चांद भट्टी गुलाब बाग से 3 किलोमीटर पूरब गुलाब बाग किशनगंज फोरलेन में मिलेगी।

गोरखपुर-सिलीगुड़ी 568.42 किलोमीटर लम्बी एक्सप्रेसवे को मंजूरी मिलने पर विधायक ने जताया आभार

अररिया : गोरखपुर- सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे मार्ग की मंजूरी मिल गई है। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने जानकारी देते हुए बताया इस एक्सप्रेस-वे के लिए तीन विधानसभा सत्र में लगातार उनके द्वारा फारबिसगंज से गुजरने को लेकर मामले को उठाया गया था,जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री,परिवहन मंत्री के साथ मुख्यमंत्री और सांसद के द्वारा पहल करते हुए मंजूरी दिलाने का कार्य किया गया,जिसके लिए सबों को साधुवाद है। उन्होंने बताया कि अररिया फारबिसगंज होकर गुजरने से इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 70 किमी कम होगी। इस एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण का काम जल्द शुरू होगा। छह महीने के भीतर टेंडर कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। केसरी ने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 568.42 किलोमीटर है।

इसमें बिहार में 417.15 किमी लंबा है। परियोजना पर 37 हजार 465 करोड़ खर्च होंगे।छह लेन बनने वाली इस सड़क पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लोग सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सड़क परियोजनाओं से न केवल राज्य में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से प्रगति यात्रा में की गई घोषणाओं को अमल में लाने के लिए विभाग की ओर से खर्च होने वाली राशि का आकलन किया जा रहा है। बिहार में सुपौल, फारबिसगंज अररिया और किशनगंज से होकर गुजरने वाली इस सड़क में गंडक, बागमती व कोसी पुल का परियोजना के लिए 100 मीटर चौड़ाई में भू-अर्जन किया जाएगा।

डॉ. प्रेम कुमार ने लगायी महाकुम्भ में डुबकी

एजेंसी

पटना : बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को महाकुम्भ में डुबकी लगायी। इस अवसर पर उन्होंने कहा, 'हो सकता है, मेरे कुम्भ स्नान से ममता जी को मौत नजर आ रही हो, अखिलेश यादव को लाश नजर आ रही हो और लालू जी के पेट में दर्द हो रहा हो, तो इसमें मेरी क्या गलती ? मुझे तो कुम्भ में स्नान कर प्रेम, भक्ति और उत्साह का संचार महसूस हो रहा है। 12 वर्षों में एक बार कुम्भ आता है और 12 कुम्भ पर एक बार महाकुम्भ का आयोजन होता है। इस बार के महाकुम्भ का

सौभाग्य प्रयागराज के संगम को नसीब हुआ है। आज मैं प्रयागराज के महाकुम्भ में स्नान कर अपने आप को धन्य और पुण्य का भागी मानता हूं। यह अवसर फिर मुझे पाने के लिए तीन जन्म लेना पड़ेगा, क्योंकि यह अवसर प्रयागराज को 144 वर्षों के बाद आयेगा। मैं स्नान के साथ-साथ संगम में गंगा, यमुना और माता सरस्वती की अंतसलीला धाराओं से निवेदन करता हूं कि बिहारवासी को रोग-शोक कभी ना व्याप्त हो। बिहारवासी सुखी सम्पन्न हों, यही मेरी विनती है।

60 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवादा : नवादा जिले के रजौली में रविवार को थानाक्षेत्र के नगर पंचायत के घसियाडीह गाँव से गुप्त सूचना के आधार पर रजौली थाने में पदस्थापित महिला एसआई पिंकी कुमारी ने बोतल विदेशी शराब और एक शराब कारोबारी सहित दो बाइक को जब्त किया है।वही पुलिस को देख दूसरा शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि देशी और विदेशी शराब घसियाडीह में लाया जा रहा है,जिसके बाद थाने की तेजतर्रार महिला एसआई पिंकी कुमारी को भेजा गया,जिसके बाद घसीयाडीह गांव से दो बाइक पर लदे 375 एमएल के 60 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 20 लीटर देसी महुआ शराब व एक कारोबारी सहित दो बाइक को एसआई पिंकी कुमारी ने जब्त कर थाने में लाया।

पूर्वी चम्पारण समेत बिहार के 08 जिलों से होकर गुजरेगी गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे : विजय

- 37,465 करोड़ की आयेगी लागत
- एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी

एजेंसी

पूर्वी चम्पारण : गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाली एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह एक्सप्रेस-वे बिहार के आठ जिलों से होकर गुजरेगी, जिसमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज और अररिया शामिल है। केंद्र से एलाइनमेंट की मंजूरी मिलने

के बाद जल्द ही भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार के उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है, कि एक्सप्रेस वे को लेकर 6 माह में टेंडर जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 37,465 करोड़ की राशि खर्च होगी। एक्सप्रेस वे की लंबाई 568.42 होगी। जिसमे 417.15 किलोमीटर का हिस्सा बिहार में होगा। यह एक्सप्रेस वे 6 लेन की बनेगी। गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाले सिक्स लेन एक्सप्रेस वे मार्ग में गंडक, बागमती और कोसी नदी पर तीन बड़े पुल का भी निर्माण होगा।

बिहार पुलिस सप्ताह दिवस को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी

एजेंसी

भागलपुर : बिहार पुलिस सप्ताह दिवस को लेकर रविवार को जिले के सुल्तानगंज पुलिस ने नशामुक्ति अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली । कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने की। कार्यक्रम में नगर सभापति राज कुमार गुड्डू के अलावा काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और एलिमेंट्री स्कूल के छात्र एवं छात्राएं शामिल थे। प्रभात फेरी सुल्तानगंज थाना से निकल कर विभिन्न सड़क मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए नशामुक्त हो देश हमारा, नशा करने से घर होगा बर्बाद, नशामुक्त हो देश हमारा का नारा लगाया गया।

भागलपुर में कब खुलेगा रेल मंडल कार्यालय

एजेंसी

भागलपुर : बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के हवाई अड्डा भागलपुर में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा के मंत्री और विधायक को लोगों के घर घर जाना पड़ रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में भागलपुर में हुए रेल मंडल कार्यालय का शिलान्यास के बाद भी अभी तक मंडल कार्यालय क्यों नहीं बना। भाजपा नेताओं द्वारा भागलपुर उप राजधानी बनाने के वादे क्या हुआ। भागलपुर विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बनाया जा रहा है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय का निर्माण कब होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में भागलपुर जिले में 33 हजार करोड़ के सृजन घोटाले का क्या हुआ। भागलपुर जिले में बाढ़ और कटाव पर कब रोक लगेगी। बाढ़ कटाव पीड़ितों के पुनर्वास की व्यवस्था कब होगी। कहलगांव से सुल्तानगंज गंगा किनारे मरीन ड्राइव का निर्माण कब किया जाएगा। रेशमी नगर के उद्योग व्यवस्था को कब बढ़ावा मिलेगा। बिजली किसानों को कब मुफ्त मिलेगा। महंगाई एवं भ्रष्टाचार

पर कब रोक लगेगी। युवाओं को कब रोजगार मिलेगा। अपराध पर कब नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि केला और मक्का उद्योग लगाया जाए। घंटाघर से अलीगंज तक ओवर ब्रिज बनाया जाए। प्रत्येक परिवार के खाते में 15-15 लाख रुपए कब आएंगे। प्रत्येक साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादे का क्या हुआ। किसानों को उपज का समर्थन मूल्य एवं अनुदान कब मिलेगा। प्रधानमंत्री को भागलपुर के किसान सम्मान सम्मेलन में उक्त सवाल का जवाब देना चाहिए।

भव्य निशान शोभायात्रा में खेली गयी फागुन की पहली होली

एजेंसी

भागलपुर : बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में रविवार को भागलपुर के गौशाला प्रांगण से भव्य 11वां निशान शोभा यात्रा निकाला गया। यह यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्गों से गुजरता हुआ बुढ़ानाथ मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। सबसे पहले महादेव की भव्य आरती शिव भक्तों ने की। इस भव्य निशान शोभायात्रा में शहर के युवा, वृद्ध, बच्चे और महिलाओं ने हिस्सा लिया। सभी के पीले परिधान और कंधे पर निशान देखते ही बन रहे थे। इस दौरान सभी भक्त जनों ने इस साल की पहली फागुन की होली खेली। सबों ने एक दूसरे को बाबा महादेव के नाम अबीर गुलाल लगाया, जितने भी शिवभक्त अपने कंधों पर निशान लेकर गुजर रहे थे।

मोतिहारी के आयुष मिश्रा ने क्वालीफाई किया नेट जेआरएफ

एजेंसी

पूर्वी चंपारण : मोतिहारी शहर के आयुष मिश्रा ने यू.जी.सी.द्वारा आयोजित नेट, जे.आर.एफ. परीक्षा में उत्तीर्ण कर चंपारण का नाम रौशन किया है। आयुष ने इस परीक्षा में दो बार नेट क्वालीफाइड करने के बाद तीसरी बार में जे.आर.एफ. क्वालीफाई किया है।उनका पर्सेंटाइल 99 प्रतिशत से ऊपर है।आयुष के पिता मुंशी सिंह महाविद्यालय के अवकाशप्राप्त प्राचार्य प्रो.(डॉ.)अरुण कुमार हैं और उनकी माता डॉ.सरिता तिवारी हैं जो कि मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत है। आयुष ने बनारस हिंदू विश्विद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है और फिलवक्त दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग से एमए फाइनल की पढ़ाई कर रहे हैं। आयुष ने बताया कि अंग्रेजी में डॉक्टरेट करने के बाद उनका इरादा हायर एजुकेशन के क्षेत्र में योगदान कर पठन पाठन को बढ़ावा देना है।आयुष की इस सफलता पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.)मृगेंद्र कुमार,अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो.इकबाल हुसैन प्रो.शोभाकांत चौधरी अन्य लोगो ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चिरैया की श्रेया को यूजीसी नेट परीक्षा में मिली सफलता

पूर्वी चंपारण : जिले के चिरैया प्रखंड के मीरपुर गांव निवासी श्रेया कुमारी को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी परीक्षा में सफलता मिली है। चिरैया कोठी स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार व आंगनबाड़ी सेविका चंद्रकला देवी के तीन बच्चों में सबसे बड़ी श्रेया के इस सफलता पर परिवार व पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

फारबिसगंज पुलिस ने निकाली नशा मुक्ति रथ यात्रा

अररिया : बिहार पुलिस सप्ताह के तहत अररिया के फारबिसगंज थाना पुलिस की ओर से रविवार को नशा मुक्ति को लेकर नशा मुक्ति रथ यात्रा निकाली गई। यह नशा मुक्ति रथ यात्रा स्टेशन चौक से पटेल चौक होते हुए राम मनोहर लोहिया पथ, पोस्ट ऑफिस चौक पर जाकर समाप्त हुई।रथयात्रा को एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नशा के खिलाफ निकले अभियान की अगुवाई थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने की।जबकि इसमें शामिल फारबिसगंज थाना के पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने भी शिरकत की और नशा के खिलाफ आमजनों में जागरूकता फैलाने का काम किया।

डीआईजी ने 05 पुलिसकर्मियों को किया निलम्बित

एजेंसी

पूर्वी चंपारण : चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरिकिशोर राय ने एक बार फिर कार्य में शिथिलता बरतने वाले लापरवाह पुलिस पदाधिकारियो पर बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी ने गड़हिया थानेदार सहित 5 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन पर एक वर्ष बाद भी 40 कांडों का प्रभार नहीं देने का आरोप है। इस कार्रवाई से कांड का प्रभार नहीं देने वाले और पॉकेट डिस्पोजल करने वाले पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप व्याप्त है। उल्लेखनीय है,कि गड़हिया थानेदार राजीव रंजन कुमार द्वारा एक वर्ष पूर्व हरैया थाना से स्थानांतरित होने के बाद भी 40 कांडों का प्रभार नहीं दिया गया था। इसके अलावा, छौड़ादानो के दरोगा शिवजी सिंह, पचपकड़ी थाना के ब्रजभूषण सिंह, जय बजरंग थाना के संजय कुमार सिंह और रक्सौल थाना के दरोगा संजय कुमार सिंह को भी डीआईजी द्वारा कांडों का प्रभार नहीं देने के कारण निलंबित किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा उक्त कारवाई से कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को सबक मिलेगा ।

एसपी ने रिश्वतखोर दारोगा को किया निलम्बित

पूर्वी चंपारण : एसपी स्वर्ण प्रभात ने पताही थाना में पदस्थापित एक रिश्वतखोर दारोगा को निलंबित कर दिया है। उक्त दारोगा अखिलेश कुमार सिंह का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो में दारोगा एक महिला से केस में मदद करने के लिए दस हजार रुपए की मांग रहे हैं, जबकि महिला दारोगा के सामने गिड़गिड़ाते हुए महज पांच हजार रुपये होने की बात कह रही है। वीडियो दारोगा महिला से यह कहते सुने जा रहे है,कि जो तय है,वही देना होगा।इसके बाद दारोगा अखिलेश कुमार सिंह महिला से पांच हजार रुपए ले लेते हैं। बाकी का तय रुपया लेकर आने की बात कहते हैं।

प्रोजेक्ट अमृत के स्वच्छ जल और स्वस्थ मन परियोजना के तृतीय चरण का शुभारम्भ

एजेंसी

सहरसा : संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल और स्वस्थ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार को संयोजक जयकिशोर प्रसाद के पावन सानिध्य में सहरसा के द्विवारी स्थान पोखर की साफ सफाई हुई। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल

और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके । इस पावन अभियान को मूल्यांकन मंदिर के सचिव रामबहादुर जी ने मिशन द्वारा चलाया गया कार्यक्रम को दिल से सराहना किये। इस कार्यक्रम में कोशी प्रमंडल के समस्त साध संगत एवं सेवादल के भाई-बहन बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि निरंकारी मिशन के द्वारा पूरे जिलें मे भजन कीर्तन प्रवचन सत्संग के माध्यम सें अध्यात्मिक ज्ञान का अलख जगाया जा रहा है।वही सामाजिक सरोकार से जुड़कर समाज के लिए रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण हेतु जनसहयोग से अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इससे पूर्व भी शहर के विभिन्न भागों मे निरंकारी मिशन के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया।

कॉमर्शियल टैक्सेज डिपार्टमेंट के ज्वाइंट कमिश्नर विश्वजीत कुमार सिन्हा को विभिन्न समाज के लोगों ने दी बधाई।

एक झलक

रोहित ने बनाया टॉस हारने का रिकार्ड

दुबई : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड बना है। रोहित पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भी टॉस हार गये थे ये लागातर 12 वीं बार है जब रोहित टॉस हारे हैं। इस प्रकार का रिकार्ड कोई अन्य कप्तान नहीं तोड़ना चाहेगा। साल 2023 वनडे वर्ल्ड से लेकर ये अब तक लगातार 12वां ऐसा एकदिवसीय मुकाबला था, जिसमें भारतीय टीम टॉस जीतने में विफल रही है। भारत से पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड नीदरलैंड्स की टीम के नाम था। नीदरलैंड्स टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 एकदिवसीय मैचों में टॉस हारी थी। वहीं अब रोहित टॉस हारने के मामले में नंबर एक पर पहुंच गये हैं। पाक के खिलाफ भारतीय टीम बिना किसी बदलाव के साथ उतरी। भारतीय टीम ने अपना पहला बांग्लादेश के खिलाफ जीता था । इस प्रकर अब उसे नॉकआउट में पहुंचने केवल एक जीत चाहिये है। वहीं पाक पहले मुकाबले में हारी थी। ऐसे में अब एक और हार उसे टूर्नामेंट से बाहर कर देगी।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का क्रेज सड़कें रहीं सुनसान

लाहौर : क्रिकेट का जादू यूं भी सभी के सिर चढ़कर बोलता है, लेकिन बात जब भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की हो तो लोगों की सांसें गेंद और बल्ले के घुमाव से ही तय होती हैं। यकीन नहीं आ रहा हो तो यह खबर देखें जो बताती है कि भारत और पाकिस्तान का मैच तो दुबई में हो रहा था, लेकिन दोनों ही देशों की सड़कें सूनी पड़ी हुई थीं। वजह सभी की निगाहें टीवी और मोबाईल की स्क्रीन पर जो टिकी हुई थीं और कोई कहीं दूर जाने को तैयार ही नहीं था।
भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का पांचवां मुकाबला दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेला गया। पाकिस्तान टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने उतरी, बस इसी पल के साथ लाहौर के मार्केट और मॉल समेत हमेशा अतिव्यस्त रहने वाली चौड़ी सड़कें भी सुनसान हो गईं। लोगों ने घरों और अपने संस्थानों में टीवी पर भारत-पाक मैच देखना बाहर निकलने से ज्यादा पसंद किया। इस वजह से तमाम सड़कें सुनी नजर आई हैं। यही हाल पाकिस्तान के अन्य शहरों का भी रहा, जहां लोग भारत-पाकिस्तान मैच देखने में इतना व्यस्त रहे कि वो जरुरी काम भी या तो भूल गए या फिर आगे कभी करने के लिए टाल दिया।

विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन

दुबई : भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी टूर्नामेंट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रनों के आंकड़े तक पहुंचने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ है। विराट ने 300 से कम पारियों में यह कारनामा किया है।

यंग आदिवासी की जीत में जेस्टन चमके

इन्दौर : जेस्टन के दो गोलों की बदौलत यंग आदिवासी क्लब ने खजराना युनाईटेड को 3-1 से पराजित कर सेंट्रल जिमखाना क्लब द्वारा प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन की स्मृति में 30 वीं अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबाल स्पर्धा में जोरदार आगाज किया। दूसरे मैच के मुकाबले में नेशनल क्लब महू ने राईजिंग स्टार महू को टाईब्रेकर में 3-2 से पराजित कर अपने जीत के अभियान की शुरूआत की। स्पर्धा सयोजक भारत मथुरावाला ने बताया कि नेहरू स्टेडियम मैदान पर मोयरा सरिया, खेल एवं युवक कल्याण विभाग म.प्र. एवं इन्दौर नगर पालिक निगम द्वारा प्रायोजित इस स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ रविवार को इन्दौर के प्रथम नागरिक महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आतिथ्य में हुआ।

अंडर-17 अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस फुटबॉल लीग : जेडएफए की टीम ने मेथोडिस्ट को 3-0 से दी शिकस्त

एजेंसी

मुरादाबाद : मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के मैदान पर अस्मिता खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्रधिकारण के प्रयोजन से उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के तत्वावधान में अंडर-17 अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस फुटबाल लीग 2024-25 तीसरे दिन रविवार को भी जारी रही। आज जेडएफए की टीम और मेथोडिस्ट कालेज की टीम के बीच मैच हुआ। जिसमें जेडएफए की टीम ने 3-0 से टूर्नामेंट जीत लिया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि अंडर-17 अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस फुटबाल लीग में नियमानुसार 6 टीमें प्रीतिभाग कर रही है। आज जेडएफए और मेथोडिस्ट कालेज की टीम के बीच मैच हुआ। मैच के पहले

माध्यन्तर के खेल में जेडएफए की सोना ने पहला गोल कर अपनी टीम के हौसले बुलंद कर दिए। लेकिन दाद देनी होगी मेथोडिस्ट की खिलाडियों की जिन्होंने जेडएफए पर बराबर हमले किये जिसे जेडएफए की रक्षा पंक्ति ने विफल कर दिए। खेल के दूसरे माध्यन्तर मे जेडएफए की वर्षा ने जबरदस्त मूव बनाते हुये गोल में किक कर टीम कर स्कोर 2-0 कर दिया, उसके बाद मैच के अंतिम क्षणों मे वर्षा ने एक और गोल कर जीत का अंतर 3-0 कर अपनी टीम को अश्वस्त कर दिया। इस प्रकार जेडएफए ने ये मैच 3-0 से जीता। आज के निर्णायक मण्डल मे माधुरी देवी, राजकुमारी, मुहम्मद फरमान, औरंगजेब आलम, सरताज मुमताज रहे।

इंग्लैंड की चुनौती के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

- छह मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है भारत

भुवनेश्वर : भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय बनाए रखने के इरादे से उतरेगी। यह मैच 24 और 25 फरवरी को खेले जाएंगे। भारतीय टीम टूर्नामेंट में छह मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम की शुरूआत मिली-जुली रही, जहां उसने स्पेन और जर्मनी के खिलाफ एक-एक मैच जीता और हारा। हालांकि, इसके बाद टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए आयरलैंड को हराया। अब हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड की चुनौती होगी, जो अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि वह अपने पिछले मैचों में संघर्ष करता नजर आया है। उसने स्पेन के खिलाफ शूटआउट में जीत दर्ज की, लेकिन दूसरे मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी सैम वॉर्ड, जिन्होंने अब तक नौ गोल किए हैं, टीम की उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लैंड ने अब तक प्रतियोगिता में 20 गोल किए हैं और उनकी आक्रमण पंक्ति मजबूत दिख रही है, लेकिन भारतीय डिफेंस इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अब तक भारत की रक्षा पंक्ति सबसे सशक्त रही है, जिसने केवल आठ गोल खाए हैं जो कि लीग में सबसे कम है। पिछले तीन मैचों में भारत ने केवल एक ही गोल खाया है, जो उसके रक्षात्मक मजबूती का प्रमाण है। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम के सामने तीसरे नंबर की इंग्लैंड टीम की चुनौती होगी। यह मुकाबला आक्रमण और रक्षण के बीच रोमांचक जंग साबित हो सकता है। भारतीय टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ दोनों मैचों में जीत

विराट की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत की शानदार जीत

एजेंसी

दुबई : भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।

कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली, चौके के साथ 51वीं वनडे सेंचुरी पूरी की

विराट कोहली : 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए।
कुलदीप यादव : 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

पाकिस्तान की हार के दो कारण

धीमी बैटिंग: पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी। स्पिनर्स की कमी: पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा।

प्लेइंग-11

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और हर्षित राणा। **पाकिस्तान:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), इमाम उल हक, सऊद शकील, बाबर आजम, सलमान आगा, तैय्यब ताहिर, खुशदिल शाह, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद। इमाम ने श्रेयस का डाइविंग कैच लिया । भारतीय पारी के 39वें ओवर में इमाम-उल-हक ने शानदार कैच लपका। खुशदिल शाह ने ओवर की पांचवीं बॉल पर फुल लेंथ की फेंकी। यहां श्रेयस ने जगह बनाकर शॉट खेला।

टेबल टेनिस स्पर्द्धा : चन्द्रचुड, मनोहर, शीतल, प्रसुन्ना बने राष्ट्रीय विजेता

इन्दौर : टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित 31वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरूष एकल के 40+ आयु वर्ग में चन्द्रचुड वानापल्ली, 50+ आयु वर्ग में में मनोहर बी. कुमार (दोनों तेलगांना), महिला एकल वर्ग के 40+ में शीतल शाह व 50+ में प्रसुन्ना पारेख (दोनों गुजरात) ने राष्ट्रीय विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। अभय प्रशाल में खेली गई स्पर्धा में पुरूष 40+ के एकल वर्ग के फाईनल में चन्द्रावानापल्ली चुड़ (तेलगांना) ने संतोष असरावील्ली (ऑडिट एंड अकाउंट डिपार्टमेंट) को 3-11, 11-4, 11-9, 11-8, 11-7 से हराकर फाईनल मुकाबला जीता।

जोश इंग्लिस सभी प्रारूपों में शतक लगानेवाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बने

एजेंसी

लाहौर : ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने इंग्लैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी में लगाये शतक से अहम रिकार्ड अपने नाम किर लिया है। जोश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले केवल चौथे क्रिकेटर बने हैं। उनसे पहले शेन वॉटसन, ग्लेन मैक्सवेल और डेविड वार्नर ने यक उपलब्धि हासिल की थी। चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे तेज शतक का रिकार्ड भारत के वीरेन्द्र सहवाग के नाम है। सहवाग ने साल 2002 में कोलंबो में ये शतक लगाया था। वहीं अब जोस ने भी 77 गेंदों पर ही शतक लगाकर सहवाग की बराबरी की है। इसके अलावा भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाजी शिखर धवन के नाम 80 गेंदों पर शतक का रिकार्ड है। ये शतक उन्होंने साल 2013 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कार्डिफ में लगाया था। इसके अलावा श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ साल 2009 में सेंचुरियन में 87 गेंदों पर ही शतक लगाया था।

यूपी वारियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हरा कर दर्ज की जीत

एजेंसी

बेंगलुरु : यूपी वारियर्स ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) लीग के एक अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिटलस को 33 रन से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए के तहत बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऊलटफेर करते हुए मजबूत नजर आ रही दिल्ली कैपिटलस को 33 रन से हरा दिया है। पहले खेलते हुए यूपी वारियर्स ने चिनेले हेनरी की शानदार पारी 32 गेंदों में 62 रनों की सहायता से 177 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली टीम जेमिमा के 56 रनों की सहायता से 144 रन ही बना पाई। इससे पहले यूपी वारियर्स ने पहले

खेलते हुए 20 ओवरों में 177 रन बनाए। दीप्ति के आउट होने के बाद हेनरी ने आगे आकर टीम को संभाला। उन्होंने 23 गेंदों पर 2 चौके और 8 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए और टीम को 177 तक पहुंचाया। दिल्ली की ओर से जोनासन ने 31 रन देकर 4 विकेट लीं। वहीं, अरुंधति और मेरिजाना ने 2-2 विकेट लिए इसके बाद पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स बिखर गयी। यूपी वारियर्स के गेंदबाजों खासकर सोफी एक्लेस्टोन और दीप्ति के सामने दिल्ली की बल्लेबाज टिक नहीं पायीं। के जेमिमा रोड्रिग्ज ने ही 56 रन बनाए पर वह टभ्म को हार से नहीं बचा पाई।

कैरी के कैच का वीडियो सोशल मीडिया में छाया

एजेंसी

लाहौर : ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी नै चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैड के खिलाफ मुकाबले में फिल साल्ट का एक असंभव सा कैच पकड़कर दर्शकों को हैरान कर दिया था। अब कैरी के इस कैच का वीडियो सोशन मीडिया में जमकर वायरन हो रहा है। इस मैच में साल्ट ने मैच के दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर एक जबरदसत शॉट खेला। इसी दौरान कैरी ने छलांग लगाकर गेंद को हवा में ही पकड़ लिया। इस कैच के लिए प्रशंसकों के साथ ही कमेंटेकरों ने भी कैरी की जमकर प्रशंसा की है। कमेंट्री कर रहे इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल एथरटन ने कहा कि क्या कैच है, यह एक अविश्वसनीय कैच है। विकेटकीपर के रुप में उन्होंने जिस प्रकार मिड-ऑन पर जाकर कैच पकड़ा उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। वहीं सोशल मीडिया पर भी कैरी की जमकर प्रशंसा हुई और उन्हें सुपरमैन बताया गया। वहीं एक प्रशंसक ने इससे सर्वश्रेष्ठ कैच करार दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन का रिकॉर्ड बनाया। इंग्लिस ने 86 गेंदों पर 120 रन की आक्रामक पारी खेली। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 351 रन बनाए थे पर ऑस्ट्रेलिया ने ये कठिन लक्ष्य हासिल कर लिया।

सऊदी अरब में प्रो लीग फुटबॉल मुकाबले में अल हिलाल के मार्कोस लियोनार्ड गेंद को गोल में मारते हुए।

शमी के घुटने की चोट उभरी, तीन ओवरों के बाद ही मैदान से गये बाहर

एजेंसी

दुबई : भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को घुटने की चोट उबरने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच में तीन ओवरों के बाद ही बाहर जाना पड़ा। शमी की चोट गिर ठीक नहीं होती तो ये भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका होगो क्योंकिक ऐसे में वह टूनार्मेंट के आगे के मैच से भी बार हो सकते हैं। पहले मुकाबले में बांलादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाले शमी इस मैच में अपने तीन ओवरों में संघर्ष करते दिखे। पाक के खिलाफ पहले ही ओवर में उन्होंने 5 वाइड गेंदें फेंकी। इसके बाद दूसरा ओवर ठीक ठाक रहा पर तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर वे दर्द फिर

उबरने के कारण घुटने के नीचे के पीछे को पकड़े दिखे। इसके बाद फिजियों ने मैदान पर आकर उनका उपचार किया । इसके बाद शमी ने ओवर की बची हुई दोनो गेंदें फेंकी। अगले ओवर के शुरू होने से पहले ही वह मैदान से बाहर चले गए।

53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन का रोमांचक समापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गांव, रांची में आयोजित 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई, जिनमें डॉ. प्रीत पाल सलूजा (महासचिव, हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया), डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचु (अध्यक्ष, झारखंड राज्य हैंडबॉल संघ), बृज किशोर शर्मा (सचिव, बिहार हैंडबॉल संघ), आर.के. शर्मा (सचिव, उत्तराखंड हैंडबॉल संघ), खुर्शीद खान (सचिव, झारखंड राज्य हैंडबॉल संघ), फिरोज खान, रघवेंद्र शर्मा,

कमल किशोर, और जावेद शामिल थे। आज के मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कल के मैच सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ होंगे।

आज के मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं

- बिहार ने दादरा और नगर हवेली को 18-08 से हराया।
- दिल्ली ने राजस्थान को 31-19 से पराजित किया।
- चंडीगढ़ ने छत्तीसगढ़ को 21-16 से मात दी।
- मध्य प्रदेश ने त्रिपुरा को 30-21 से हराया।
- तेलंगाना ने असम को 27-09 से पराजित किया।
- हरियाणा ने कर्नाटक को 30-06 से मात दी।
- तमिलनाडु ने पुडुचेरी को 35-19 से हराया।
- पंजाब ने गुजरात को 35-15 से पराजित किया।
- महाराष्ट्र ने ओडिशा को 27-21 से मात दी।
- एसएससीबी ने जम्मू और कश्मीर को 31-15 से हराया।
- पश्चिम बंगाल ने दमन और दीव को 11-9 से पराजित किया।
- केरल ने दादरा और नगर हवेली को 21-7 से मात दी।
- हिमाचल प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 31-11 से हराया।
- उत्तर प्रदेश और राजस्थान का मुकाबला 21-21 से बराबरी पर समाप्त हुआ।
- उत्तराखंड ने छत्तीसगढ़ को 24-18 से पराजित किया।
- मध्य प्रदेश ने असम को 28-02 से मात दी।

चैंपियनशिप के आगामी मैचों के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं।

बॉर्डरमेन मैराथन 2025 में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

अमृतसर : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने युवाओं को जागरुक करने के लिए बॉर्डरमेन मैराथन 2025 का आयोजन किया है। बॉर्डरमेन मैराथन 2025 के चौथे संस्करण की दौड़ अमृतसर के गोल्डन गेट से दौड़ शुरू हुई और इसमें 5000 से अधिक लोग शामिल हुए। हैंड इन हैंड विद बॉर्डर पॉपुलेशन थीम पर आधारित इस खेल आयोजन का लक्ष्य सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाना और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसमें मुख्य अतिथि बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि यह इस आयोजन का मकसद देश के युवाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग करना है।

सीएम ने गुवाहाटी में रिलायंस के कैम्पा और पेय पदार्थ के नये बॉटलिंग प्लांट का किया उद्घाटन

▪ रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने व्यापारिक घराना जेरिको के साथ शुरू किया है नया बॉटलिंग प्लांट

गुवाहाटी (असम) : अग्रणी FMCG और पेय पदार्थ कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) ने असम के गुवाहाटी में नये बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के साथ पूर्वोत्तर भारत में कैम्पा के पोर्टफोलियो की उपस्थिति को मजबूत किया है। स्थानीय भागीदार जेरिको के सहयोग से विकसित इस सुविधा का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने किया, जो इस क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विस्तार में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। 06 लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला यह प्लांट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पेय पदार्थ निर्माण इकाइयों में से एक है। इसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स (CSD) के लिए 10 करोड़ लीटर से ज्यादा और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के लिए लगभग 18 करोड़ लीटर की शुरुआती उत्पादन क्षमता है, जो बढ़ती उपभोक्ता मांग के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'आम लोग कैम्पा के उत्पादों को बहुत ही किफायती कीमत पर खरीद सकते हैं। कैम्पा कोला के साथ यह एक बड़ा फायदा है। वे किफायती कीमत पर उत्पाद दे रहे हैं, लेकिन वे गुणवत्ता से समझौता नहीं कर रहे हैं, जो अन्य वैश्विक मानकों के बराबर है। मेरा मानना है कि यह ब्रांड लगातार मजबूत होता जायेगा और इसे और भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और जेरिको को शुभकामनाएं देता हूं। यह यात्रा बहुत सफल हो और असम के लोगों के लिए बहुत सारे रोजगार के अवसर पैदा करे। यह यात्रा यह भी दर्शाये कि एक भारतीय ब्रांड वैश्विक ब्रांड के साथ प्रतिस्पर्द्धा कर सकता है।' रणनीतिक विस्तार के बारे में विस्तार से बताते हुए रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, आज एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल हुआ है, क्योंकि हम जेरिको की साझेदारी में गुवाहाटी संयंत्र का उद्घाटन कर रहे हैं। यहां हमारे परिचालन से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, जो सीधे तौर पर स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान देंगे।' यह विस्तार भारत के विरासत ब्रांडों को पुनर्जीवित करने और क्षेत्र के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने की हमारी रणनीति में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। गुवाहाटी के व्यावसायिक घराने जेरिको के साथ साझेदारी में विकसित इस परियोजना में दो विश्व स्तरीय बॉटलिंग लाइनों- एक 600 बीपीएम (बोतल प्रति मिनट) कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक (सीएसडी) लाइन और एक 583 बीपीएम जल उत्पादन लाइन के साथ अत्याधुनिक विनिर्माण प्रौद्योगिकी की सुविधा है, जो पेय उत्पादन में दक्षता और नवाचार को सुदृढ़ करती है। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, जेरिको फूड्स एंड बेवरेजेज एलएलपी के संस्थापक आशीष अग्रवाल ने कहा कि गुवाहाटी में इस विश्व स्तरीय कैम्पा बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ असम के प्रथम पीढ़ी के खाद्य और पेय व्यवसाय के रूप में जेरिको फूड्स के लिए एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। हम असम को एक प्रमुख विनिर्माण गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो जीवन को समृद्ध बनानेवाले बेहतर उत्पाद तैयार करते हैं। यह विस्तार उत्कृष्टता, नवाचार और क्षेत्र में खाद्य और पेय पदार्थ निर्माण के भविष्य के प्रति हमारे समर्पण को पुष्ट करता है। यह संयंत्र RCPL के लोकप्रिय पेय पदार्थों के पोर्टफोलियो का निर्माण करेगा, जिसमें कैम्पा कोला, कैम्पा ऑरेंज, कैम्पा लेमन, पावर अप और इंडिपेंडेंस और श्योर वाटर ब्रांड के तहत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर शामिल हैं। मुख्य रूप से असम, पूर्वोत्तर भारत और उत्तर बंगाल में उपभोक्ता मांग को पूरा करनेवाली इस सुविधा में मांग के आधार पर अन्य बाजारों को आपूर्ति करने की भी क्षमता है। इस विस्तार के साथ, RCPL पूर्वोत्तर में अपनी पैठ मजबूत करते हुए भारतीय उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले पेय पदार्थ प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। गुवाहाटी संयंत्र विश्व स्तरीय उत्पादों को वितरित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं का लाभ उठाने के RCPL के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

एक झलक

केरल में यूएई कंपनी करेगी 5,000 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली : केरल के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, यूएई स्थित शिपिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी शराफ ग्रुप ने राज्य में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। शराफ ग्रुप के वाइस चेयरमैन ने कहा कि केरल को इसलिए चुना गया है क्योंकि राज्य सरकार व्यापार को सरल बनाने के लिए कई पहल कर रही है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा। कंपनी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि वह दो ड्राई पोर्ट पर निवेश करेगी और राज्य को व्यापार के लिए और भी आकर्षक बनाने के लिए कई पहल करेगी। यह निवेश केरल में न केवल रोजगार के अवसर पर वृद्धि करेगा, बल्कि यह भी अन्य कंपनियों को राज्य में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगा। इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट जो शुक्रवार को शुरू हुआ, इसी उद्देश्य से आयोजित किया गया है, और वहाँ क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस समिट के माध्यम से नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों में नई किरणें खिली हैं, जो राज्य की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।

अगले सप्ताह 02 नये आईपीओ की लॉन्चिंग

नयी दिल्ली : सोमवार से शुरू हो रहा कारोबारी सप्ताह आईपीओ लॉन्चिंग के लिहाज से काफी सुस्त रहने वाला है। इस सप्ताह सिर्फ दो नए पब्लिक इश्यू लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों इश्यू एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा निवेशकों के पास पिछले सप्ताह 20 और 21 फरवरी को खुले तीन आईपीओ में भी 24 और 25 फरवरी तक बोली लगाने का मौका है। इस सप्ताह पांच कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होकर कारोबार की शुरुआत करेंगे। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 24 फरवरी को न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस का 31.70 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 27 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। इश्यू में बोली लगाने के लिए 234 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 4 मार्च को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अगले दिन 25 फरवरी को श्रीनाथ पेपर का 23.36 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 28 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। इश्यू में बोली लगाने के लिए 44 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 3,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 5 मार्च को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अलावा पिछले सप्ताह 20 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले एवपी टेलीकॉम इंडिया के 34.23 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी 24 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। इश्यू में बोली लगाने के लिए 108 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 1,200 शेयर का है। ये इश्यू अभी तक फुली सब्सक्राइब हो चुका है। कंपनी के शेयर 28 फरवरी को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी तरह 20 फरवरी को ही सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुए स्वस्थ फूड टेक के 14.92 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी कल यानी 24 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। इश्यू में बोली लगाने के लिए 94 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 1,200 शेयर का है।

जे.फैशन मॉल का भव्य उद्घाटन, ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर

ओरमांझी : राजधानी रांची जिले के चूट्टू तालाब रिंग रोड स्थित जे.फैशन मॉल का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा,मेसरा हॉस्पिटल के निदेशक जावेद अख्तर,कांग्रेस के महासचिव अनवारूल अंसारी, मॉल के संचालक दाऊद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया.इस मॉल में ग्राहकों को मेन्स वियर, लेडिज वियर और किड्स वियर के लिए बेहतरीन कलेक्शन मिलेगा, वह भी किफायती दरों पर संचालक दाऊद अंसारी के अनुसार, यहां हर कपड़ा बाजार से सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेगा, जिससे स्थानीय लोगों को किफायती खरीदारी का लाभ मिलेगा। उद्घाटन के मौके पर खास ऑफर के तहत 30 प्रतिशत की छूट के साथ बेहतरीन वस्त्र उपलब्ध हैं। इसके अलावा, खरीदारों को विशेष उपहार भी दिए जाएंगे.मुख्य मुख्य अतिथि जावेद अख्तर में कहा कि चूट्टू और आसपास के लोगों के लिए यह मॉल एक बेहतरीन शॉपिंग डेस्टिनेशन साबित होगा,जहां एक ही स्थान पर हर प्रकार के कपड़े मिलेंगे। मॉल के संचालक दाऊद अंसारी व सदाम अंसारी ने ग्राहकों से इस खास मौके का लाभ उठाने की अपील की है। मॉल द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए कस्टमर केयर नंबर 8210318409,8292536197 भी जारी किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जावेद अख्तर अंसारी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, मेसरा हॉस्पिटल के निदेशक जावेद अख्तर, मौलाना अजीज, अनवारूल अंसारी, हाजी हयात अंसारी, शरीफ अंसारी, जहांगीर अंसारी, मजनू अंसारी, अलीमाम, सफीक अंसारी, उप मुखिया शईद अंसारी, संचालक दाऊद अंसारी, सदाम अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

त्योहारी मांग व आयात कम होने से तेल-तिलहन की कीमत में आयी तेजी

नयी दिल्ली : अगले माह होली त्योहार को देखते हुए मांग बढ़ने और विदेशी तेलों के महंगा होने से आयात में गिरावट के बीच भारतीय बाजार में तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित पाम-पामोलीन के दाम में वृद्धि हुई है जिससे पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। जनवरी में खाद्य तेलों का आयात 10 लाख सात हजार टन का हुआ था, जिसके फरवरी में घटकर 9.5 लाख टन रहने की संभावना है। आयातित तेल की कमी को पूरा करने की स्थिति में न तो सरसों है न ही बिनौला। ऐसे में त्योहारों के मद्देनजर सरकार को देखना होगा कि आयात की कमी को कैसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह से पहले आयात होने वाले जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,175-1,180 डॉलर प्रति टन था वह बीते सप्ताह बढ़कर 1,195-1,200 डॉलर प्रति टन हो गया।

सर्राफा बाजार में तेजी, 88 हजार के करीब पहुंचा 24 कैरेट सोना

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 88 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में रविवार को 24 कैरेट सोना 87,770 रुपये से लेकर 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,450 रुपये से लेकर 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

महाशिवरात्रि पर कलाकारों ने अपने आध्यात्मिक जुड़ाव पर बात की

मुंबई : इस महाशिवरात्रि पर, सोनी सब के प्रतिभाशाली कलाकारों- कृष्णा भारद्वाज, प्रियंवदा कांत, आरव चौधरी, माहिर पांधी और सायली सालुंखे ने अपने जीवन में इस शुभ दिन के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इन कलाकारों के लिए, महाशिवरात्रि किसी त्योहार से कहीं बढ़कर है; यह भक्ति करने और कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है। उपवास करने और पारंपरिक रिवाजों को पालन करने से लेकर भगवान शिव की दिव्य शिक्षाओं से प्रेरणा लेने तक, उनमें से हर कोई इस अवसर की भावना को अनोखे तरीके से अपनाता है। वे इस बात पर भी विचार करते हैं कि यह पवित्र रात कैसे उनके विश्वास को मजबूत करती है, और उन्हें अंदरूनी शांति और सद्भाव के करीब लाती है। तेनाली रामा के कृष्णा भारद्वाज, तेनाली रामा में शारदा की भूमिका निभाने वाली प्रियंवदा कांत, वीर हनुमान में केसरी की भूमिका निभाने वाले आरव चौधरी, वीर हनुमान में बाली और सुग्रीव की भूमिका निभाने वाले माहिर पांधी, वीर हनुमान में अंजनी की भूमिका निभाने वाली सायली सालुंखे ने कहा, महा शिवरात्रि को ध्यान करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है, और मैं हर साल उपवास करना सुनिश्चित करती हूं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सच्चे दिल से भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों को जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष पाने में मदद मिलती है। मेरी कामना है कि इस शुभ दिन पर शिव जी हम सभी को आशीर्वाद दें।

बर्कशायर हैथवे: वित्तीय सफलता की नयी ऊंचाइयों पर

नयी दिल्ली : बर्कशायर हैथवे के कैश और ट्रेजरी बिल होल्डिंग्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 300 अरब डॉलर से अधिक कमाए, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है। भारतीय बाजार को इस बड़े भूतपूर्व नकदी संग्रहण की खबर से प्रेरणा मिली है, जिसने विश्लेषकों के ध्यान को आकर्षित किया है। डाउ जोन्स मार्केट डेटा के अनुसार, कंपनी की संपत्तियों में इस मात्रा का वृद्धि 1998 के बाद सबसे अधिक है। बर्कशायर हैथवे के निवेशक वारेन बफेट के वार्षिक पत्र का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें उनकी सोच और संभावित निवेश योजनाओं के संकेत मिल सकते हैं। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट से 2024 के अंत तक की सटीक नकद स्थिति का भी पता चलेगा। बर्कशायर के मुख्य निवेश अधिकारी ने इस नकदी की बड़ी मात्रा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या मैंने कभी नहीं देखी है। कंपनी अपने व्यवसायों के माध्यम से नकदी बनाती है और अपने निवेश से भी पैसा कमाती है। इन्हें इंश्योरेंस, रेलरोड, यूटिलिटी और कंज्यूमर गुड्स में व्याप्त है। बफे के नकदी खर्च न करने की रणनीति ने शेयरों के उच्च दाम का संकेत दिया है। एसएंडपी 500 ने 2025 की शुरूआत में नए उच्चतम स्तर पर पहुंचकर मजबूत छलांग दर्ज की है।

विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार से 2025 में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाले

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने हुए हैं। फरवरी के महीने में एफपीआई अभी तक स्टॉक मार्केट से 23,710 करोड़ रुपये के निकासी कर चुके हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिसिप्रोकल ड्यूटी के ऐलान और स्टील तथा एल्युमिनियम के इंपोर्ट पर नए टैरिफ लगाने की बात उठने के कारण बाजार में वैश्विक स्तर पर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से एफपीआई अपना पैसा निकालने में लगे हुए हैं। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में एफपीआई एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी कर चुके हैं। जनवरी के महीने में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इसके बाद फरवरी में भी घरेलू बाजार से अपने पैसे की निकासी करते हुए एफपीआई ने 21 फरवरी तक 23,710 करोड़ रुपये की निकासी कर ली। इस तरह 2025 में एफपीआई कुल 1,01,737 करोड़ रुपये निकासी कर चुके हैं। विदेशी निवेशकों की ओर से की जा रही इस जोरदार बिकवाली के कारण निफ्टी ने इस अवधि में वार्षिक आधार पर 4 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि वैश्विक स्तर पर मची हलचल, खासकर अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की नीतियों की वजह से निवेशकों में चिंता बनी हुई है। विशेष रूप से जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर को तेज करने का संकेत दिया है, उससे ग्लोबल मार्केट में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। ऐसी स्थिति में विदेशी पोर्टफोली निवेशक भारतीय शेयर बाजार समेत दुनिया के सभी उभरते बाजारों में निकासी करके जोखिम प्रबंधन की रणनीति अपना रहे हैं। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि वैश्विक मोर्चे पर बनी चिंता के साथ ही घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजे और डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण रुपये की कीमत में आई गिरावट के कारण भी इंडियन एसेट्स को लेकर ग्लोबल अपील कमजोर हुई है। इसके अलावा भारतीय बाजारों में हो रही बिकवाली के पीछे एक वजह चीन में बना खरीदारी का माहौल भी है, जिसकी वजह से विदेशी निवेशक भारत में बिकवाली करके इस पैसे से चीन में लिवाली करने में जुटे हैं।

पेज एक के शेष

कुछ नेता हमारे पर्व-परम्परा को गाली देते हैं, विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं : प्रधानमंत्री...

भी प्रधानमंत्री को भेंट किया।

प्रधानमंत्री ने जय जटाशंकर धाम की जय से अपने सम्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमानजी की कृपा है कि आस्था का केन्द्र आरोग्य का केन्द्र बनने जा रहा है। अभी यहां बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस सेंटर का भूमि पूजन किया है। यहां 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। इस कार्य के लिए धीरेन्द्र शास्त्री का अभिनंदन करता हूं। बुंदेलखंड के लोगों को बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि दूसरों की सेवा, दूसरों की पीड़ा का निवारण ही धर्म है। इसलिए नर में नारायण, जीव में शिव ; इस भाव से जीव मात्र की सेवा, यही हमारी परम्परा रही है। आजकल हम देख रहे हैं। महाकुम्भ की हर तरफ चर्चा हो रही है। हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केन्द्र रहे हैं, तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केन्द्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वह विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारे ऋषियों ने ही हमें वह विज्ञान दिया, जिसका परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। आजकल हम देख रहे हैं, महाकुम्भ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुम्भ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगायी है।

एकता के महाकुम्भ में नेत्र महाकुम्भ चल रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुम्भ में नेत्र महाकुम्भ चल रहा है, इस तरफ मीडिया का ध्यान जाना मुश्किल है। इसकी ज्यादा चर्चा भी नहीं हुई है। इसमें देशभर से आये हुए लोगों की आंखों की जांच मुफ्त में होती है। यहां अब तक दो लाख से ज्यादा भाई-बहनों की आंखों की जांच हो चुकी है। डेढ़ लाख लोगों को निःशुल्क दवाई और चश्मे दिये गये हैं। कुछ लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की जरूरत थी, तो यहां से अच्छे अस्पतालों में भेज कर करीब 16 हजार ऑपरेशन के लिए भेजा गया। एक भी पैसा खर्च किये बिना इनके ऑपरेशन किये गये हैं।

मैंने इलाज का खर्च कम करने का लिया है संकल्प

उन्होंने कहा, 'मैं आप सबकी तरह गरीब परिवार से निकला हूं। मैंने तकलीफों को देखा है, इसलिए संकल्प लिया कि मैं इलाज का खर्च कम करूंगा और आपकी जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा बचाऊंगा। पांच लाख रुपये तक का इलाज बिना किसी खर्च के किसी बेटे को अपने माता-पिता का नहीं करवाना है। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है। इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है, वे जल्दी बनवा लें। दवाओं का खर्च कम करने के लिए 14 हजार से ज्यादा जन औषधि केन्द्र खोले हैं, जो दवाई बाजार में 100 रुपये में मिलती है, जन औषधि केन्द्र में वहीं दवाई 15-20 रुपये में मिलती है। बहुत बार खबरें आती है, गांव-गांव किडनी की बीमारी काफी फैल रही है। लगातार डायलिसिस करानी पड़ती है। दूर-दूर जाना पड़ता है। खर्च बहुत बढ़ता है। आपकी यह मुसीबत कम हो, इसलिए हमने 700 से ज्यादा जिलों में 1500 से ज्यादा डायलिसिस केन्द्र खोले हैं। यहां मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि कैंसर की दवाओं को और सस्ता किया जायेगा। अगले तीन साल में देश के हर जिले में कैंसर डे-केयर सेंटर खोले जायेंगे। यहां जांच भी होगी और आराम की सुविधा भी होगी। आपके पड़ोस में ही जो जिला अस्पताल और चिकित्सा केन्द्र हैं, वहां कैंसर क्लीनिक भी खोले जायेंगे। कैंसर को लेकर सही जानकारी भी बहुत जरूरी है। यह छुआछूत की बीमारी नहीं है। कैंसर का खतरा बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और तम्बाकू से बढ़ता है। इसलिए कैंसर फैलानेवाले इन सब नशे से आपको दूर रहना है और दूसरों को भी दूर रखना है। मैं आशा करता हूं कि अगर हम सावधानी रखेंगे, तो बागेश्वर धाम के इस अस्पताल पर बोझ नहीं बनेंगे ; यानी यहां आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी आपका सेवक बन कर आपकी सेवा में जुटा है। मैं पिछली बार जब छतरपुर आया था, तो यहां पर मैंने हजारों करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। आपको ध्यान होगा, इनमें 45 हजार करोड़ रुपये की केन-बेतवा लिंक परियोजना थी। यह परियोजना न जाने कितने समय से अटकी थी। न जाने कितनी सरकारें आयीं और चली गयीं, लेकिन यह परियोजना लटकी रही। यह काम तब पूरा हुआ जब आपने मोदी को आशीर्वाद दिया। इससे पहले कार्यक्रम को मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भी सम्बोधित किया।

प्रधानमंत्री का आज बिहार दौरा, पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त करेंगे जारी...

परियोजनाओं की घोषाणाएं भी की जायेंगी। इस विशाल रैली में भागलपुर और पड़ोसी जिले बांका, मुंगेर और लखीसराय के करीब पांच लाख किसानों के शामिल होने की सम्भावना है।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा और राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के नेता और कार्यकर्ता उत्साहित हैं। भाजपा के तमाम बड़े नेता पहले ही भागलपुर का दौरा कर तैयारियां का जायजा ले चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने लोगों से अपील की है कि वह प्रधानमंत्री की सभा में आयें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भागलपुर के हवाई हड्डा मैदान में किसानों के कल्याण, उनकी खुशहाली और समृद्धि के लिए एक ऐतिहासिक जनसभा को सम्बोधित करने आ रहे हैं। सभी बिहारवासियों से अनुरोध है कि लाखों की तादाद में पधार कर प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुनें और किसानों की खुशहाली के बारे में संवाद करें।

कांग्रेस का अगला अधिवेशन 8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा...

मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता (लोकसभा) राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

पार्टी का कहना है कि यह आगामी अधिवेशन न केवल महत्त्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, बल्कि आम लोगों की चिन्ताओं का समाधान करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करेगा। यह अधिवेशन बेलगावी में हुए एआईसीसी अधिवेशन में विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) व नव सत्याग्रह बैठक में अपनाये गये प्रस्तावों की निरन्तरता के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सीडब्ल्यूसी की बैठक 1924 के सत्र में महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद सम्भालने की सौवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी थी।

आईजीआई से वन्यजीव तस्करी में तीन गिरफ्तार, दुर्लभ वन्यजीव बरामद...

एआई 303 से तीन यात्री उतरे थे। कस्टम अधिकारियों ने इन तीनों यात्रियों को देर रात 1:30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके बैग से विदेशी और दुर्लभ वन्यजीव बरामद हुए।

कस्टम विभाग के अनुसार तीनों यात्रियों के बैग से अलग-अलग प्रजाति के वन्यजीव मिले। इन वन्यजीव में अलग-अलग प्रजाति के कई सांप थे। इनमें से पांच कॉर्न सांप, आठ मिल्क स्नेक और नौ बॉल पाइथन स्नेक हैं। इनके अलावा कई अलग-अलग प्रजाति की छिपकलियां भी बरामद हुई हैं। छिपकलियों में चार बियर्डेड ड्रैगन, सात क्रेस्टेड गेको, 11 कैमरून ड्वार्फ गेको और एक गेको है। इसके अलावा 14 गजरा कीड़ा और एक मकड़ी भी बरामद हुई है। इन वन्यजीवों को कस्टम अधिकारियों ने बरामद जब्त कर लिया है और तीनों यात्रियों को आगे की जांच के लिए सम्बन्धित एजेंसियों के हवाले कर दिया है। अब उनसे पूछताछ की जायेगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर टनल में फंसे झारखण्डी श्रमिकों की कुशलता की ली जा रही है जानकारी...

जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन, गुमला द्वारा रविवार को सत्यापित की गयी। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी श्रमिक 03-04 वर्षों से तेलंगाना में कार्यरत थे। वे अपनी स्वेच्छा से वहां गये थे। वे वर्ष में एक बार अपने गांव आते-जाते रहते थे। हादसे की खबर से परिजन अत्यन्त चिन्तित हैं तथा अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने परिजनों से धैर्य बनाये रखने की अपील की है। उपायुक्त गुमला द्वारा लगातार स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

तेलंगाना : सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने में जुटी सेना व एनडीआरएफ...

निकालने के लिए चल रहे बचाव अभियान में 120 एनडीआरफ के कर्मचारी, 24 सिंगरेनी खदान के कर्मचारी और राज्य आपदा प्रबंधन से जुड़े 24 कर्मचारी और भारतीय सेना के 24 जवान शामिल हैं। इस दौरान जिलाधीश संतोष ने सुरंग के अन्दर कुछ दूर जाकर फंसे मजदूरों को उनके नाम पुकार कर सम्पर्क साधने की कोशिश की गयी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

बताया जा रहा है कि मलबे से 200 मीटर का हिस्सा पूरी तरह बंद हो गया है। सुरंग में 11-13 किमी के बीच के हिस्से में पानी जमा है। पानी को निकालने के लिए हेवी ड्यूटी के मोटरपम्प कार्य कर रहे हैं। टनल बोरिंग मिशन के दोनों किनारों पर कीचड़ और पानी भरा है। पानी और कीचड़ को पार करने में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी कड़ी मशक्कत कर एनडीआरएफ के जवान टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के सामने तक पहुंच गयी हैं। ऐसी स्थिति है कि जब तक पानी व कीचड़ को रास्ते से हटाया नहीं जायेगा, तब तक सुरंग में फंसे लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सकता। इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए चार टीमें बुलायी गयी हैं।

इससे पहले रविवार की सुबह जिलाधीश संतोष, पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने एनडीआरफ, सिंगरेनी खदान और सिंचाई विभाग के विशेषज्ञों के साथ रेस्क्यू अभियान की समीक्षा बैठक की।

गिरिडीह में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा, छह गिरफ्तार...

आयशर कम्पनी का डीजी जनरेटर और 31 अर्द्धनिर्मित माउजर के लोहे को तैयार बट के साथ, गोली लोड करनेवाले लोहे का 10 पीस पिछला हिस्सा, छह पीस लोहे का टुकड़ा, 31 पीस लोहे की पट्टी सहित एक बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा 17 हजार नगद रुपये, एक मोबाइल जब्त किये गये हैं।

एसपी ने बताया कि दयसुद्दीन अपने घर में मिनी माउजर पिस्टल फैक्ट्री का संचालन करने के साथ सहयोगियों के सहयोग से तैयार पिस्टल बिहार, झारखंड और बंगाल में सप्लाई करता था। इसकी कीमत लाखों में है। गिरफ्तार अपराधियों में दयासुद्दीन के साथ बिहार के मुंगेर के मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अफरोज और मुंगेर रामनगर थाना इलाके के सफियाबाद निवासी रूपेश शर्मा शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि मोहम्मद सोनू, मोहम्मद इमरान के खिलाफ बिहार के खुसरूपुर थाना में पहले से आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। मोहम्मद सोनू के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट का केस इसी थाने में दर्ज है। अफरोज के खिलाफ बांका में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

समाज परिवर्तन के लिए पञ्च परिवर्तन आवश्यक : भागवत...

पॉलीथिन न्यूनता और वृक्षारोपण जैसी क्रियाओं को महत्त्व दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय परिवार को अपनी भाषा, वस्त्र, भोजन, आवास और भ्रमण में स्वदेशी को अपनाना चाहिए। डॉ. भागवत ने सभी से विदेशी भाषाओं के उपयोग को कम करने और अपनी मातृभाषा में संवाद करने का आह्वान किया। डॉ. भागवत ने कहा कि जहां तक नागरिक कर्तव्यों की बात है, हमें सभी राजकीय नियमों और कानूनों का पालन करना चाहिए। साथ ही, यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पारम्परिक सामाजिक नैतिक मानदंडों का भी पालन करें, जो किसी भी नागरिक नियम पुस्तक में उल्लेखित नहीं होते हैं, ताकि समाज की भलाई हो सके। कार्यक्रम में उत्तर असम प्रांत के संघचालक डॉ. भूपेश शर्मा और गुवाहाटी महानगर के संघचालक गुरु प्रसाद मेधी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ. मोहन भागवत वार्षिक कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय असम दौरे पर 21 फरवरी की शाम को गुवाहाटी पहुंचे थे। गुवाहाटी के बाद उनका अगला प्रवास अरुणाचल प्रदेश में निर्धारित है।

एक झलक

सूडान में हैजा से 83 लोगों की मौत

खार्तून : गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने सूडान के व्हाइट नाइल राज्य में हैजा से मौत को लेकर आंकड़ा साझा किया है। इसके मुताबिक पिछले 72 घंटों में हैजा से 83 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट नाइल में हैजा फैलने से 83 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,197 लोग इससे पीड़ित हैं, जिनमें से 259 लोग ठीक हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नेटवर्क ने स्वास्थ्य अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अस्पताल में बिस्तरों की कमी और बीमारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त केंद्र खोलें। नेटवर्क ने स्थानीय प्राधिकारियों से जागरूकता अभियान तेज करने, बाजारों को संक्रमण मुक्त करने, पारंपरिक तरीकों से पेयजल वितरण को रोकने और जल नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों में क्लोरीन वितरित करने का भी आह्वान किया है।

पेरू में शॉपिंग मॉल की छत गिरी, छह की मौत

पेरु : पश्चिमोत्तर पेरू में एक शॉपिंग मॉल की छत गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 78 लोग घायल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में पेरु के रक्षा मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि शॉपिंग मॉल के ह्यफूड कोर्टह्व में जहां रेस्तरां एवं भोजनालय हैं। ला लिबर्टाड क्षेत्र के ट्रजिलो शहर में स्थित ह्यरियल प्लाजा ट्रूजिलोह्व शॉपिंग मॉल में छत पर गिर गई। इसके ढहने के बाद पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

इजराइल ने फलस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी

तेलअवीव : इजराइल ने कहा है कि सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि गाजा में बंधक बनाकर रखे गए और लोगों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती तथा बंधकों को अपमानजनक तरीके से सौंपना बंद नहीं किया जाता। बता दें कि हमास ने छह इजराइली बंधकों को शनिवार को रिहा कर दिया था। इसके तुरंत बाद 620 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना था लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। शनिवार को रिहा किए गए छह बंधकों में से पांच को नकाबपोश सशस्त्र चरमपंथी, भीड़ के सामने मंच पर लाए जिसके बाद उन्हें रिहा किया गया। बंधकों को सौंपे जाने के इस तरीके की संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने निंदा की है।

पोप फ्रांसिस की हालत बेहद खराब

रोम : पोप फ्रांसिस की हालत शनिवार को गंभीर हो गई और उन्हें लंबे समय तक दमा संबंधी सांस की समस्या बनी रही, जिसकी वजह से उन्हें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन की जरूरत हुई। वेटिकन ने एक बयान में कहा कि फ्रांसिस फेफड़ों के संक्रमण के कारण एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती हैं और जांच में पता चला कि उनमें एनीमिया की स्थिति है। फ्रांसिस (88) को 'ब्रोंकाइटिस' की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था और मंगलवार को डॉक्टरों ने उनके दोनों फेफड़ों में निमोनिया का इलाज किया। इसके साथ ही उनकी सांस नली में 'पॉलीमाइक्रोबियल' संक्रमण भी पाया गया था।

ट्रम्प की जीत से लेफ्ट हताश : मेलोनी

वॉशिंगटन : इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को लेफ्टिस्ट लीडर्स पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उनकी कड़ी आलोचना की है। मेलोनी ने कहा कि जब 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने ग्लोबल लेफ्ट् टस्ट लिबरल नेटवर्क बनाया तो उन्हें स्टेट्समैन कहा गया लेकिन जब ट्रम्प, मेलोनी, माइली (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति) या मोदी बात करते हैं तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है।

मोटापे की समस्या गम्भीर, 10 प्रतिशत कम करें खाद्य तेल का उपयोग : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम **'मन की बात'** में आधुनिक जीवन शैली से बढ़ती जा रही स्वास्थ्य समस्या के तौर पर मोटापे का विषय उठाया। उन्होंने इस संबंध में आमजन से अपने भोजन में खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कमी लाने की अपील की। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करने के माध्यम के तौर पर 10 लोगों को खाद्य तेल में कटौती से जुड़ी चुनौती देने की बात भी कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में आज मोटापे के विषय पर ओलंपिक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, निखत जरीन तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी से हुई बातचीत सुनाई। उन्होंने कहा कि खाने में तेल के कम उपयोग और मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत विषय नहीं है बल्कि यह परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। खानपान में तेल का अधिक इस्तेमाल दिल की बीमारियों, शुगर और उक्त रक्तचाप जैसी ढेर सारी बीमारियों की वजह बनता है। उन्होंने कहा कि खानपान में छोटे-छोटे बदलाव से हम हमारे भविष्य को मजबूत, सशक्त और रोग मुक्त बना सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10 प्रतिशत तेल कम उपयोग करेंगे। आप तेल की खरीद में 10 प्रतिशत की कमी लायेंगे। यह मोटापा कम करने की दिशा में अहम कदम होगा।'

प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण जैसे विषयों को लगातार उठाते रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने भारत के जीवंत पारिस्थितिक तंत्र की बात की। उन्होंने उन परंपराओं की जानकारी दी जिसके जुड़कर लोग वन्य जीवन और प्रकृति के संरक्षण को प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई शेर, हंगुल, पिग्मी हॉग और शेर-पूंछ वाला मकाक सारी दुनिया में कहीं और नहीं पाए जाते, यह सिर्फ हमारे देश में ही पाए जाते हैं। हमारे यहां वनस्पति और जीव-जंतुओं का एक बहुत ही जीवंत इको-सिस्टम है और ये हमारे यहां के जीव-जंतु, हमारे इतिहास और संस्कृति में रचे-बसे हैं।

हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री ने खेलों को प्रोत्साहित करते हुए 'मन की बात' में इस क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक खेल पावर हाउस बनने जा रहा है और इसमें हमारे खिलाड़ियों और खेलो इंडिया जैसे अभियान की बड़ी भूमिका है। इस संबंध में उन्होंने नए उभरते खिलाड़ियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोर चैंपियन की संख्या हैरान करने वाली है। उन्हें खुशी है कि भारत का युवा एथलीट समर्पण और अनुशासन के साथ भारत को वैश्विक स्पोर्टिंग पावर हाउस बनाने में तेजी से बढ़ रहा है।

हर बार की तरह इस बार भी 'नारी शक्ति' को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि आने वाले महिला दिवस पर वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (एक्स, इंस्टा, फेसबुक एवं अन्य) को देश की कुछ प्रेरणादायक काम करने वाली कुछ महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपेंगे। 8 मार्च को ये महिलाएं अपने कार्य और अनुभव को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। उन्होंने कहा कि यह मंच भले ही उनका होगा लेकिन इसमें बात उनके अनुभव, चुनौतियों और उपलब्धियों की होगी।

विदेश मंत्री ने विदेशी राजदूतों के साथ आईआईटी-बीएचयू के छात्रों से किया संवाद, कहा

राष्ट्र निर्माण के लिए परम्परा और तकनीक दोनों की जरूरत

■ भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का इस्तेमाल करने की अपार क्षमता

एजेंसी

वाराणसी : विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि ऐतिहासिक चुनौतियों पर काबू पाने के बाद भारत अब वैश्विक मंच पर अपना स्थान पुनः प्राप्त कर रहा है। साथ ही दुनिया भर में सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का इस्तेमाल करने की अपार क्षमता है। भारत की ताकत परंपरा और प्रौद्योगिकी, स्वतंत्रता और सहयोग, तथा राष्ट्रीय हित को वैश्विक सद्भावना के साथ संतुलित करने की क्षमता है।

विदेश मंत्री रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (आईआईटी बीएचयू) के मेधावी छात्रों से संवाद कर रहे थे। इसी सभागार में काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ संवाद के बाद विदेश मंत्री ने विद्यार्थियों को देश की विदेश नीति से अवगत कराया। उन्होंने पेरिस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का खास तौर पर उल्लेख किया। कहा कि भारत एआई से जुड़े सांस्कृतिक पूर्वाग्रह के मुद्दे का प्रभावी रूप से हल कर सकता है। उन्होंने छात्रों से सवाल जबाब के क्रम में विकासशील देशों को पारंपरिक विकास मॉडल से आगे निकलने में सक्षम बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को बताया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ आए 45 देशों के राजदूतों ने भी छात्रों के सवालों के जवाब दिए। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा वैश्विक आदान-प्रदान, बातचीत के लिए तत्पर है। उन्होंने छात्रों से अपने दैनिक जीवन में विदेश नीति के महत्व को पहचानने का आग्रह किया। छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और तकनीकी प्रगति दोनों को अपनाकर खुद को वैश्विक प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

भारत और ग्लोबल साउथ के लिए बन सकता है क्रांतिकारी शक्ति

इस दौरान चर्चा उपनिवेशवाद के उन्मूलन, आत्मनिर्भरता और वैश्वीकृत दुनिया में राष्ट्रों की उभरती भूमिका पर केंद्रित रही, जिसमें डॉ. जयशंकर, राजदूतों ने भी भागीदारी की। संवाद में जमैका के उप उच्चायुक्त ने उपनिवेशवाद के गहरे प्रभाव को बताया। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल को फिर से परिभाषित करने से वैश्विक सहयोग बढ़ सकता है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के आत्मविश्वास और क्षमता के महत्व पर जोर दिया। कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत और ग्लोबल साउथ के लिए अगली क्रांतिकारी शक्ति बन सकता है, जो समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देगा।

संवाद में राजदूतों ने भी पूरे उत्साह से की भागीदारी

आईआईटी बीएचयू के मेधावी छात्रों से संवाद में रवांडा के राजदूत, जमैका के उप उच्चायुक्त, तिमोर-लेस्ते के राजदूत, केन्या के राजदूत ने भी भागीदारी की और उनके सवालों का बखूबी जबाब दिया। इस दौरान केन्या के राजदूत ने अफ्रीकी देशों से औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया। उन्होंने रणनीतिक विकास, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नवाचार-आधारित सहयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत की प्रगति अन्य विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणा है।

सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी चार दिवसीय फ्रांस यात्रा पर रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली : थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से रविवार को फ्रांस की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। चार दिवसीय दौरे पर जनरल द्विवेदी फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ कई बैठकें करेंगे, जिनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बाद सेनाध्यक्ष की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मुलाकात में उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए फ्रांस के साझा दृष्टिकोण को सराहा था।

■ फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ कई बैठकों में सैन्य सम्बन्धों पर करेंगे चर्चा

सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी यात्रा के पहले दिन 24 फरवरी को पेरिस के लेस इनवैलिड्स में फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। दिन की शुरूआत गार्ड ऑफ ऑनर से होगी, जिसके बाद फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल पियरे शिलके साथ चर्चा होगी। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। यात्रा कार्यक्रम में पेरिस में प्रतिष्ठित सैन्य स्कूल और संस्थान परिसर इकोले मिलिटेयर का दौरा भी शामिल है, जहां सीओएएस को फ्यूचर कॉम्बैट कमांड के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जनरल द्विवेदी को फ्रांसीसी सेना के तकनीकी अनुभाग में जानकारी दी जाएगी और वे वर्सेल्स में बैटल लैब टेरे का दौरा करेंगे।

जनरल द्विवेदी 25 फरवरी कोमार्सिले जाएंगे, जहां वे फ्रांसीसी सेना की तीसरी डिवीजन का दौरा करेंगे और उन्हें तीसरी डिवीजन के मिशन और भूमिका, द्विपक्षीय अभ्यास शक्ति, भारत-फ्रांस प्रशिक्षण सहयोग और फ्रांसीसी सेना आधुनिकीकरण कार्यक्रम (स्कॉर्पियन) के बारे में जानकारी दी जाएगी।

फरीदाबाद रोड शो में बाल-बाल बचे सीएम नायब सैनी

फरीदाबाद : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा में एक बार फिर से सेंध का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री रविवार को फरीदाबाद में भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीन जोशी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। इस दौरान भीड़ से एक युवक ने सीएम की तरफ फूलों की माला फेंकी। गलती से फूलों की माला के साथ युवक के हाथ से मोबाइल भी गिर गया। युवक ने माला को इस हिसाब से फेंका था कि वह गाड़ी में सवार सीएम के गले में डले। युवक के हाथ से माला के साथ छूटा मोबाइल फोन सीएम की गाड़ी से टकराकर नीचे गिर गया। संयोग से मोबाइल फोन सीएम के मुंह पर नहीं लगा।

राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे पायदान पर

एजेंसी

रायपुर : नीति आयोग की ताजा जारी रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सूचकांक के मामले में ऊंची छलांग लगाई है। बेहतर स्वास्थ्य सूचकांक के शीर्ष राज्यों में छत्तीसगढ़ दूसरे पायदान पर आया है। यह राज्य की मजबूत वित्तीय नीतियों और स्थिर आर्थिक प्रबंधन को दशार्ता है। राजकोषीय स्वास्थ्य मूल्यांकन कर नीति आयोग ने जारी ताजा अध्ययन रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ 2022-23 की रैंकिंग में देश में दूसरे नंबर पर आया है। पांच अलग-अलग सूचकांकों के आधार पर जारी रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने 55.2 अंक प्राप्त किए। भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य के बारे में समझ विकसित करने के लिए

नीति आयोग ने यह पहल की है। उल्लेखनीय बात यह है कि छत्तीसगढ़ लगातार तीसरे साल देश में दूसरे नंबर पर रहा। नीति आयोग की रैंकिंग में देश के 18 प्रमुख राज्यों को शामिल किया गया। ये राज्य भारत की जीडीपी, छत्तीसगढ़ का खनिज से राजस्व जुटाने में लगातार अच्छा प्रदर्शन, जनसांख्यिकी, कुल सार्वजनिक व्यय, राजस्व और समग्र राजकोषीय स्थिरता में उनके योगदान के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं।

रेलवे ने प्रयाग के लिए चलायीं 05 अनारक्षित ट्रेनें

एजेंसी

नयी दिल्ली : शनिवार शाम को रेलवे ने नयी दिल्ली स्टेशन से प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलायीं, जिससे सप्ताहांत में बढ़ती भीड़ को संभालने में मदद मिली। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआरबी और उत्तर रेलवे (ठफ), उत्तर मध्य रेलवे (ठउफ) और उत्तर पूर्व रेलवे (ठएफ) के महाप्रबंधकों को भीड़ और टिकट बिक्री की निगरानी करने के निर्देश दिये। वास्तविक समय की निगरानी के आधार पर, उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलायीं। इसी तरह, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे ने प्रयागराज, झूसी और नैनी से भी विशेष ट्रेनें चलायीं। टिकट बिक्री और भीड़ की सतत निगरानी उच्च स्तर पर की जा रही है।

महाकुम्भ : प्रयाग में महाकुम्भ 2025 के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की यात्रा को देखते हुए ट्रेन सेवाओं में वृद्धि की गयी।

सुविधा : भारतीय रेलवे महाकुम्भ में आनेवाले तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने का निरन्तर प्रयास कर रहा है।

■ टिकट बिक्री की निगरानी प्रति घंटा की गयी

शनिवार शाम के दौरान, प्रयागराज के लिए टिकटों की बिक्री सामान्य से अधिक रही

18 :00 से 19 :00 बजे के बीच 2375 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 0470 ने 19 :00 बजे प्रस्थान किया।

19 :00 से 20 :00 बजे के बीच 2950 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04074 ने 20 :00 बजे प्रस्थान किया।

20 :00 से 21 :00 बजे के बीच 3429 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04080 ने 20 :58 बजे प्रस्थान किया।

21 :00 से 22 :00 बजे के बीच 2662 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04082 ने 21 :58 बजे प्रस्थान किया।

22 :00 से 23 :00 बजे के बीच 1689 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04084 ने 23 :15 बजे प्रस्थान किया।

तेलंगाना सरकार की वित्तीय हालत खस्ता

हैदराबाद : तेलंगाना में बजट सत्र से पहले पैसे की कमी है। पहले 297 करोड़ का फायदा होने वाला था, लेकिन जनवरी तक 26,050 करोड़ का घाटा हो गया। सरकार की जेब खाली हो रही है। अगर तीन बड़ी योजनाओं शुरू हो गई तो ये और भी बढ़ जाएगा। पहली योजना रायतू भरोसा है। इसमें किसानों को हर साल प्रति एकड़ 12 हजार मिलेंगे। दूसरी योजना इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा है। इसमें भूमिहीन मजदूरों को 12 हजार सालाना मिलेंगे। तीसरी योजना इंदिराम्मा इंदुलू है। इसमें बेघर लोगों को घर बनाने के लिए पांच लाख की मदद दी जाएगी। तेलंगाना सरकार ने जरुरत से ज्यादा कर्ज ले लिया है।

अब हॉलीवुड में दबंगई दिखायेंगे सलमान

मुंबई : बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान का नाम उन चुनिंदा स्टार्स में शामिल है, जिनसे फिल्मी दुनिया से जुड़े लोग सलाह लेते हैं। फिल्मों को लेकर उनकी समझ की हमेशा तारीफ की जाती है। हिंदी फिल्मों में वह एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दे चुके हैं। बॉलीवुड में अपनी धाक जमाने के बाद अब भाईजान हॉलीवुड में सिक्का जमाने चल पड़े हैं। बॉलीवुड के दबंग एक्टर सलमान खान की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। उनकी अपकमिंग फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। बीते कुछ समय से सलामन के हॉलीवुड में जाने की अटकलें चल रही थीं। अब शूटिंग सेट का एक वीडियो लीक हो गया है, जिसने सलमान के चाहने वालों की एक्साइटमेंट को

दोगुना कर दिया है। बॉलीवुड स्टार सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उन्हें फिल्म के सेट पर दबंग अवतार में दिखाया गया है। इस दौरान उनके गंभीर अंदाज ने लोगों को इंप्रेस करने का काम किया है। सलमान खान ने सफेद रंग का कोट-पैंट और नीले रंग की शर्ट पहनी हुई। इस दौरान वह एक सीन शूट करते नजर आ रहे हैं। फिलहाल वीडियो से सलमान के किरदार से जुड़ा कोई भी बात पता नहीं चल सकी है। एक यूजर ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मेगास्टार सलमान खान अपनी हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के लिए सऊदी अरब में हैं। इसके बाद प्रशंसक तो फिल्म का नाम जानने में भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी भारतीय भाषाओं को करीब आना होगा : डॉ. इकबाल

■ राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद का तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन सम्पन्न

एजेंसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद (एनसीपीयूएल) का इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 'विकसित भारत का विजन, उर्दू भाषा मिशन' शीर्षक के तहत आयोजित तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रो. गजनफर ने अपने भाषण में कहा कि यह सम्मेलन हर दृष्टि से बहुत सफल रहा और उद्घाटन कार्यक्रम से लेकर अंतिम सत्र तक उर्दू भाषा के सर्वांगीण विकास के संबंध में बहुत मूल्यवान बातें सामने आईं। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि इस सम्मेलन की विभिन्न बैठकों में देश-विदेश के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों ने उर्दू शिक्षा में सुधार, उर्दू लिपि के संरक्षण और समग्र विकास के लिए जो कहा है, उस पर हम व्यावहारिक कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि दैनिक तकनीकी सत्रों के साथ-साथ नृत्य और संगीत, मुशायरा और महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन भी इस सम्मेलन की एक विशिष्ट विशेषता रही जो उर्दू भाषा के उज्ज्वल और गौरवपूर्ण सांस्कृतिक पहलुओं को उजागर करती है। प्रोफेसर गजनफर ने उर्दू की तुलना गुलाब से की और कहा कि यह भाषा भारत की सांस्कृतिक विविधता को खूबसूरती से दर्शाती है।

परिषद के निदेशक डॉ. शम्स इकबाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उर्दू भाषा के ऐतिहासिक चरणों को देखने से पता चलता है कि

उर्दू एक लचीली और स्वीकार्य भाषा है, इसने हमेशा राष्ट्रीय सामाजिक और सांस्कृतिक जरूरतों को ध्यान में रखा है और वैज्ञानिक सोच को स्वीकार करने में संकोच नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि उर्दू को नए रुझानों के अनुरूप ढलना होगा और हमारे बुद्धिजीवियों को राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार रहना होगा। शम्स इकबाल ने कहा कि हमें अपनी भाषा को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, उर्दू का वर्तमान भी सुखद है और भविष्य भी संभावनाओं से भरा है।

डॉ. इकबाल ने कहा कि वर्तमान समय में भारत की विभिन्न भाषाओं के साहित्य का उर्दू में अनुवाद करना और उर्दू के अच्छे साहित्य का अन्य भाषाओं में अनुवाद करना आवश्यक है ताकि भारतीय भाषाओं के बीच की दूरी को कम किया जा सके।

अंत में डॉ. शम्स इकबाल ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अतिथियों, अपने सहयोगियों, शिक्षा मंत्रालय, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सम्मेलन के आयोजन में हर कदम पर सरकार के पूर्ण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

इससे पूर्व सुबह दस बजे सम्मेलन का पांचवां तकनीकी सत्र 'उर्दू कार्यों में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मूल्यों का प्रतिबिंब' शीर्षक के तहत आयोजित किया गया, जिसमें प्रो. मोहम्मद जमां आजुरदा और प्रो. आफताब अहमद आफाकी ने शोधपत्र पढ़ा। चर्चा में भाग लेने वालों में प्रो. मुश्ताक आलम कादरी, डॉ. अब्दुल्लाह इम्तियाज अहमद, डॉ. सूरज देव सिंह, डॉ. नाजिया बेगम जाफो खान और डॉ. बाल्मीकि राम थे जबकि सत्र की अध्यक्षता प्रो. एजाज अली अरशद और प्रो .मुजफ़्फर अली शहमीरी ने की।